e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 100

**सुविचार**
गलत लोग सबकी जिंदगी में आते है, लेकिन ये लोग हमेशा सही सबक देके जाते है!

# प्रभात मंत्र

शनिवार
12.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### कचौड़ी की दुकान पर जीएसटी विभाग ने तीन घंटे की जांच

**लखनऊ :** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित बाजपेई कचौड़ी भंडार की दुकान पर शुक्रवार को जीएसटी विभाग की टीम ने छापा मार कर मशीनें जब्त की हैं। अधिकारी आमदनी से जुड़े बिल की जांच में जुटे हैं। महिला अधिकारी सहित 10 लोगों की टीम दुकान के बाहर ही बैठकर पूछताछ की है। जीएसटी में उपायुक्त परितोष मिश्र ने पत्रकारों से कहा कि बाजपेई कचौड़ी भंडार की दुकान पर डेली बिल की जांच की गई है। गड़बड़ी की सूचना पर जांच की गई है और फिलहाल तीन घंटे की जांच के बाद टीम ने आवश्यक कागजात सहित वापसी की है। आगे जांच पड़ताल जारी रहेगी। मशहूर कचौड़ी भंडार के दुकान मालिक घनश्याम बाजपेई हैं। दुकान पर सुबह से देर शाम तक होने वाली आमदनी से जुड़े मामले को लेकर जीएसटी की टीम पहुंची है। बीते वर्ष 2024 में बाजपेई कचौड़ी भंडार में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ था।

### डेबरा में अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, ट्रक से 387 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद

**कोलकाता :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के डेबरा थाना क्षेत्र से पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 99 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने शुक्रवार शाम इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार रात एसटीएफ की एक टीम ने डेबरा थाना अंतर्गत सोनालिका होटल के पास छापेमारी की। इस दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था। ट्रक की गहन तलाशी के दौरान उसमें रखे तरबूज के नीचे बोरियों में छिपाकर रखा गया कुल 387 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जांच में पता चला है कि यह गांजा ओडिशा से लाकर पश्चिम बंगाल में बेचने की योजना थी। पुलिस ने मौके से आरोपित रबिन घोष (38) को गिरफ्तार किया जो पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा बाजार का निवासी है।

### हजारीबाग : 50 लाख का अवैध शराब बरामद

**हजारीबाग :** हजारीबाग में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। दारू थाना क्षेत्र के कनजीया में की गई छापेमारी में करीब 50 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद हुई है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। कुछ दिन पहले भी इसी क्षेत्र से करोड़ों रुपए की अवैध शराब बरामद हुई थी। सहायक आयुक्त ने बताया कि उसी समूह के लोगों ने फिर से अवैध शराब का भंडारण किया था।उत्पाद विभाग आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। रहा है। विभाग ने इस मामले में शामिल लोगों की पहचान शुरू कर दी है। सहायक आयुक्त ने कहा कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अवैध शराब के खिलाफ विभाग का अभियान जारी रहेगा। इस घटना से हजारीबाग जिले में अवैध शराब के कारोबार की पोल खुल गई है।

### पलामू में पकड़ी गई भूटान जा रही 58 लाख की नकली शराब बरामद

**पलामू :** पलामू पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय शराब तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पलामू की चैनपुर पुलिस ने गोवा से भूटान जा रहे एक ट्रक (यूपी 50 डीटी 8407) को पकड़ा। इस ट्रक में 1200 कार्टन में 14400 बोतल नकली अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। इसकी कीमत 58 लाख रूपए बतायी गयी है। एक बोतल की कीमत 400 आंकी गयी है। शराब नकली मिली है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार शाम इसकी पुष्टि की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग का ट्रक गढ़वा से मेदिनीनगर की ओर नकली शराब ले जा रहा है। पुलिस ने मंगरदाहा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से ट्रक को जब्त कर लिया। सभी कागजात और बोतलों की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। ट्रक महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ होते हुए झारखंड में घुसा था। पुलिस ने ट्रक चालक जीतेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

---

वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू जयंती के पर आयोजित समारोह में शामिल हुए सीएम, कहा

# अब बुजुर्ग व विधवाओं को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ता

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से मजबूती प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता
- गरीब, मजदूर, किसान और असहाय को सशक्त बनाने हेतु सरकार प्रतिबद्ध
- शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में हो रहें निरन्तर कार्य

मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम में साहिबगंज, पाकुड़ एवं गोड्डा जिले को दी बड़ी सौगात, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण, सौंपा नियुक्ति पत्र





**नवीन चौधरी @ प्रभात मंत्र**

**बरहेट (साहिबगंज) :** हमारे पूर्वजों ने आदिवासी-मूलवासी के हक और अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। वीर शहीदों ने अपने प्राण त्याग कर जल-जंगल- जमीन को बचाने का कार्य किया है। आज हमारी सरकार वीर शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर पूरा मान-सम्मान और अधिकार दे रही है। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से मजबूती प्रदान की जा रही है। परन्तु आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। जहां आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग दशकों से हाशिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा है। लेकिन हमारी सरकार इन्हें प्रत्येक दिशा से मजबूती प्रदान करने हेतु प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू जयंती के शुभ अवसर पर पवित्र भूमि भोगनाडीह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार अबुआ सरकार है। वर्ष 2019 में सरकार गठन के बाद हमारी सरकार राज्य के गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़ों को सशक्त बनाने का निरंतर कार्य कर रही है।

राज्य के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जहां राज्य के सरकारी कर्मचारी आपके पंचायत- पंचायत जाकर आपकी समस्याओं के समाधान हेतु आपके द्वार तक पहुंचा है। पूर्व के दिनों में बूढ़े - बुजुर्ग को पेंशन या राशन कार्ड बनवाने हेतु अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परंतु आज राज्य के बूढ़े - बुजुर्ग और विधवाओं को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाए बिना ससमय पेंशन मिल रहा है।

### शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में हो रहा है कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक क्षेत्र में राज्य के गरीब बच्चे उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा हासिल कर रहे है। किसान, मजदूर एवं गरीब तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन हेतु आज लंबी लाइन लगानी पड़ती है। प्रवेश परीक्षा में हजारों की संख्या में बच्चे शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा हमारी सरकार आज मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप 2025 के माध्यम से प्रति वर्ष कुल 25 छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने साहिबगंज,पाकुड़ एवं गोड्डा जिले को दी इन योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 43785.760 लाख रुपए की कुल 507 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 21399.318 लाख रुपए की 361 योजनाओं का उद्घाटन और 22386.442 लाख रुपए की 147 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कुल 314279 लाभुकों के बीच 13092.426 लाख रुपए की परिसंपत्तियां एवं लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान की।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक हेमलाल मुर्मू , विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरिक्षक क्रांति कुमार गाडिदेशी और साहिबगंज,पाकुड़ एवं गोड्डा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

---

# संथाल में भाजपा को लगा झटका

35 साल बाद दोबारा झामुमो में शामिल हुए ताला



**तौकीर राज़ @ प्रभात मंत्र**

**साहिबगंज :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह दो बार विधायक रह चुके ताला मरांडी 35 साल बाद दोबारा झामुमो में पार्टी में आए। ताला मरांडी ने प्रभात मंत्र अखबार के संवाददाता से बातचीत में बताया कि वे भागलपुर में कॉमर्स की पढ़ाई के दौरान ही सामाजिक कामों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। 1990 में झामुमो में शामिल हुए थे और तत्कालीन झामुमो प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम के साथ कदम से कदम मिलाकर चुनाव लडाया और जीताया।

इसके बाद 1993 में कांग्रेस में शामिल हुए। वर्ष 1995 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर बोरियो विधानसभा सीट से चुनाव लड़े। लेकिन असफलता हाथ लगी। दोबारा वर्ष 2000 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े। लेकिन सफल नहीं हुए। वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) में भाजपा में शामिल हो गए। वर्ष 2004 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से बोरियो सीट पर चुनाव लड़ा और जीतकर पहली बार विधायक बने। इसके बाद दोबारा 2014 में बोरियो विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बने। वर्ष 2019 में भाजपा ने टिकट नही दी तो आजसू से चुनावी मैदान में उतरे। बाद में दोबारा भाजपा में शामिल हुए। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजमहल सीट पर प्रत्याशी बनाया। लेकिन सफलता नहीं मिली। ताला मरांडी कहते है कि उन्होंने हमेशा झारखंड की बेहतरी का सपना देखा है। इसी वजह से अबुआ सरकार की झारखंड में विकास के कार्यों को देखते हुए उन्होंने झामुमो में शामिल हुए है और अपनी सेवा समाज और राज्य को देकर विकास की गाथा में अपनी भागीदारी बनायेंगे। बता दें कि संथाल परगाना क्षेत्र में ताला मरांडी को भाजपा छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने से भाजपा को जोर का झटका लगा है। ताला मरांडी भारतीय जनता पार्टी के संथाल परगाना क्षेत्र में एक कद्दावर नेता रहे थे। भाजपा नेतृत्व में इन पर भरोसा करते हुए प्रदेश का कमान भी दिया था। अब जबकि ताला मरांडी भाजपा को अलविदा कह दिए हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि संथाल परगाना क्षेत्र में भाजपा कमजोर होगा।

---

# मैं काशी का हूं और काशी मेरी : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने वाराणसी को दिया तीन हजार करोड़ की सौगात



**एजेंसी**

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया.इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा,काशी ने उज्जवल भविष्य बनाने की तरफ कदम रखे हैं. हमारी काशी अब पुरातन ही नहीं, प्रगतिशील में है. मैं काशी के प्रेम का कर्जदार हूं. अब काशी पूर्वांचल के आर्थिक केंद्रबिंदु में है. जिस काशी को स्वयं बाबा चलाते हैं वो पूर्वांचल की आर्थिक रस्सी को खींच रही है. प्रधानमंत्री ने कहा,आज काशी में ढेर सारी परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है. कनेक्टिविटी को लेकर अनेक प्रोजक्ट, नल से जल का अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य और के सुविधाओं का विस्तार और हर क्षेत्र, परिवार और युवा को बेहतर सुविधाओं देना का संकल्प. ये सारी योजनाएं पूर्वांचल को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर बनने जा रही हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले,इन योजनाओं से काशी के हर निवासी को लाभ मिलेगा, इसके लिए काशी और पूर्वांचल को बधाई. महात्मा फुले और सावित्री बाई फुले जी ने जीवन भर नारी शक्ति के आत्मविश्वास और उनके समाज कल्याण के लिए काम किया. आज हम उनके संकल्पों को आगे बढ़ा रहे हैं.प्रधानमंत्री ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है. इसमें 10 साल में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. ये सफलता देश के करोड़ों किसानों की है, पशुपालक भाई-बहनों की है. ये सफलता एक दिन की नहीं है. उन्होंने कहा कि हम देश के सारे डेयरी सेक्टर को मिशन मोड में आगे बढ़ा रहे हैं.

---

# तालाब में नहाने गई चार बेटियों की डूबने से मौत

**कमलेश सिन्हा @ प्रभात मंत्र**

**गढ़वा :** गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया गांव स्थित नदी आरा टोला में एक दर्दनाक हादसा हो गया। तालाब में स्नान करने के दौरान दो नाबालिग सहित चार युवतियों की मौत डूबने से हो गई। मृतक युवतियों में दो पलामू जिले की हैं जो एक छठी के कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थीं। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया है।

मृतकों में हरैया गांव निवासी चंदन सिंह की 10 वर्षीय पुत्री लाडो सिंह, जितेंद्र सिंह की 22 वर्षीय पुत्री अंकिता सिंह, पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र निवासी विशिष्ट सिंह की 18 वर्षीय पुत्री रोमा सिंह और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के निवासी अभिषेक सिंह की 15 वर्षीय पुत्री मीठी सिंह बताए जा रहे हैं। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मीठी और रोमा छठी के कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर आई थीं। शुक्रवार को लाडो, अंकिता, मीठी, रोमा और मीठी का भाई मिलकर पास के तालाब में स्नान करने गए थे। बताया जाता है कि गहरे पानी में एक-एक कर चारों युवतियां डूबने लगीं। मीठी का भाई जैसे-तैसे बाहर निकलकर घर पहुंचा और परिजनों को सूचना दी, लेकिन जब तक मदद पहुंचती, तब तक देर हो चुकी थी।



आनन फानन में में परिजनो ने किसी तरह सभी को निकाला और सभी को लेकर गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने सभी चारो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, और थाना प्रभारी बृज कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिजनो से मुलाकात कर संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

---

## चीन ने अमेरिकी सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर किया 125 फीसदी

**एजेंसी**

**बीजिंग :** अमेरिका की ओर से चीन की वस्तुओं पर 145त्र टैरिफ लगाने पर अब चीन ने पलटवार किया है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिका से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया।चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि चीन ने आयातित अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। चीन ने इससे पहले अमेरिकी उत्पादों पर 84 प्रतिशत टैरिफ का एलान किया था।वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। उधर, नए अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार चीन पर कुल व्यापार शुल्क 145 प्रतिशत है। इससे पहले चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था और कुछ अमेरिकी फिल्मों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था तथा इस मुद्दे को सुलझाने के लिए वाशिंगटन के साथ बातचीत करने में अपनी रुचि व्यक्त की थी। चीन एकमात्र देश है जिसने ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी हाल ही में दुनिया के अलग-अलग देशों से अलग-अलग टैरिफ वसूलने का ऐलान किया था। ट्रंप ने शुरुआत में चीन पर 34 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, जिसके बाद चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगा दिया था। यहीं से दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर की शुरुआत हुई थी। इसके बाद ट्रंप ने चीन को धमकी दी थी कि अगर उन्होंने जवाबी टैरिफ नहीं हटाया तो अमेरिका उन पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा देगा, यानी कुल 84 प्रतिशत।



---

## ईडी को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नागरिक पूर्ति निगम घोटाले के मामले को छत्तीसगढ़ से दिल्ली ट्रांसफर करने की याचिका पर ईडी को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडी को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में सोचना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने ईडी से पूछा कि उसने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत व्यक्तियों के लिए रिट याचिका कैसे दायर की? अनुच्छेद 32 व्यक्तियों को उनके मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार देता है। इसके बाद अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और कहा ईडी के पास भी मौलिक अधिकार हैं। इस पर पीठ ने कहा कि अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार हैं, तो उसे लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। इसके बाद अदालत ने राजू को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल दावा किया था कि पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा ने छत्तीसगढ़ में मामले में दी गई अग्रिम जमानत का दुरुपयोग किया है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ran[...] Road, [...] Dhanbad
PR NO.349815 (IPRD) 25-26

# चैनपुर पुलिस ने पकड़ा भूटान जा रही 58 लाख की नकली शराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर पुलिस ने गोवा से भूटान जा रहें एक ट्रक (यूपी 50 डीटी 8407) को पकड़ा। इस ट्रक में 1200 कार्टन में 14400 बोतल नकली अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। इसकी कीमत 58 लाख रूपए बतायी गयी है। एक बोतल की कीमत 400 आंकी गयी है। शराब नकली मिली है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग का ट्रक गढ़वा से मेदिनीनगर की ओर नकली शराब ले जा रहा है। पुलिस ने मंगरदाहा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से ट्रक को जब्त कर लिया। सभी कागजात और बोतलों की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। ट्रक महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ होते हुए झारखंड में घुसा था। पुलिस ने ट्रक चालक जीतेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है। वह उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के उच्चवों थाना के तरवांका रहने वाला है। पूछताछ में उसने शराब तस्करी गिरोह के तीन सदस्यों का खुलासा किया है। इस गिरोह में जमशेदपुर के सीतारामडेरा से नीरज गुप्ता और प्रकाश राम शामिल हैं। बिहार के गया जिले के डुमरिया से बसंत गुप्ता उर्फ भंडारी भी इस गिरोह के सदस्य हैं। पुलिस इन तीनों की भूमिका की जांच कर रही है। कार्रवाई टीम में सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, अनिल विद्यार्थी, पंकज कुमार तिवारी, स.अ.नि. बिनोद कुजूर, रामचंद्र चौधरी के अलावा आरक्षी सुधीर कुमार पाण्डेय, राजकिशोर राम, शैलेन्द्र कुमार एवं तकनीकी शाखा, पलामू शामिल थें।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत मे 3 साल से खराब पड़ा है जल मीनार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** जिले के बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम स्थित विगत तीन वर्षो से मशीन में खराबी आने से खराब पड़ा जल मीनार, यह जल मीनार एक घनी बस्ती के बीच लगाई गई थी इसे लगाने का मुख्य उद्देश्य घर-घर तक पानी की किल्लत को दूर की जा सके। अगर बात करें जिला पदाधिकारी से लेकर प्रखंड पदाधिकारी की तो इसका शुद्ध लेने वाला पंचायत प्रतिनिधि भी नहीं, अगर देखा जाए तो सरकार की अच्छी खासी मोटी रकम जल मीनार लगाने में खर्च की गई थी फिर भी साफ तौर पर कहीं ना कहीं कहां जाए तो सरकारी रुपए का दुरुपयोग करना साबित हो रहा है। इस जल मीनार को लेकर अकबार में कई बार खबर भी छपा गया इसके बावजूद भी मेंटेनेंस कार्य नहीं होने से बंद पड़ा है जल मीनार।

### आर्टिगा कार व टेम्पू में हुई टक्कर, पांच घायल, दो की हालत नाजुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत बी मोड़ के पास शुक्रवार को आर्टिगा व टेम्पू में आमने-सामने की टक्कर हो गयी. जिससे पांच लोग घायल हो गये. जिसमें से दो की हालत नाजुक बनी हुयी है.जानकारी के अनुसार बी मोड़ चौक पर आर्टिगा कार बिश्रामपुर की ओर जा रहा था इसी बीच सामने से आ रही एक तेज रफ्तार टेम्पू से उसकी टक्कर हो गयी. जिसमे सिगसिगी के आकाश कुमार, महाराणा प्रताप सिंह, वर्षा कुमारी, अनिल कुमार सिंह व बंशी मेहता घायल हो गये. स्थानीय लोगो ने सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया. जहां सभी का प्राथमिक उपचार हुआ. बंशी मेहता व अनिल कुमार सिंह के गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया।

# ट्रैक्टर एवं स्कूटी में भीषण टक्कर, स्कूटी सवार की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर फोर लाइन सड़क पर स्कूटी और ट्रैक्टर में टक्कर से एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। छतरपुर मे फोर लाइन सड़क निर्माण के बाद सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं छतरपुर अधिकारियों के पहल से दुर्घटना से बचने के लिए सड़क पर कुछ जगह बारगेटिंग लगाया गया है लेकिन फिर भी सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है शुक्रवार के दोपहर 11बजे करमाकला महिंद्रा पेट्रोल पंप के निकट ट्रैक्टर और स्कूटी में जोरदार टक्कर हो गई। लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर और स्कूटी (जेएच 03 एपी 1800) एक दूसरे की विपरीत लेन से गुजर रहे थे अचानक ट्रैक्टर डिवाइडर क्रॉस करते हुए दूसरे लेन पर गुजर रही स्कूटी से टक्कर हो गई जिसमें घटनास्थल पर ही स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक को ग्रामीणों के सहयोग से छतरपुर अनुमंडल अस्पताल भेजा जहां उसे इलाज कर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में मृतक युवक अंकुश यादव 26 वर्षीय पिता शिव यादव ग्राम तेलाड़ी का रहने वाला था जिसे अगले महीने उसकी शादी होने वाली थी। वहीं घायल युवक विजय यादव 25 वर्षीय ग्राम तेलाड़ी का ही रहने वाला है दोनों छतरपुर से शॉपिंग कर अपने घर स्कूटी से जा रहा था दुर्घटना की खबर मिलने पर परिजन सहित तेलाड़ी गांव से सैकड़ो लोग घटनास्थल पहुंचकर औरंगाबाद - डाल्टेनगंज मुख्य सड़क फोर लाइन को जाम कर दिया सड़क जाम सूचना मिलने छतरपुर अधिकारी प्रशासन पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझने एवं सरकारी मुआवजा की घोषणा करने के बाद लोगों ने जाम हटाया। औरंगाबाद डाल्टनगंज मुख्य सड़क 3 घंटे तक जाम रहने से छोटी बड़ी गाड़ियों की लम्बी लाइन लग गई जिसमे आने जाने वाले छोटे बच्चे और महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा घटनास्थल पर छतरपुर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, छतरपुर इंस्पेक्टर द्वारिका राम सहीत छतरपुर थाना पुलिस बल के प्रयास से जाम हटाया गया। वही क्षतिग्रस्त स्कूटी, ट्रैक्टर, शव को अपने कब्जे में लेकर छतरपुर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# पिकअप का धक्का लगने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के छतरपुर -नौड़ीहा बाजार थाना के सीमावर्ती क्षेत्र के सोहर मोरहर नदी के पुल के पास मड़वा पंचायत के नाशो गाँव के निवासी विन्देशर यादव उर्फ फौदी यादव को गुरूवार के संध्या करीब 7बजे नौड़ीहा बाजार की ओर से आ रही पिकअप की चपेट मे मौत हो गई। मृतक के परिजन ने बताया कि अपनी घर के पास जानवर को बांध कर नदी के तरफ शौच जा रहे थे इसी क्रम दिशाविहीन पिकअप ने रौंद दिया। घायलवस्था में विन्देशर यादव को ग्रामीणों की सहयोग छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुँचाया गया व गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर गया अस्पताल पहुंचने बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।शव के अत्यंत परीक्षण के बाद शव को परिजन को सौप दी। मृतक के पैतृक गाँव नाशो के सोरहर मोरहर नदी के तट अंतिम दाह संस्कार किया गया। घटना स्थल पर पहुंचकर छतरपुर पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर आगे की करवाई कर रही है। गाडी संख्या बीआर 02GB 9755 है। मौके पर पूर्व मुखिया कमलेश राम, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, अनिल यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, राजू यादव,पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, मनोज राम के अलावा रामधार यादव अन्य लोग मौजूद थे।

# पोषण पखवाड़े में स्कूली बच्चों ने पढ़ा स्वच्छता का पाठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पोषण पखवाड़ा में हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वच्छता अभियान के प्रति लगातार रेस में शामिल जलसहिया ने गंदगी से निजात दिलाने का संकल्प जारी रखा है। शुक्रवार को मोकहर कला पंचायत के कुड़वा खर्द में ग्रामीण मुस्लिम महिलाओं के साथ जलसहिया शबीना खातून ने बैठक कर गांव में गंदगी फैलने को लेकर तौबा किया है। वहीं परता पंचायत में नन्हें स्कूली बच्चों को कचरा स्कूल सहित आसपास क्षेत्र में नहीं फेंकने का पाठ पढ़ाया गया है। इस प्रखंड में खुशी इस बात को लेकर आई है कि इनकी सक्रियता व बेहतर भूमिका पर संबधित गांव व पंचायत के प्रतिनिधि सहित ग्रामीण भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना शुरु किया है। स्वच्छता एवं जल मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने कहा कि उनके मार्गदर्शन, मूल्यांकन व प्रोत्साहन से जलसहियाओं में वर्षो बाद काफी उत्साह का सृजन हो सका हैं। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय में जागरुकता लाने में विद्यार्थियों, शिक्षक व प्रबुद्ध ग्रामीणों का भी सहयोग जलसहियाओं को मिल रहा है। मवि परता में प्रधानाध्यापक शशि पांडेय ने छात्रों के बीच पोषण व कुपोषण पर विस्तृत चर्चा की। हैदरनगर (पूर्वी), परता, चेलाडीह की जलसहिया सुनैना देवी, गीता देवी व मीना देवी ने शौचालय उपयोग जबकि सेविका फुलकुमारी ने हाथ धुलाई से लाभ हानि पर प्रकाश डाला है।

# जपला आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में चलाया जन जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ ने यात्रियों के बीच यात्री सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा प्लेटफार्म संख्या एक और दो के यात्रियों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जन जागरूकता अभियान के माध्यम से यात्रियों को यात्रा के दौरान ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकने पर ही प्लेटफार्म साइड में उतरने एवं चढ़ने की नसीहत दी गयी। महिला, विकलांग एवं आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा ना करने, किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन मे यात्रा ना करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, यात्रा के दौरान ट्रेन के छत,पायदान एवं दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा ना करने, यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर-139 पर संपर्क करने की बात कही।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव के साथ चैत्र पूर्णिमा का होगा समापन : पं. कुंडल तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** श्री हनुमान जन्मोत्सव प्रतिवर्ष दो बार मनाये जाने की परंपरा चली आ रही है। चैत्र पूर्णिमा जबकि दूसरा जन्मोत्सव कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाया जाता है। ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने चर्चा के दौरान कहा कि श्री हनुमान का दूसरा जन्मोत्सव भगवान ब्रह्मा ने दिया था। किन्तु इनका प्रतिवर्ष दोनों जन्मोत्सव काफी विशेष माना जाता है। उन्होंने कहा कि पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा को उनका जन्मकाल व कार्तिक मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को ब्रह्मा जी द्वारा प्राप्त जीवन का उल्लेख किया गय है। उन्होंने कहा कि सूर्य को ग्रसने के समय देवराज इन्द्रदेव के वज्र प्रहार से मुर्क्षित होने से पवन देव रुष्ट होने के बाद ब्रह्मा जी द्वारा हनुमान जी ने पुन- जीवन प्राप्त किया। इससे सभी देवता उनके दर्शन के लिये आये तो सभी ने वरदान दिया। पृथ्वीलोक में सात चिरंजीव में श्री हनुमान भी शामिल हैं। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी का जन्मोत्सव पूजा - पाठ, अनुष्ठान व दर्शनार्थ मनाया जाता है। इस वर्ष 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाई जायेगी। जो 12 अप्रैल को प्रात- 3. 21 बजे से पूर्णिमा तिथी 13 अप्रैल को प्रात 5. 51 बजे समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि कर्ज में डूबे, शनि की साढ़ेसाती,अढैया व प्रेतबाधा से ग्रस्त लोगों को नियमित हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का शुद्ध होकर नित्य पाठ करना चाहिये।

# ई-आईएमएनसीआई एप का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद में ई-आईएमएनसीआई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीएचओ, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षक के तौर पर प्रशिक्षण राज्य प्रतिनिधि आरिफ हुसैन उपस्थित थे। उन्होंने दो दिवसीय प्रशिक्षण में बताया कि ई- आईएमएनसीआई, एप्लीकेशन में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर और बिमारियों को कम करने के उद्देश्य से यूनीसेफ और विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा बनाए गए दिशानिर्देश दिए गए हैं। ई-आईएमएनसीआई के मुख्य चरणों के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों को गाईड करता है। यह एप्लीकेशन स्वचालित रुप से बिमारियों को आंकलन करने में, वर्गीकृत करने में, उपचार की पहचान करने में, ईलाज और समुचित परामर्श सेवा देने में, टीकाकरण ओर पोषण सम्बन्धित स्थिति की जांच करने में एवं अन्य उचित कार्रवाई करने में मदद करता है। साथ ही फोलो अप करना सुनिश्चित करता है। उसका उद्देश्य नवजात एवं बाल्यावस्था रोग के भारतीय एकीकृत प्रबंधन आईएमएनसीआई कार्यक्रम का मूल्यांकन करना है, जो नवजात शिशु की देखभाल के लिए घर पर जाकर बच्चों की बीमारी के बेहतर उपचार को एकीकृत करता है। ताकि इसके विस्तार के बारे में जानकारी मिल सके। नवजात शिशु और बचपन की बीमारी का एकीकृत प्रबंधन) एक व्यापक स्वास्थ्य ऐप है। जिसे माता- पिता और देखभाल करने वालों को अपने नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रबंधन में सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन है।उन्होंने बताया कि इसे 1990 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और अन्य एजेंसियों द्वारा अपनाया गया था। भारत ने भी आईएमएनसीआई को अपनाया था। यह बच्चों के दो समूहों का प्रबंधन करता है। 0 से 2 महीने एवं 2 महीने से 5 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। एप में बताया गया है कि बच्चे का डिटेल्स अंकित करने पर अगर इंडिकेटर गुलाबी बताता है तो बच्चे को तत्काल अस्पताल परामर्श या प्रवेश की आवश्यकता है। पीला बताता है तो विशिष्ट चिकित्सा उपचार या सलाह की आवश्यकता है। जबकि हरा बताने पर घर पर प्रबंधित किया जा सकता है। प्रशिक्षण के समापन के मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार, एमपीडब्ल्यू अशोक कुमार के अलावा सीएचओ, एएनएम समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# वक्फ बील स्वीकार नहीं, सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेंगे लड़ाई : फजायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** वक्फ बिल काला कानून है।सरकार के द्वारा मुस्लिम समुदाय की जमीन को हड़प कर पूंजी पतियों के देने का सोची समझी साजिश है। उक्त बातें चैनपुर पूर्वी के जिप सदस्य फजायल अहमद ने कहीं। वे शुक्रवार को नेउरा चौक पर वक्फ बिल के खिलाफ निकाला गया विरोध जूलूस व पुतला दहन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम इस कला बिल को स्वीकार नहीं करेंगे। मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क से लेकर सदन तक सदन से लेकर न्यायालय तक इसकी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा इसके समर्थन में नीतीश कुमार की पार्टी,चंद्रबाबू नायडू की पार्टी,चिराग पासवान की पार्टी,जयंत चौधरी की पार्टी,जीतन राम मांझी की पार्टी,जो खुद को मुस्लिम के हमदर्द बताती है। वोट मुसलमानों से लेती है और मुसलमानों के खिलाफ इस बिल का समर्थन करती है । इन नेताओं का दोहरा चरित्र को दर्शाया है। आने वाले वक्त में मुस्लिम समुदाय इन जैसे नेताओं को भी सबक सिखाएगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सहित चंद्रबाबू नायडू नीतीश कुमार जयंत चौधरी चिराग पासवान जीतन राम मांझी का पुतला दहन किया गया वह उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर नेउरा अंजुमन इस्लाम कम्युनिटी के सदर अब्दुल मोतलिब ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार सिर्फ मुसलमान को परेशान करने के लिए किस प्रकार के कानून लाई है। ताकि वह मुसलमान की जमीन को छीन कर अपनी पूंजीपति दोस्तों को दे सके इसका मकसद सिर्फ मुसलमान को कमजोर करने की नीयत से है हम इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर नेउरा जामा मस्जिद के इमाम इम्तियाज कादरी मौलाना शौकत अली, अयूब अंसारी, लुकमान अंसारी, कासिम अंसारी, अब्दुल गफ्फार, सद्दाम अंसारी, मुख्तार अंसारी, अब्दुल रऊफ, डॉ रईस, जमीर अंसारी, सोहेल अंसारी ,ताज अंसारी,जहुर अंसारी, आफताब अंसारी, कौशर अंसारी, ताजुल अंसारी, फखरुद्दीन अंसारी, तैयब अंसारी, शाहिद आसपास के काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लिए बांधकर विरोध मार्च निकले।

# सगमा प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा में घमासान, नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को हटाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को लेकर सगमा प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा में घमासान मच गया है। कार्यकर्ताओ ने पूर्व मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर को पत्र सौप कर उन्हें हटाने की मांग किया है।बताते चले की सगमा प्रखंड में झामुमो गठन के समय जय गोपाल यादव को झामुमो ने प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया था। मगर पिछले तीन अप्रैल को जिला संयोजक मंडली द्वारा सगमा निवासी सह सहायक शिक्षक हरिदास यादव को नया प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसे लेकर सगमा प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष देखा जा रहा है। इस क्रम में झामुमो के द्वारा निवर्तमान प्रखण्ड अध्यक्ष जय गोपाल यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को पूर्व मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर से मुलाकात कर प्रखंड अध्यक्ष को हटाने संबंधी पत्र सौपा है। उक्त पत्र में कहा गया है की सगमा प्रखण्ड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक सौ सक्रिय सदस्य है मगर इनके राय लिए बिना जिला संयोजक मंडली द्वारा सहायक शिक्षक हरिदास यादव को प्रखण्ड अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। जिससे सगमा प्रखण्ड के झामुमो कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष देखा जा रहा है। एक सहायक शिक्षक को प्रखण्ड अध्यक्ष बनाए जाने से विद्यालय का पठन पाठन बाधित होने के साथ पार्टी को भी भारी नुकसान हो सकता है। इसे देखते हुए केंद्रीय नेतृत्व से आग्रह किया गया है की इस नियुक्ति की अविलंब रद करते हुए प्रखंड कार्यकर्ताओं से राय लेकर प्रखंड अध्यक्ष की नियुक्ति किया जाये। पत्र में अमिताभ यादव सहित लगभग साठ से अधिक कार्यकर्ताओं का हस्ताक्षर शामिल है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई भगवान महावीर जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों, आचार्यों और अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसबीआई सगमा शाखा के श्री जनार्दन प्रसाद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा भारत माता, मां शारदे, ओम तथा भगवान महावीर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भगवान महावीर ने अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका संदेश आज भी समाज को नैतिक मूल्यों की ओर ले जाने वाला है।÷भैया अर्णव पांडे ने अपने प्रभावशाली भाषण में भगवान महावीर की जीवन गाथा को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान के तप, त्याग और केवलज्ञान की प्राप्ति को छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। आचार्या नीति कुमारी ने अपने बौद्धिक सत्र में भगवान महावीर की शिक्षाओं को आत्मसात करने का आग्रह करते हुए कहा कि, उनका जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडग्राम में हुआ था। 30 वर्ष की उम्र में उन्होंने संन्यास धारण किया और 12 वर्षों की कठोर तपस्या के उपरांत उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई। जैन धर्म में उनके उपदेशों को धरोहर की तरह माना जाता है।उन्होंने जैन धर्म के पाँच मुख्य व्रत – अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह – की व्याख्या करते हुए उनके सामाजिक महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि जनार्दन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, इस पावन अवसर पर भागीदारी करके आत्मिक संतोष मिला। भगवान महावीर के आदर्शों को यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन सुधरेगा, बल्कि समाज भी समृद्ध होगा।मौके पर विद्यालय के सभी आचार्यगण, दीदीजी एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे। अंत में सभी ने भगवान महावीर की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का क्रा दादी जिले का दौरा

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के क्रा दादी जिले का आधिकारिक दौरा किया, जहाँ उन्होंने कई विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय समुदाय से संवाद किया। केंद्रीय मंत्री का पारंपरिक गीतों और स्थानीय कलाकारों द्वारा पोषण अभियान पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गर्मजोशी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्वागत किया गया। इस नाटक ने पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को उजागर किया।7वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के हर कोने तक विकास पहुँचाने की केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सरकार की प्रमुख नीति फ्रसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासफ्र को रेखांकित करते हुए कहा, फ्रराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकार देश के सभी आकांक्षी जिलों में विशेष पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जिसमें पूर्वोत्तर को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

### भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को कर रही साकार:मरांडी

**रांचीः** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को अंबेडकर सम्मान अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से कांग्रेस की ओर से बाबा साहब अंबेडकर के साथ किए गए अपमान और भाजपा सरकार की ओर से दिए गए सम्मान को प्रस्तुत किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बार-बार बाबा साहब अंबेडकर के विचारों और सपनों को दबाने का प्रयास किया।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सड़क पर उतरे मुसलमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कालोनी स्थित जुमा के नमाज बाद अंजुमन इस्लामिया नूरिया, चिश्तिया पंचायत एवं परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में सैकड़ों लोगों ने मस्जिद नूरी से मौलाना आजाद चौक के गेट तक केंद्र कि भाजपा सरकार के द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल के विरोध में एक विरोध प्रदर्शन किया । मौलाना आजाद कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों ने अपने हाथों में वक्फ बिल वापस लो,रिजेक्ट वक्फ बिल,मोदी सरकार हाय हाय जैसे शब्दों से लिखी तख्तियों को लेकर एवं तानाशाही नहीं चलेगी, मोदी सरकार होश में आओ, काला कानून वापस लो जैसे नारा लगाते हुए प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे । अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अंजुमन इस्लामिया नूरिया के अध्यक्ष हाजी सउद आलम ने कहा किया केंद्र की भाजपा सरकार का वक्फ संशोधन बिल लाने का मुख्य उद्देश्य है मुसलमानो की संपत्तियों पर अधिकार जमाना है और अडानी अंबानी जैसे उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना है। चिश्तिया पंचायत के अध्यक्ष शेख इश्तियाक ने कहा कि वक्फ की संपत्तियां केवल और केवल मुसलमानों के लिए है इस पर सरकार का कोई भी हस्तक्षेप देश का मुसलमान बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना इम्तियाज ने कहा कि देश का मुसलमान संविधान पर भरोसा करता है और आगे भी करता रहेगा। दोनों सदनों में वक्फ बिल पारित करना एवं इसका कानून बनना केवल मुस्लिम समुदाय को लक्ष्य बनाकर उसे नुकसान पहुंचाना है। यह पूरी तरह से मुसलमानो के मौलिक अधिकार पर प्रहार है। संस्था के सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा कि वक्फ बिल का विरोध के लिए देश का मुसलमान उस समय तक शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से आंदोलन करता रहेगा जब तक केंद्र कि भाजपा सरकार इस कानून वापस नहीं ले लेती है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से हाजी सउद आलम, शेख इश्तियाक,मुन्ना भाई,मोहम्मद शहाबुद्दीन, शेख साबिर, बुलंद, कासिम खान,परवेज खान, मोहम्मद एहतेशाम,शौकत, मुबारक हुसैन,मोहम्मद सोहेल, शेख मुस्तफा एवं सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डीसी ने कई समस्याओं का किया ऑन द स्पॉट समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजंत्री जनता दरबार में जिलावासियों की समस्याओं से अवगत हुए। जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने जनता दरबार में अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएँ सुनी एवं उन्हें आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया, जिस पर आवेदकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। जनता दरबार में अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे के साथ बेघर महिला अपनी फरियाद लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री से मिलने आयी थी। उपायुक्त द्वारा महिला के पति एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली गयी। महिला ने बताया कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया है,



अन्य रिश्तेदारों से भी किसी प्रकार की मदद नहीं मिलती, जैसे-तैसे गुजारा होता है, पार्क या सड़क पर छोटे बच्चे के साथ रात गुजरती है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से महिला और उसके बच्चे की रहने की व्यवस्था वन स्टॉप सेंटर में की गयी। मजदूरी कर गुजर बसर करनेवाली एक महिला अपने बच्चे का स्कूल में नामांकन कराने की फरियाद लेकर जनता दरबार में पहुंची थी। उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक, रांची को इस मामले में समुचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया ताकि बच्चे का नामांकन सुनिश्चित हो सके। एक अन्य मामले में महिला अपने बच्चे के साथ खराब आर्थिक स्थिति के कारण स्कूल फी माफ कराने का आवेदन लेकर आयी थी। इस मामले में भी शिक्षा अधीक्षक को संबंधित स्कूल प्रबंधन से बात कर उचित समाधान निकालने का निर्देश दिया गया। हिन्दपीढ़ी के एक राशन कार्डधारी के कार्ड में सदस्यों के नाम में त्रुटियां थीं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जिला आपूर्ति कार्यालय के कर्मचारियों को तुरंत बुलाकर निदेशित किया गया कि आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन करते हुए राशन कार्ड में सुधार करें।

# कैंसर पीड़ित को मुख्यमंत्री राहत कोष से विधायक ने दिलाई मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुढमू प्रखंड के अंतर्गत ठाकुरगांव निवासी मुनेश्वर राम लंबे समय से कैंसर बीमारी से ग्रसित है । वे इलाज के लिए खर्च कर लेकर परेशान था और मुख्यमंत्री से ईलाज के लिए गुहार लगाया था, जिनके इलाज हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत कांके विधायक सुरेश बैठा के अनुशंसा के माध्यम से उनके परिवार को इलाज हेतु, विधायक के हाथो 50,000 का चेक दिया गया है। सुरेश बैठा ने कहा कि सरकार हर तरह से मदद करेगी। पीड़ित परिवार के साथ मैं हमेशा खड़ा रहुंगा।

# आदिवासियों के सभी मुद्दे का नीतिगत फैसला नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी झारखण्ड प्रदेश की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में संवाददाता सम्मेलन करम टोली कार्यालय में संपन्न हुई द्य इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्तागणों ने कहा कि झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परीस्थिति पर चर्चा की गई और कहा गया कि राज्य के आदिवासी सरकार रहते हुए आदिवासियों के सभी मुद्दे का नीतिगत फैसला नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि अभी तक राज्य के छात्र युवा नौजवानों के लिए स्थानीय नियोजन नीति और आदिवासी समाज के लिए धर्मकोड लागू नहीं कर पाई है और हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद भी आदिवासियों की ज्वलंत मुद्दा पेसा कानून लागू नहीं किया जा रहा है ट्राइबल सब प्लान की राशि को भी में योजना सहित अन्य योजना में खर्च की जा रही है जो आदिवासियों के हित के लिए सही नहीं है। आदिवासियों की जमीन लूट पर भूमाफिया दलाल सरकार के प्रतिनिधि सफेद के द्वारा मिली भगत कर लूटी जा रही है। खास कर झारखंड में भूयहरि, खुट्टकट्टी, गैरही गैर मजरुवा जमीन की लूट जोरो पर है। राज्य के बेरोजगार युवा रोजगार के अभाव में अन्य प्रदेश में प्लायन कर रहे हैंद्य साथ ही सिरमटोली सरना स्थल पर रैंप हटाये जाने की जोर दार आंदोलन किया जा रहा ह। जिसका आदिवासियों की आस्था सारना स्थल में आने जाने वालों को प्रतिवर्ष सरहुल सोभा यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसलिएसिरम टोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा के जन आंदोलन का पूर्ण रूप से भारत आदिवासी पार्टी तालमेल के साथ समर्थन करती है। भारत आदिवासी पार्टी का राज स्तरीय संगठन को विस्तार करने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी और जो आदिवासी अध्यक्ष निष्क्रिय हैं उनका बदला जाएगा द्य इस संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ,राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर तिर्की ,महासचिव कृष्णा हसदा, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष मदन सोरेन, खूंटी जिला अध्यक्ष दीपक टूटी ,अमृत चिराग तिर्की, प्रकाश मंडा,सुशील बारला अनिल सिंह मुंडा, कार्तिक मुखी बिरसा टूटी, सरिता मुंडा आदि शामिल हुए।

# सड़क दुघर्टना में जेएससीए के ग्राउंड्समैन अजय बड़ाइक का निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए के ग्राउंड्समैन अजय बराइक, ग्राउंड्समैन का निधन एक सड़क दुर्घटना में हो गया। उनके निधन से जेएससीए के सभी सदस्य सदमे में हैं। सभी के दिलों को गहरी पीड़ा पहुँची है। अजय जेएससीए परिवार के एक समर्पित और कर्मठ सदस्य थे। मैदान से जुड़े उनके योगदान को हमेशा आदर और सम्मान के साथ याद किया जाएगा। जेएससीए के लिए यह अपूरणीय क्षति है।उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जेएससीए स्टेडियम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में जेएससीए के सीएओ एके सिंह, डॉ एसबी सिंह, जय कुमार सिन्हा सहित जेएससीए के तमाम सदस्य, पदाधिकारी व स्टाफ मौजूद थे।

# फीस समिति और आरटीई को लेकर उपायुक्त ने बुलाई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, आरटीई राँची द्वारा सभी प्राचार्य, सीबीएसई , आईसीएसई बोर्ड से संबंद्ध मान्यता प्राप्त निजी रांची को 12.04.2025 को उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के ज्ञापांक 611 27.03.2025 एवं ॒ 07 जनवरी 2019 को प्रकाशित झारखण्ड गजट




के आलोक में प्रत्येक विद्यालय में फीस समिति एवं अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) का गठन किया जाना है। साथ ही सत्र 2025-26 में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों जिसमें आरटीई एक्ट की धारा 12 (1) (सी) के तहत प्रवेश कक्षा के 25त्न सीटों पर ह्ठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग माध्यम से नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कराने संबंधी जानकारी तथा प्रवेश कक्षा में सीटों की उपलब्धता की समीक्षा भी की जानी है। इसकी समीक्षा हेतु उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता में संबंधित प्राचार्यों की आवश्यक बैठक पूर्व में 09.04.2025 को निर्धारित थी। निदेशानुसार उक्त बैठक को 12.04.2025 को अपराह्न 03.00 बजे समाहरणालय के %बी ब्लॉक के कमरा नंबर 505 में निर्धारित किया गया है।वहीं आरटीई के तहत दाखिला कराने की तिथि 20 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी गई है।

## डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भूमि अभिलेखों छेड़छाड़/जालसाजी से संबंधित दर्ज काण्डों की किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में अखिलेश कुमार झा पुलिस महानिरीक्षक, राँची प्रक्षेत्र, सुर्दशन मंडल पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, चंदन कुमार सिन्हा पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची, दीपक कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग एवं अपराध अनुसंधान विभाग के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में भूमि



अभिलेखों में छेड़छाड़/जालसाजी से संबंधित दर्ज काण्डों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में ऐसे जितने काण्ड, जो भूमि अभिलेखों में छेड़छाड़/जालसाजी से संबंधित हैं उन सभी काण्डों के त्वरित अनुसंधान पर बल देते हुए डिजिटल गड़बड़ियों के उद्भेदन हेतु तकनीकी विशेषज्ञों के साथ आधुनिक तकनीकी उपकरणों के प्रयोग करने का विशेष निर्देश दिया गया। भूमि अभिलेखों में जालसाजी / फर्जीवाड़ा से संबंधित दर्ज सभी काण्डों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया साथ ही भविष्य में इस तरह के जमीनी फर्जीवाड़े की रोकथाम हेतु एक विशेष रणनीति के तहत कार्य किये जाने की आवश्यता पर बल दिया गया।

# सदर अस्पताल के स्टाफ ने अंजुमन अस्पताल के एंबुलेंस चालक सद्दाम के साथ किया मारपीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार 10 अप्रैल 2025 को देर रात लगभग 11ञ्30 में लोअर बाजार थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल रांची में अंजुमन अस्पताल के एम्बुलेंस चालक हाफिज मोहम्मद सद्दाम के साथ सदर अस्पताल के स्टॉफ द्वारा मारपीट का मामला थाना पहुंचा। इस पूरे मामले में बताया गया कि मोहम्मद सद्दाम रांची अंजुमन इस्लामिया हस्पताल में एम्बुलेंस चलाने में अपनी सेवा दे रहा है। सद्दाम एक बच्ची को अंजुमन हस्पताल रांची से सदर रेफर किया गया था, और बीमार बच्ची चलने में असमर्थ थी इसलिए चालक सद्दाम व्हील चेयर मांगने सदर हस्पताल के अंदर गया और व्हील चेयर वहां के स्टॉफ से मांगने लगा, लेकिन सदर अस्पताल के स्टॉफ ने व्हील चेयर देने से इनकार किया तो सद्दाम ने व्हील चेयर लेने के लिए जोर करने पर सदर अस्पताल के स्टॉफ से बहस हो गई और स्टॉफ ने सद्दाम को धक्का मुक्की करते हुए मारने पीटने लगा। इस संबंध में सद्दाम ने बताया कि मेरे साथ सदर अस्पताल के स्टाफ नीलमणि और इम्तियाज ने व्हील चेयर नहीं दिए और मारपीट की इसकी शिकायत थाना में किये। दोनों युवकों को पुलिस थाना लेकर आई थी। फिर सदर अस्पताल का सुपरिंटेंडेंट आए थे दोनों को समझा बुझा दिया गया समझौता हो गया। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि शिकायत मिलते ही सदर अस्पताल के मारपीट करने वाले दो स्टाफ को थाना लाया गया था, उससे पूछताछ भी की गई , लेकिन उसके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है । सदर अस्पताल के डीप्टी सुपरिंटेंडेंट भी आए थे, उन्होंने बताया कि हम लोग जांच कर लिए हैं दोनों स्टाफ को नौकरी में नहीं रखेंगे । वहीं दूसरी तरफ सदर अस्पताल के सिविल सर्जन प्रभात कुमार से फोन पर से बातचीत हुई उन्होंने बताया की पुलिस सीसीटीवी फुटेज वगैराह खंगाल रही है, इसके बाद कार्रवाई होगी ।

# 19 और 20 अप्रैल को भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो को लेकर डीसी ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला प्रशासन 19 और 20 अप्रैल 2025 को खोजा टोली आर्मी मैदान, नामकुम, रांची में आयोजित होने वाले भारतीय वायुसेना के एयर शो की तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने 11 अप्रैल को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कार्यालय कक्ष में वायुसेना, पुलिस और जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एयर शो की तैयारियों के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**एयर शो की तैयारियों हेतु व्यापक दिशा-निर्देश:** उपायुक्त ने खोजा टोली आर्मी मैदान में आयोजित होने वाले इस एयर शो के लिए निम्नलिखित व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिया। जैसे- पेयजल,



बैरिकेडिंग, शौचालय, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, अग्निशमन दस्ता, बम निरोधक दस्ता और आगंतुकों के ठहरने की व्यवस्था। मीडिया प्रबंधन, वाहन व्यवस्था और अन्य संबंधित इंतजाम।

**विधि-व्यवस्था हेतु दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की तैनाती :** उपायुक्त ने एयर शो के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने वायुसेना अधिकारियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एयर शो का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

**नोडल अधिकारी की नियुक्ति :** एयर शो के समन्वय और सुचारू संचालन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**बैठक में उपस्थित अधिकारी :** बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता, डॉ. सुदेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, बादल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उर्वशी पांडे, कर्नल ह्रतिक, लेफ्टिनेंट कर्नल बृंदा, विंग कमांडर पी.के. सिंह, स्क्वाड्रन लीडर वालिया, ग्रुप कैप्टन गिरीश कोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रशासन ने मोराबादी स्थित निर्माणाधीन वेंडिंग जोन का किया भौतिक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची शहरी क्षेत्रांतर्गत सभी वेंडर्स को व्यवस्थित करना रांची नगर निगम की प्रथमिकता है।इस संदर्भ में रांची नगर निगम द्वारा मोराबादी क्षेत्र में लगभग 4.8 करोड़ रुपए की लागत से वेंडिंग जोन का निर्माण किया गया है, जिससे मोराबादी क्षेत्र के पंजीकृत वेंडर्स, फल-सब्जी विक्रेता व अस्थायी रूप से दुकान लगा रहे अन्य दुकानदारों को एक ही स्थल पर व्यवस्थित एवं सड़क को जाममुक्त किया जा सके। इसी क्रम में 11.04.2025 को प्रशासक संदीप सिंह के द्वारा निगम के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर निगम के अभियंताओं द्वारा बताया गया कि इसका निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है एवं इसमें 200 से ज्यादा वेंडर्स द्वारा दुकान लगाए जाने की व्यवस्था है। प्रशासक द्वारा संवेदक को अगले तीन दिनों में सारे बचे कार्यो को गुणवातापूर्वक पूर्ण करते हुए हैंडओवर की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया गया। प्रशासक द्वारा अभियंत्रण शाखा के पदाधिकारियों को पूरे वेंडिंग जोन में रंग-रोगन



करने, दीवारों में स्थानीय संस्कृति के अनुसार थीम बेस्ड कलाकृतियां बनवाने तथा साइन बोर्ड अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों को वेंडर्स की सहूलियत को देखते हुए यथाशीघ्र मार्केट में पुरुष एवं महिला शौचालय का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा NULM शाखा की टीम को तीन दिनों के भीतर मोराबादी के वेंडर्स की सूची तैयार करते हुए अंतिम सत्यापन की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया गया एवं जल्द से जल्द लॉटरी की प्रक्रिया पूरा करते हुए वेंडर्स को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया।मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर निवेशक राम बदन सिंह, निगम के अभियंतागण, नगर अभियान प्रबंधक तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# रविदास मोहल्ला का एक प्रतिनिधि मंडल ने डीसी से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटा टोली रविदास मुहल्ला का एक प्रतिनिधिमण्डल रांची जिला उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री से मुलाकात की।

प्रतिनिधित्व कर्ताओं ने उपायुक्त को संविधान सभा में प्रारूप समिति के अध्यक्ष सह भारतीय संविधान के जनक माने जाने वाले शख्सियत बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल



को है इस अवसर पर आमंत्रित किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## जनता दरबार में मईया सम्मान योजना के मिले 196 आवेदन



**जामा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ डॉ विवेक किशोर की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लाभुकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। जिसपर जन सुनवाई की गयी। जनता दरबार कार्यक्रम के दौरान सभी विभाग से संबंधित कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें मईया सम्मान योजना में सबसे अधिक 196 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि सर्वजन पेंशन योजना में 11, आवास योजना में 04, आपूर्ति विभाग से संबंधित राशन कार्ड सुधार करने में 04 एवं अन्य 6 आवेदन प्राप्त किया गया। इस मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मानव कुमार गण, बीपीआरओ अशोक गुप्ता, सहायक संजीव कुमार दास, गौतम कुमार सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## जनता दरबार में मिले 114 आवेदन, 80 आवेदन का हुआ निष्पादन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में पीएम किसान सम्मान से-01, आपूर्ति से-02, सर्वजन पेंशन से-23, मईया सम्मान से-24, जन्म/मृत्यु-08, आवास-01, पेंशन संदर्भ में पृच्छाछ-55 कुल-114 आवेदन प्राप्त हुए। 80 आवेदन का मौके पर निष्पादन करते हुए शेष आवेदन पत्र पत्र पर शीघ्र जांच कर निष्पादन करने का निर्देश बीडीओ ने द्वारा संबंधित विभाग प्रमुख को दिया। जनता दरबार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का 42 लोगो ने लाभ उठाया। आयोजित जनता दरबार में शिक्षा विभाग से मो नाजीशूल हक, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन, स्वास्थ्य विभाग से अक्षय आनंद, लैब टेक्नीशियन, एएनएम, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दुमका/मसलिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोषण पोखबरा 2025 के तहत मसलिया प्रखंड परिसर से शुक्रवार को अंचलाधिकारी सह बाल विकास पदाधिकारी रंजन यादव, बीडीओ अजफर हसनैन, निशित वरुण गोलदार एवं दिनेश कुमार दत्ता ने पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडा दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बीडीओ श्री हसनैन ने बताया कि यह पोषण जागरूकता रथ के माध्यम से गांव गांव में जन जागरूकता लाकर हमारा संकल्प कुपोषण मुक्त झारखंड के सपना को साकार करना है।यह जागरूकता कार्यक्रम 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा।इस दौरान ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,पोषण सखियों की सहभागिता से चौपाल भी आयोजित कर लोगों को कुपोषण के बारे में जानकारी देने के साथ साथ कुपोषण से बच्चों में क्या क्या बीमारी हो सकती है तथा कुपोषण का लक्षण क्या है, इस बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर पर्यवेक्षिका रेखा देवी, भारती कुमारी, महिमाला हेंब्रम,सहित सेविका, सहायिका एवं पोषण सखी उपस्थित थे।

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के तुरमुली गांव स्थित रामटहल चौधरी उच्च विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लेकिन कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व ही विद्यालय परिसर के मुख्य गेट के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे भूमिदाताओं के परिवार और विद्यालय प्रबंधन के बीच हुई झड़प में विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पटेल और सचिव दिलेश्वर महतो घायल हो गए वही जमीनदाता सरिता देवी के पैर में चोट लग गई। घटनास्थल पर मौजूद ठाकुरगांव पुलिस ने घायलों को ईलाज के लिए सीएचसी बुढ़मू भेज दिया। इस संबंध में जमीनदाताओं का कहना है कि वे एक साल से विद्यालय प्रबंधन के पास अपनी मांग रखने का प्रयास कर रहे है लेकिन उनकी बात को कोई नहीं सुन रहा है।इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार ने बताया कि विद्यालय में जब भी कोई कार्यक्रम होता है वे लोग विरोध करते और आज वार्षिक उत्सव का आयोजन था जब हमलोग समझाने गए तो उनलोगों ने लाठी डंडा से हमला कर दिया जिसमें संजय पटेल और दिलेश्वर महतो घायल हो गए। घटना की जानकारी होने के बाद अतिथिगण भी आधा रास्ता से लौट गए। साथ ही उन्होंने बताया कि ये लोग पहले भी विद्यालय में आकर हंगामा कर चुके हैं। इस संबंध में दोनों पक्षों ने ठाकुरगांव थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन गंभीरता से कर रही है।

## साबल से मारकर हत्या

**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को दिन में 11 बजे बुढ़मू थाना क्षेत्र के डड़िया निवासी सूरज ठाकुर (27) की हत्या सूरज का गोतिया संजय ठाकुर और संजय ठाकुर की पत्नी प्रतिमा देवी ने साबल से मारकर कर दिया. जानकारी के अनुसार प्रतिमा देवी गाय बांधकर घर लौट रही थी इसी दौरान सूरज प्रतिमा को छेड़ रहा था और प्रतिमा और उसके पति ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी. इस दौरान संजय और प्रतिमा ने साबल निकाल कर सूरज पर वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही सूरज की मौत हो गई. इसके बाद दोनों पति पत्नी बुढ़मू थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया. इसके बाद बुढ़मू पुलिस घटनास्थल पर जाकर शव को कब्जा में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज कर मामले की छानबीन कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक सूरज ठाकुर अपराधिक प्रवृति का था और पूर्व में सुखदेवनगर थाना और पश्चिम बंगाल में एक मामला में न्यायिक हिरासत में जा चुका है. इस संबंध में मृतक के पिता उपेंद्र ठाकुर ने बुढ़मू थाना में आवेदन दिया है. दिए गए आवेदन के अनुसार गाय द्वारा खेती चरने को लेकर विवाद हुआ था और इसी का बदला लेने के लिए गणेश ठाकुर, दीपक ठाकुर, संजय ठाकुर, प्रतिमा ठाकुर, सीमा ठाकुर और रेणु ठाकुर ने मिलकर साबल से मारकर हत्या कर दिया.

## मंजू कुमारी को आंगनबाड़ी सेविका के लिए चयन किया गया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी प्रखंड अंतर्गत चिनारो पुरियो पंचायत के चिनारो गांव में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुजूर की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय सरना अखरा में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में



सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गांव की मंजू कुमारी का सेविका के रूप में चयन किया गया। बैठक में महिला पर्यवेक्षिक लक्ष्मी मिंज, मुखिया अनीता देवी, आरसी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड मेंबर सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# बीडीओ ने की धान अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में धान अधिप्राप्ति के प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रखंड के कुल पांच धान अधिप्राप्ति केंद्र (लैंप्स) के संचालकों ने भाग लिया. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में लैंप्स संचालकों को धान अधिप्राप्ति से संबंधित विभागीय मानकों को अक्षरशःअनुपालन करते हुए लक्ष्य के आधार पर धान क्रय करने का निर्देश दिया. सभी लैंप्स संचालकों को अधिक से अधिक संख्या में किसानों को पंजीकृत करवाने एवं धान क्रय करने का निर्देश दिया.



प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी उपस्थित लैंप्स संचालकों यह भी निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में क्रय किये गये धान लैंप्स के भंडार में या मिल में ही रहे. भौतिक सत्यापन में अनियमितता पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी. रामगढ़ प्रखंड में धान अधिप्राप्ति हेतु कुल पांच लैंप्सों में धान की खरीदारी हो रही है, जिसका लैंप्सवार लक्ष्य रामगढ़ लैंप्स - 15000 क्वींटल प्राप्ति 2871क्विंटल, अमड़ापहाड़ी लैंप्स - 15000 क्विंटल प्राप्ति4059क्विंटल, लतबेरवा लैंप्स - 10000प्राप्ति 2640क्विंटल, सीलठा ए - 5000 प्राप्ति 2236 क्विंटल एवं गमहरियाहाट लैंप्स द्वारा 5000 क्विंटल जिसमें प्राप्ति 1415 क्विंटल की गई है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित लैंप्स प्रबंधकों को संयुक्त रूप से निदेश दिया की वे सभी ससमय धान क्रय करते हुए संबंधित मिल को भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि समय पर किसानों को राशि मिल सके।आज के आयोजित बैठक में ज़िला परिषद के उपाध्यक्ष सुधीर मंडल,प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन,एवं सभी संबंधित लैंप्स प्रबंधक उपस्थित हुए।

# अंतरविभागीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** एएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह के निर्देश पर छात्र छात्राओं के लिए रोजगारपरक एवं कौशल विकास युक्त शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा वाणिज्य संकाय की ओर से संथाल बाहुल्य क्षेत्रों में वाणिज्य का महत्त्व विषय पर अंतरविभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर स्वागत भाषण सहित विषय प्रवेश कराते हुए झारखण्ड जैव विविधता पर्षद के सदस्य एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. अमर नाथ सिंह ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में संथाल परगना में वाणिज्य विषय के महत्त्व एवं भविष्य की



संभावनाओं पर प्रकाश डाला । उन्होंने छात्र - छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की वे कॉलेज में कार्यरत अपने अपने विषय से सबंधित शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए ही कौशल विकास का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं । सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभय प्रसाद सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा की आज के समय में वाणिज्य विषय में युवाओं के लिए रोजगार की काफी अधिक संभावनाएं हैं । इस अवसर पर डॉ. चंद्र भानु प्रताप सिंह ने छात्र छात्राओं को कॉलेज के वाणिज्य विषय के पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं की उपलब्धियों से रुबरु कराया द्य धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार झा ने संकायवार सेमिनार के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सक्रिय सदस्यों को साधुवाद दिया द्य उन्होंने शिक्षकों की एकजुटता से इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन के सफल होने को महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग में अच्छे ग्रेड मिलने की आस से जोड़ते हुए कहा की हमारा महाविद्यालय भविष्य में सर्वोत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान बनकर उभरने को कृत संकल्पित है । सेमिनार में काफी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।

## एसपी कॉलेज में 47वां संताली साहित्य दिवस धूमधाम से मनाया गया



**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसपी कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को संताली भाषा साहित्य एवं आदिवासी सांस्कृतिक परिषद की ओर से 47वां संताली साहित्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में दुमका सांसद नलिन सोरेन, विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और झारखंड पीपुल्स पार्टी के संस्थापक सचिव सूर्य सिंह बेसरा, एसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ खिरोदर प्रसाद यादव, साहित्यकार चुंडा सोरेन सिपाही, संथाली भाषा के कवि भैया हांसदा उर्फ चासा मौजूद थे। दुमका सांसद नलिन सोरेन ने कहा की संताली साहित्य दिवस एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जो संताली भाषा और साहित्य के प्रति लोगों की जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा देता है।

## मकरमपुर गांव में चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन संपन्न



**मसलिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मसलिया प्रखंड के मकरमपुर गांव में चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन शुक्रवार को कुंज विलास पालागान के साथ संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल के सिउड़ी निवासी महिला किर्तनिया नीलाजंना सेनगुप्ता व उनके सम्प्रदाय द्वारा कृष्ण लीला कीर्तन सुनाकर श्रताओं को भावविभोर कर दिया। कुंज विलास पालागान के पश्चात ग्रामीणों की सहयोग से भंडारा किया गया था। हरिनाम संकीर्तन सुनने के लिए महिलाओं की भीड़ अधिक थी।

## नव नामांकित कक्षा छह में बच्चों के लिए स्वागत समारोह



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्लस टू जिला स्कूल में नव नामांकित कक्षा छ में बच्चों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बच्चों का स्वागत किया गया और उन्हें स्कूल के बारे में जानकारी दी गई। स्वागत समारोह के दौरान नव नामांकित बच्चों का स्वागत किया गया और उन्हें स्कूल के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल की जानकारी- बच्चों और उनके अभिभावकों को स्कूल के नियमों, पाठ्यक्रम और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को स्कूल के शिक्षकों से परिचय कराया गया और उन्हें उनके विषयों के बारे में जानकारी दी गई।

# रूफ टॉप सोलर सेमिनार का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** दुमका के एक निजी होटल में रूफ टॉप सोलर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और रूफ टॉप सोलर सिस्टम के लाभों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुमका एलडीएम चंद्रशेखर पटेल,विशिष्ट अतिथि के रूपमें दुमका जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, डॉ तुषार ज्योति, डॉ अमिताभ बच्चन सोरेन, दीपक रजक आदि मौजूद थे। सेमिनार में सौर ऊर्जा के महत्व और इसके भविष्य के बारे में चर्चा की गई। रूफ टॉप सोलर सिस्टम के लाभ- रूफ टॉप सोलर सिस्टम के लाभों पर चर्चा की गई, जैसे कि ऊर्जा की बचत, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक लाभ। सेमिनार में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और तकनीकी विकास पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस योजना के अंतर्गत सरकार उन घरों को सब्सिडी प्रदान कर रही है, जो अपनी छतों पर सोलर सिस्टम लगाना चाहते हैं। इस योजना का लक्ष्य




है कि हर घर सौर ऊर्जा से अपनी बिजली ज़रूरतें पूरी कर सके और साथ ही बिजली बिल में राहत पा सके। एनविल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए झारखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मुफ्त परामर्श सेवा, साइट सर्वे और इंस्टॉलेशन में सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू करेगी।

# ब्रह्माकुमारीज़ की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुमका शाखा द्वारा शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। दुमका सेवा केंद्र संचालिका बीके जयमाला दीदी ने दादी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं। उन्होंने अहमदाबाद के जाइडिस अस्पतल में रात्रि 1.20 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को शांतिवन लाया जा रहा है जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3.30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थी। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में दैवी स्वरूपा बेटी ने जन्म लिया। 20 फरवरी 2014 को गुलबर्गा विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रोफेसर ईटी पुट्टैया और रजिस्ट्रार प्रोफेसर चंद्रकांत यतनूर द्वारा राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। उन्हें यह उपाधि विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक सशक्तिकरण में उनके योगदान के लिए प्रदान की गई। इसके अलावा देश-विदेश में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से समय प्रति समय दादी को सम्मानित किया गया है। श्रद्धांजलि देने वालों में सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह, जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर, अमिता रक्षित, मनोज घोष आदि मौजूद थे।

## दुमका के दर्जनों गांवों में बिजली गुल

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):**मसलिया प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी भाग के खुटोजोरी, गुमरो, बाडाडुमरिया,बास्कीडीह आदि पंचायत के दर्जनों गांवों में बीते शाम आये आंधी तूफान के पूर्व से बिजली सेवा बाधित है। बिजली उपभोक्ता बाबूराम सिंह, महेन्द्र मंडल,सुरेश यादव,नीरद सिंह आदि ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग 20 घंटों से बिजली आपूर्ति बंद रहने से काफी परेशानी हो रही है बिजली से संचालित सभी उपकरण बंद पड़े हैं। पश्चिमी भाग के उक्त पंचायत के गांवों में देवघर जिला के सिमला पॉवर हाउस से बिजली संचालित की जा रही है।

## सिदो कान्हू मुर्मू एवेन बैसी की बैठक सम्पन्न

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिदो कान्हु मुर्मू एवेन बैसी की बैठक रामगढ़ के संताली टोला में प्रखंड अध्यक्ष मंगल सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक को सुलेमान हांसदा, नायकी हांसदा, वकील मुर्मू, जमीन सोरेन, शिवराम किस्कू,




इमानवेल सोरेन, नुना हेम्ब्रम, नीबूलाल सोरेन, जियालाल बास्की, मुन्नी मुर्मू आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने आदिवासी समाज में व्याप्त अंधविश्वास, नशाखोरी एवं अन्य कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षा के स्तर में सुधार लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन के 25 वर्ष हो गए। राज्य गठन के लिए चले आंदोलन में संताल समाज सबसे आगे रहा है, राज्य के गठन का फायदा कुछ खास लोगों के हाथों में सिमट कर रह गया है। जबकि संताल समाज विकास से आज भी मीलों दूर है। संताल समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए शिक्षित एवं संगठित किए जाने की जरूरत है। सिदो कान्हु मुर्मू एवेन बैसी इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। अतः इसे मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। बैठक के अंत में दर्जनों ग्रामीणों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की. बैठक में राजेन हांसदा, जिया लाल टुडू, सनातन मुर्मू, रमेश हेम्ब्रम, सुखी लाल हांसदा आदि उपस्थित थे।

## पिपरवार के बचरा श्रमिक क्लब मे हुई अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे कोल इंडिया एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन सिस्टा की एक आवश्यक बैठक रमेश राम की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा मे संविधान निर्माता एंव



देश रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे बचरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।इस जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं विशिष्ट मे पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल,अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी पीके सिंह व बचरा परियोजना पदाधिकारी शामिल होंगे।इसके अलावा पिपरवार क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी,राजनीतिक दल को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।बैठक में सर्वसम्मति से जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया, जिसमे सभी लोगों से समय पर शामिल होने की अपील की गई।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई।

## कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण पर किसानों को किया गया जागरूक

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण पर किसानों के लिए ज्रेडा की ओर से किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया.



इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं कृषक मित्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (ज्रेडा) रांची के ऊर्जा विशेषज्ञ निशा कुमारी,प्रियंका कुमारी, शिवानी कुमारी ने किसानों को कृषि से संबद्ध क्षेत्रों में योजना का अधिकतम लाभ उठाने को कहा. अधिकतम लाभ उठाने के लिए किसानों को विस्तृत तकनीकी जानकारी दी. वहीं सभी किसानों को सोलर ऊर्जा से संबंधित सभी उपकरणों की तकनीकी जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गयी. ऊर्जा योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया. मौके पर बीटीएम अलीजान अंसारी ने भी जानकारी दी. बताया कि किसान समृद्धि योजना और पीएम कुसुम योजना के तहत इस माह तक ऑनलाइन सोलर पंप सेट के लिए आवेदन कर सकते हैं.मौके पर ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाईक, शिव नाथ मुंडा,पंचायत समिति सदस्य ललिता मेहता भानु प्रताप महतो आदि थे।

## सैमसंग का नया ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स लॉन्च



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । भारत के अग्रणी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स के 2025 लाइन-अप की घोषणा की है। इसमें शामिल हैं- ग्लासलेस 3डी अनुभव देने वाला ओडिसी 3डी (जी90एक्सएफ), दुनिया का पहला 4के 240एचजेड ओएलईडी मॉनिटर ओडिसी ओएलईडी जी8 (जी81एसएफ), और शानदार कर्व्ड अल्ट्रा-वाइड ओडिसी जी9 (जी91एफ)। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (एंटरप्राइज़ बिजनेस) पुनीत सेठी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है अग्रणी डिस्प्ले तकनीक को भारत के गेमर्स और प्रोफेशनल्स तक पहुंचाना। उन्होंने बताया कि ओडिसी 3डी, 27 इंच स्क्रीन के साथ, भारत में गेमिंग के अनुभव को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है, जो बिना चश्मे के 3डी गेमिंग संभव बनाता है। वहीं, ओएलईडी जी8 मॉडल 27 और 32 इंच में उपलब्ध है और यह 240एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ विजुअल क्वालिटी को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। ग्राहक इन मॉनिटर्स को सैमसंग डांट कांम प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और रिटेल स्टोर्स से खरीद सकते हैं, साथ ही 10,000 रुपये तक के लॉन्च बेनेफिट्स का लाभ उठा सकते हैं।

## कुचाई व खरसावां में 131 सेविकाओं को मिला मोबाइल



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की पहल पर 129 आंगनबाड़ी सेविकाओं और 2 महिला पर्यवेक्षिकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद सदस्य झींगी हेम्ब्रम, सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी और बीडीओ साधु चरण देवगम ने संयुक्त रूप से किया। विधायक गागराई ने कहा कि स्मार्टफोन का सही उपयोग सेविकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त करेगा और घर बैठे पूरी दुनिया दिखा सकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की पहली पाठशाला बताया और सेविकाओं से ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि और प्रखंड की सभी सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## नरभेराम स्कूल में कक्षा 11 के लिए अभिभावक ओरिएंटेशन का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में कक्षा 11 में प्रवेश लेने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन मीटिंग का आयोजन किया गया। कुसुम कमानी सभागार में आयोजित इस सत्र का नेतृत्व प्रिंसिपल परमिता रॉय चौधरी ने किया। उन्होंने स्कूल के विजन, मिशन, शैक्षणिक मूल्य और सहायता प्रणाली की जानकारी दी। कक्षा शिक्षक जॉयदीप और सुश्रिता ने भी स्कूल के नियमों और परिषद की प्रक्रियाओं को साझा किया। इस पहल का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा और व्यक्तित्व विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। अभिभावकों ने इस प्रयास की सराहना की।

## डॉ. अंबेडकर के आदमकद चित्र का अनावरण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित बार भवन में अधिवक्ताओं द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदमकद चित्र का अनावरण किया गया। इस अवसर पर प्रस्ताव पारित कर देश के सभी न्यायालय परिसरों में संविधान सभा से जुड़े महान नेताओं–डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. अंबेडकर और आदिवासी नेता जयपाल सिंह मुंडा–की प्रतिमाएं लगाने की मांग की गई। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बार एसोसिएशन में 53 वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारी सुशांत नामता भोंदू को माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजेश कुमार शुक्ल, रथीन्द्र नाथ दास, मनोरंजन दास, तापस मित्रा, पीएन गोप, गणेश मुर्मू, सुनील महतो, बबीता जैन समेत कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद थे।

## बिरसानगर पीताम्बरा मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न, दर्शन को उमड़ी भीड़



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिरसानगर जोन नंबर 2बी स्थित नवनिर्मित मां पीताम्बरा मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्रवार को श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और मां पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा के साथ सार्वजनिक आरती का आयोजन हुआ। कामाख्या से आए स्वामी हृदयानंद जी महाराज के सान्निध्य में पूजा संपन्न हुई। शाम को भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुरुदेव के प्रवचन ने आत्मचिंतन का संदेश दिया। आयोजन का समापन सफलतापूर्वक हुआ। मंदिर निर्माण की प्रक्रिया 2011 में भूमि पूजन के साथ शुरू हुई थी और 2024 में पूर्ण हुई।

## पारगामा के गुरुचरण महतो को मथुरा में मिलेगा आदर्श युवा महानायक सम्मान



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड स्थित पारगामा गांव निवासी युवा कवि, गीतकार व समाजसेवी गुरुचरण महतो अपवाद को आदर्श युवा महानायक सम्मान-2025 से नवाजा जाएगा। यह सम्मान उन्हें लोक-कला, लोकगीतों के संरक्षण और हिंदी साहित्य में सृजनशील योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। साथ ही समाजसेवा में उनकी सक्रिय भूमिका भी सराही गई है। यह सम्मान संस्कार महाकुंभ-2025 के दौरान 6 से 8 जून को मथुरा स्थित बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श संस्कार शाला द्वारा किया जाएगा। इसकी जानकारी गुरुचरण महतो ने दी।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आमदा ओपी पुलिस ने लोसोदिकी गांव में छापेमारी कर एक किराना दुकान के गोदाम से 103 बीयर बोतल और 43 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी कीमत करीब ?56,740 आंकी गई है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में उग्रसेन महतो (30) और अभिमन्यु महतो (28) को शराब की अवैध खरीद-बिक्री के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। छापेमारी दल का नेतृत्व एसडीपीओ समीर सवैया ने किया।

# ट्रैफिक जांच के नाम पर पुलिस फैला रही दहशत : सरयू राय

### हर चेकिंग प्वाइंट पर तैनात होंगे कार्यकर्ता, अवैध वसूली पर होगी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में कदमा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें ट्रैफिक जांच के नाम पर पुलिस द्वारा की जा रही मनमानी और अवैध वसूली पर नाराजगी जताई गई। निर्णय लिया गया कि हर चेकिंग प्वाइंट पर 4-5 कार्यकर्ता तैनात रहेंगे और जांच की निगरानी करेंगे। 15 अप्रैल तक स्थिति न सुधरी तो हर चौक पर प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। सीसीटीवी और डिजिटल चालान की मांग उठाई गई। बैठक में यह भी बताया गया कि रामनवमी और स्कूल खुलने-बंद होने के समय ट्रैफिक जांच का विशेष दबाव बनाया जाता है, जिससे आम लोग परेशान होते हैं। सोनारी लिंक रोड पर तीन जांच प्वाइंट पर सवाल उठे और धातकीडीह जैसे इलाकों में दोपहर में जांच न होने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा बैठक में कदमा क्षेत्र में चल रहे मटका और जुए के अड्डों, अवैध दुकानों, कौशल विकास केंद्र में अनियमितताओं, अधूरी सड़कों और फॉगिंग व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

विधायक ने कदमा थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि 24 घंटे के भीतर सभी अवैध गतिविधियां बंद करवाई जाएं। साथ ही, क्षेत्र को जोन में बाँटकर हर भाग की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपने का निर्णय लिया गया।

## ठनठनी घाटी में अनियंत्रित हाइवा ने 6 मवेशियों को रौंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के ठनठनी घाटी में शुक्रवार दोपहर करीब 12:10 बजे एक अनियंत्रित हाइवा (JH05 बस - 9710) ने सड़क पार कर रहे 4 बकरियों और 2 बैलों को रौंद दिया। हादसे में बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बैलों की हालत गंभीर है। सभी मवेशी महुलडीह निवासी जितेन सोरेन के थे। दुर्घटना के बाद हाइवा सड़क पर पलट गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी। घायल खलासी को माचा सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जबकि चालक फरार है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर लिया है। पशुपालक को करीब एक लाख रुपये की क्षति हुई है।

## ईचागढ़ में दो माह बाद हाथियों की वापसी, घर और स्कूल में घुसे, ग्रामीणों में दहशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के डुमरा गांव में गुरुवार देर रात तीन जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। रात करीब 2 बजे हाथियों का झुंड गांव में घुसा और सष्टी मछुआ के एसबेस्टस घर को तोड़कर चावल खा गया। दीनो सिंह मुंडा के घर में रखे धान और डेगची को भी नष्ट कर दिया। प्राथमिक विद्यालय, डुमरा के तीन दरवाजे तोड़कर मध्याह्न भोजन के डेढ़ बोरा चावल खा लिया। शुक्रवार को वन रक्षी कैलाश महतो ने गांव पहुंचकर क्षति का आकलन किया और प्रभावितों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। दो-तीन महीने बाद हाथियों की वापसी से ग्रामीण दहशत में हैं। पिलीद और कुटाम जंगल में हाथियों के डेरे की खबर ने किसानों को रबी फसलों की चिंता में डाल दिया है। वन विभाग को हाथियों की निगरानी और चेतावनी व्यवस्था मजबूत करनी होगी। मुआवजा अल्पकालिक राहत है, लेकिन मानव-हाथी संघर्ष रोकने के लिए दीर्घकालिक उपाय और जागरूकता जरूरी हैं। ग्रामीणों को भी सतर्क रहना होगा

## राज्य सरकार का लक्ष्य, हर महिला को सशक्त बनाना : संजीव सरदार

### 97 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** महिला सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता एक बार फिर दिखी जब डुमरिया प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पोटका विधायक संजीव सरदार ने 97 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी उपकरण उनके कार्य को न केवल सरल बनाएंगे बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी में भी मददगार साबित होंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र, नवचयनित सेविकाओं को नियुक्ति पत्र, महिला समूहों को चेक और छात्राओं को किशोरी समृद्धि योजना के तहत साइकिल एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही गोद भराई और अन्नप्राशन जैसे पारंपरिक संस्कार भी संपन्न कराए गए।

विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला समूहों ने पत्तों की माला व मुकुट पहनाकर उनका अभिनंदन किया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

कार्यक्रम में बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू, अंचल अधिकारी पवन कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के, भगत हांसदा, अर्जुन मुर्मू, उदय मुर्मू, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं और प्रखंड व अंचल के तमाम कर्मी उपस्थित रहे।

## झारोटेप की ध्यानाकर्षण रैली, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घोड़ाबांदा :** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन (झारोटेप) की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश पर ज्वालकाटा चौक से प्रखंड कार्यालय तक शिक्षकों व कर्मचारियों ने ध्यानाकर्षण रैली निकाली। रैली के माध्यम से उन्होंने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। प्रमुख मांगों में शिक्षक संवर्ग में एमएसीपी की शुरुआत, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करना, व केंद्रीय कर्मियों की तर्ज पर शिशु शिक्षण भत्ता देना शामिल हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया। रैली में प्रखंड अध्यक्ष अश्वनी कालिंदी, सचिव रतिकांत प्रधान, कोषाध्यक्ष सरोज बेरा, गंगाधर महतो, राकेश घोष, बिमल मुंडा, रामचंद्र सोरेन और बंसी पासवान सहित कई शिक्षक-कर्मी शामिल हुए।

## बांकादा में पेयजल संकट पर महिलाओं का सड़क जाम

### सीओ के आश्वासन पर खत्म हुआ आंदोलन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बांकादा गांव में पेयजल संकट को लेकर शुक्रवार सुबह महिलाओं ने बेलटांड़-रघुनाथपुर मुख्य सड़क को तीन घंटे तक जाम कर दिया। दो वर्षों से जलमीनार खराब है और हाल ही में चापाकल भी बंद हो गया, जिससे 15 आदिवासी परिवारों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा था। महिलाओं ने खाली बर्तन रखकर विरोध जताया। सीओ रंजीत कुमार रंजन के आश्वासन–कि एक माह में नया चापाकल लगाया जाएगा और तब तक मध्य विद्यालय के जलमीनार का पानी दिया जाएगा–के बाद जाम समाप्त हुआ। आंदोलन में बासकी मुदी, सविता मुदी, मेनका मुदी, धर्मू मुदी, बहादुर सहिस सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## टाटा स्टील चिड़ियाघर में बाघ का नाम रुद्र और बाघिन का नाम मेघना तय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) ने नागपुर से आए बाघ और बाघिन के नाम रुद्र और मेघना रखे हैं। नामकरण प्रतियोगिता में 318 लोगों ने भाग लिया था। विजेता साहिल शर्मा को बाघों के साथ फोटो खिंचवाने का अवसर मिलेगा। रुद्र नाम 10 अन्य प्रतिभागियों ने भी सुझाया था। सभी चयनित प्रतिभागियों को 21 अप्रैल को बाघों के नए बाड़े के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी होंगे। प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न भी भेंट किए जाएंगे।

## कांग्रेस की बैठक में संगठन सृजन पर ज़ोर

### निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने के निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से संगठन सृजन-2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ( एआईसीसी ) द्वारा 4 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित बैठक और 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित 84वें महाअधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि एआईसीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो पदाधिकारी संगठन की बैठकों से अनुपस्थित रहते हैं और कार्य में सक्रिय नहीं हैं, उन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब जिलाध्यक्षों को उम्मीदवार चयन में अनुशंसा का अधिकार भी दिया गया है। प्रखंड अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को जनसमस्याओं का संकलन कर संबंधित विभागों को मांग पत्र देने और समाधान तक चरणबद्ध आंदोलन चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सौरभ चटर्जी (पोटका), बबुआ झा (कदमा-सोनारी), बिमल बारीक (बहरागोड़ा), सतदल गिरी (धालभूमगढ़), आशीष ठाकुर (जमशेदपुर ग्रामीण), धर्मा राव (साकची), राजेश कुमार (टेल्को), कैसर आलम अंसारी (जुगसलाई), संजय साह (मुसाबनी) सहित कई प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

पर्यवेक्षक के रूप में राकेश तिवारी, महेंद्र मिश्रा, ब्रजेंद्र तिवारी, अखिलेश यादव आदि ने भी बैठक को संबोधित किया। कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने संगठन को मजबूती से खड़ा करने का आह्वान किया।

बैठक में भाजपा छोड़कर आए पवन कुमार को जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर कांग्रेस में स्वागत किया। संचालन संजय सिंह आजाद ने किया।

### ग्रामीण महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

## जेएसएलपीएस समीक्षा बैठक में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर विशेष बल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर स्थित समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना रहा। जिला परियोजना प्रबंधक ने बताया कि जिले में 16,612 स्वयं सहायता समूह (SHG) सक्रिय हैं, जिनमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में 300 नए समूहों को जोड़ा गया है। 1097 समूहों के बैंक लिंकेज लंबित हैं, जिनकी सूची तैयार कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक में RSETI, DDU-GKY, PMFME, फुलो-झानो योजना जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं जैसे अंडा, चावल, मशरूम, मधु, टमाटर, साल पत्ता व मोमबत्तियों के वैल्यू एडिशन और ब्रांडिंग पर विशेष जोर दिया गया। महिलाओं को ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन, आधुनिक प्रोसेसिंग, प्रशिक्षण, सीड कैपिटल और विपणन सहायता प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय स्थापित कर ग्रामीण उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने का निर्देश दिया।

## हूल विद्रोह हमारी आजादी की नींव : सविता महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल गोलचक्कर में शुक्रवार को संथाल हूल विद्रोह के महानायक वीर सिदो-कान्हू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में विधायक सविता महतो ने सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि 1855 में सिदो-कान्हू ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ ÷हूल÷ आंदोलन की शुरुआत की, जो भारत की आजादी की पहली आवाज बनी। हजारों आदिवासियों ने ÷करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो÷ के नारे के साथ ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। यह आंदोलन आदिवासी समाज के साहस, बलिदान और आत्मसम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, शंकर लायेक, बादल महतो, तारापद सिंह, राहुल वर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पटमदा में 26 नव चयनित चौकीदारों ने किया योगदान, सीओ और बीडीओ ने दी शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शुक्रवार को पटमदा अंचल कार्यालय में प्रखंड के 26 नव चयनित चौकीदारों ने पदभार ग्रहण किया। अंचलाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार दास ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनके कंधों पर प्रखंड की सुरक्षा व विकास की बड़ी जिम्मेदारी है। बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने महिला चौकीदारों की नियुक्ति को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

योगदान देने वाले चौकीदारों में इनमें परी सिंह (लावा), संपा महतो (ओड़िया), देवजानी महतो (दिघी बीट), सुरेश हांसदा (बांसतोला), धनंजय महतो (आमलाघुटू), बाबुलाल टुडू (सुंदरपुर), मुकेश सिंह (जेरका), सरोजिनी हांसदा (पाथरडीह), अजय कालिंदी (गोबरघुसी), रंजित सोरेन (जोड़सा), अनिल महतो (लच्छीपुर), रमेश सिंह (सिसदा), तपती महतो (नापितडीह), निर्मल मुर्मू (चौरा), जयश्री रूहिदास (बांगुड़दा), यशोदा सहिस (बनकुंचिया), सीमा महतो (गोलकाटा), अपर्णा महतो (गोपालपुर), देवाशीष हेंब्रम (कांकीडीह) समेत अन्य शामिल हैं। सभी नियुक्त चौकीदारों को पटमदा व कमलपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तैनात किया जाएगा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# हिंसा कैसी 'संवैधानिक'?

**वक्फ** संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सर्वोच्च अदालत 15-16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। ऐसी 15 याचिकाएं हैं। चूंकि संसद के दोनों सदनों से वक्फ बिल पारित हो चुका है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हस्ताक्षर कर दिए हैं, लिहाजा अधिसूचना जारी होने के बाद वक्फ का नया कानून प्रभावी हो चुका है। संसद में आधी रात तक बहस चलती रही, सत्ता और विपक्ष के सांसदों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं और मत-विभाजन के बाद बिल पारित किया गया। इससे अधिक और कारगर लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रिया और क्या हो सकती है? यही संसदीय प्रक्रिया सात दशकों से जारी रही है और बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। बिल पारित किए जाते रहे हैं। अब विपक्ष के एक तबके ने कानून को 'असंवैधानिक' करार देते हुए उसे सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है, तो यह हास्यास्पद और पूर्वाग्रही लगता है। अलबत्ता अदालत में जाना भी विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है। अब सर्वोच्च अदालत नए वक्फ कानून की समीक्षा करेगी और अपना फैसला सुनाएगी। उसके बावजूद देश के कुछ हिस्सों में हिंसा, मारपीट, नफरत और आगजनी के दृश्य क्यों दिख रहे हैं? जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन कानून की प्रतियां फाड़ दी गईं, विधायकों ने जमकर हाथापाई की, सदन में हुड़दंग मचाया। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भी वामदलों और कांग्रेस के छात्र-नेताओं ने वक्फ बिल की प्रतियां फाड़ कर चिंदी-चिंदी बिखेर दीं। उन्हें जला भी दिया। उप्र के संभल, मुजफ्फरनगर, कानपुर आदि इलाकों में जिन्होंने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया था अथवा जो 'शुक्रिया भाईजान मोदी' के नारे लगा रहे थे, बैनर लहरा रहे थे, उन्हें बुरी तरह पीटा गया। मुजफ्फरनगर में एक बूढ़े शख्स को भी नहीं बख्शा गया। मणिपुर में बिल के समर्थक का घर तक जला दिया गया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल के विरोधी पुलिस से ही भिड़ गए। खूब हिंसा हुई और पुलिस वाहन फूंक दिए गए। घटनास्थल पर बड़े-बड़े पत्थर देखे गए, जाहिर है कि पथराव भी किया गया होगा! आखिर यह कैसा लोकतंत्र और कैसी संवैधानिकता है! यदि वक्फ के नए कानून के तहत मुसलमानों का कुछ छिन सकता है, मौलिक अधिकार खंडित हो सकते हैं, तो इंसाफ की गुहार के लिए सर्वोच्च अदालत है। ऐसे चेहरे शीर्ष अदालत में कानून को चुनौती दे चुके हैं। अदालत को अपना काम करने दें और फैसले का इंतजार करें। संसद में नागरिकता संशोधन बिल भी पारित किया गया था। उस पर करीब 250 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गईं। मामला अब भी लंबित है। 'तीन तलाक' को जब आपराधिक कानून बनाया गया, तो उसके खिलाफ भी 15 याचिकाएं दाखिल की गईं। अयोध्या के 'राम मंदिर' पर संविधान पीठ का फैसला आने के बाद भी पुनर्विचार याचिकाएं दी गईं। हालांकि उन्हें खारिज कर दिया गया। अनुच्छेद 370 पर तो कांग्रेस आज भी दावा कर रही है कि वह अब भी संविधान का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत उसे सर्वसम्मति से 'वैध' करार दे चुकी है, जो फैसला बहुमत से संसद ने पारित किया था। दरअसल एक विशेष तबके की फितरत ही ऐसी है कि उसे मोदी सरकार के संसदीय फैसलों का विरोध करना ही है। कमोबेश विपक्ष के कुछ चिह्नित चेहरों को संसद की गरिमा और फैसले को बरकरार रखना चाहिए था, क्योंकि ओवैसी, ए. राजा, मुहम्मद जावेद आदि लोकसभा के सदस्य हैं। वे बहुमत के फैसले के हिस्सेदार रहे हैं। फिर अदालती चुनौती महज सियासत के अलावा कुछ और नहीं है। वक्फ पर बहुत कुछ सामने आ चुका है। वक्फ बोर्ड के अधीन 9.4 लाख एकड़ जमीन में करीब 8.72 लाख संपत्तियां हैं। उप्र में ही सबसे ज्यादा 27 फीसदी संपत्तियों पर अवैध कब्जे बेनकाब हुए हैं। ऐसे ही कब्जे बंगाल-पंजाब में 9-9 फीसदी, तमिलनाडु में 8 फीसदी, कर्नाटक में 7 फीसदी, केरल में 6 फीसदी और तेलंगाना-गुजरात में 5-5 फीसदी हैं।

संसद में आधी रात तक बहस चलती रही, सत्ता और विपक्ष के सांसदों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं और मत-विभाजन के बाद बिल पारित किया गया। इससे अधिक और कारगर लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रिया और क्या हो सकती है? यही संसदीय प्रक्रिया सात दशकों से जारी रही है और बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। बिल पारित किए जाते रहे हैं। अब विपक्ष के एक तबके ने कानून को 'असंवैधानिक' करार देते हुए उसे सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है, तो यह हास्यास्पद और पूर्वाग्रही लगता है। अलबत्ता अदालत में जाना भी विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है। अब सर्वोच्च अदालत नए वक्फ कानून की समीक्षा करेगी और अपना फैसला सुनाएगी। उसके बावजूद देश के कुछ हिस्सों में हिंसा, मारपीट, नफरत और आगजनी के दृश्य क्यों दिख रहे हैं? जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन कानून की प्रतियां फाड़ दी गईं, विधायकों ने जमकर हाथापाई की, सदन में हुड़दंग मचाया। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भी वामदलों और कांग्रेस के छात्र-नेताओं ने वक्फ बिल की प्रतियां फाड़ कर चिंदी-चिंदी बिखेर दीं। उन्हें जला भी दिया।

### उपशाखाओं तथा समुदायों में विभक्त कर समस्त भाषाओं की गणना एक कुल में की जाती रही है

# हिन्दी की गिनतियों को सरल बनाने, सुधार आवश्यक !

आत्माराम यादव पीव

मनुष्यों के कुल गौत्र की भांति अगर भाषाओं को विभक्त करे तो हिन्दी, अँग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं के कुल, उपकुल, शाखाओं, उपशाखाओं तथा समुदायों में विभक्त कर समस्त भाषाओं की गणना एक कुल में की जाती रही है। ये कुल-उपकूल की शाखाओं में जैसे ईरानी, फारसी, ओर भारतीय आर्य भाषा है। ये सभी भाषाए कालचक्र की यात्राएं करते आ रही है इसलिए इन्हे प्राचीनकाल , मध्यकाल ओर आधुनिक काल में रखकर प्राचीनकाल में वेद उपनिषद आदि तथा मध्यकाल में पाली अशोक की धर्मलिपि की भाषा, साहित्यिक प्राकृत तथा अपभ्रंश आदि की बाद आज जो जातिगत सिंधी, उर्दू, बंगाली कन्नड, मलयाली, गुजराती, बिहारी, उड़िया, आसामी, ब्रज, बुन्देली आदि सभी भाषाए आधुनिक काल में हिन्दी अँग्रेजी के साथ प्रचलित है।

**संसार** की प्रचलित भाषाओं का वर्गीकरण करें तो देवभाषा संस्कृत सभी की जननी है जिसके वंशानुगत अन्य सभी भाषाएँ सहित देवनागरी लिपि हिन्दी भी है। मनुष्यों के कुल गौत्र की भांति अगर भाषाओं को विभक्त करे तो हिन्दी, अँग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं के कुल, उपकुल, शाखाओं, उपशाखाओं तथा समुदायों में विभक्त कर समस्त भाषाओं की गणना एक कुल में की जाती रही है। ये कुल-उपकूल की शाखाओं में जैसे ईरानी, फारसी, ओर भारतीय आर्य भाषा है। ये सभी भाषाए कालचक्र की यात्राएं करते आ रही है इसलिए इन्हे प्राचीनकाल , मध्यकाल ओर आधुनिक काल में रखकर प्राचीनकाल में वेद उपनिषद आदि तथा मध्यकाल में पाली अशोक की धर्मलिपि की भाषा, साहित्यिक प्राकृत तथा अपभ्रंश आदि की बाद आज जो जातिगत सिंधी, उर्दू, बंगाली कन्नड, मलयाली, गुजराती, बिहारी, उड़िया, आसामी, ब्रज, बुन्देली आदि सभी भाषाए आधुनिक काल में हिन्दी अँग्रेजी के साथ प्रचलित है। इन सभी भाषाओं का सिरमोर हिन्दी है ओर अँग्रेजी राष्ट्र पर थोपी भाषा है। उसी प्रकार गिनती है जिसकी त्रुटियों में सुधार की आवश्यकता है, चुकीं गिनती की व्यापकता सार्वभोम है जिसका प्रयोग देश की सरकारों से लेकर वित्तीय संस्थानों के अलावा सभी जगह विशिष्ट व्यक्ति से लेकर जंगलों में रहने वाले वर्ग ओर समाज तक अपने-अपने ढंग से कामकाज चलाने के लिए उपयोग करते है, जो उनके लिए प्राथमिकता बनकर रह गयी है , जबकि सभी जानते है की हमारे पूर्वज गिनती ओर पहाड़े के सीमित दायरे में जीते हुये अपने अनुभवों से सभी को नाकों चने चववा देते थे। देखा जाए तो आजादी के बाद भारत सरकार ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा के स्थान पर राजभाषा घोषित कर संसद में 15 वर्षों में अंगेजी के स्थान पर हिन्दी का स्थान लिए जाने की बात कर विधान की धारा 351 के अनुसार सभी सरकारों पर हिन्दी ओर देवनागरी लिपि को विशेष प्रकार से उन्नयन करने का दायित्व लेने के बाद आज तक हिन्दी को उपेक्षित रखा है। जबकि तत्समय हिन्दी की गिनतियों में अनेक प्रकार की जटिलताओं को दूर कर गिनती को सरल ओर सहज बनाने के लिए परिवर्तन, संशोधन ओर परिवर्द्धनो के सुझाव भी हिन्दी सम्मेलनों के द्वारा रखे गए थे जिसमें अंग्रेजी ओर संस्कृत भाषा की गिनतियाँ को आधार मानकर हिन्दी वर्णमाला की



गिनतियों को समक्ष रखकर हिन्दी के धुरंधर एवं सुधारवादी विद्वानों के उस दिशा में सतत प्रयत्नशील सुझावों को स्थान देना था। 16 जुलाई 1951 आषाढ़ की प्रतिपदा को प्रयाग में देश के मूर्धन्य साहित्यकारों- लेखकों ओर हिन्दी के मर्म विशेषज्ञों को लेकर हिन्दी सम्मेलन में तत्समय के डॉ॰एपी चतुर्वेदी,एमडी एमएसएच साहित्यरत्न के द्वारा हिन्दी गिनती को सरल बनाने के लिए प्रस्तुत सुझावों को सभी ने स्वीकारा था जो सुधार हेतु भारत सरकार के पास भेजा गया किन्तु तत्समय के विषय को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने वाले जिम्मेदारों ओर राष्ट्र के शिक्षा मंत्री के संज्ञान में लिए बिना इसे विस्मरण कर दिया गया ओर तब से अब तक हिन्दी की गिनती जो हम सभी के लिए सहज ओर सरल होनी थी, उसका लाभ से वंचित होने से यह गिनती अब तक जटिल बनी रही, जिसे सुधारा जाकर सरल बनाने से आने बाली पीढ़ियों को इसकी उपयोग लाभप्रद होगा जिससे इन्हे वंचित नही किया जाना चाहिए। आजादी के बाद हिन्दी की इन गिनतियों को बीते 8 दसक से जो शिशु-वर्ग के विद्याथियों के सम्मुख सुधार के बाद सहज ओर सरल रूप से पढ़ाया जा सकता था किन्तु दुर्भाग्य ही कहिए कि इसके लाभ से दो-तीन पीढ़िया वंचित रह चुकी है, परिणाम स्वरूप तब से अब यह हिन्दी गिनती सभी के लिए जटिल समस्या बन कर शिशुओं-बच्चो के कोमल मस्तिष्क के लिए एक भारी बोझ बनी, जिसे उन्होने स्वीकारा ओर सीखा। अगर देश की हिन्दी अकादमी जैसे अनेक संस्थाए जो हिन्दी को पोषित ओर संरक्षित करने पर अब तक करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है वे हिन्दी के शोध को महत्व देकर इन त्रुटियों की ओर गंभीरता से ध्यान देती तो हिन्दी की गिनतियो को सुधारा जाकर इन गिनतियों को सहज बोधगम्य बनाया जाकर इसका ज्ञान विस्तारित किया जा सकता था, जिसके अभाव में अब तक जो अध्यापक मार-मार कर गिनती पहाड़े रटाते रहे, उससे राहत मिल सकती थी , जो नहीं मिली है, अगर यह हमारे समक्ष उजागर हुई ही तो क्यों न हम इसमें सुधार कर इसे सार्वजनिक मान्यता देकर स्वीकार कर हिन्दी का मान सम्मान को प्राथमिकता से अंगीकार करे। आप हो या हम सभी ने अपने छात्र जीवन में कक्षा आठवी ओर उसके आगे की कक्षाओं में तथा उसके बाद आज भी हिन्दी की गिनती के इन अंकों 69 (उनहत्तर), 59 (उनसठ) ,89 (नवासी) ओर 79(उन्यासी) आदि गिनती का अन्तर नही समझ पाते और अधिकांश चूक कर बैठते है ओर 59 (उनसठ) को 69 (उनहत्तर) कहने की गलती करते है ठीक उसी प्रकार 79 (उन्यासी) को 89 (नवासी) या 69 (उनहत्तर) को 59 (उनसठ) ओर 89 (नवासी) को 79 (उन्यासी) कहने की गलतिया दोहराई जाती है। जबकि संस्कृत ओर अंग्रेजी भाषा की गिनतियों की ज्यादा दिमाग पच्चीसी किए बिना कम समय में ओर रुचि लेकर इसे सभी लोग आसानी से सीख लेते है। आपको मेरी बातें भले मूर्खतापूर्ण लगे किन्तु यह आपको चिंतन करना ही है की इन दो भाषाओं को छोड़ हिन्दी की गिनतिया क्या इन दोनों भाषाओं की तुलना में कठिनाईपूर्ण ओर जटिल नहीं है ओर क्या इसमें भ्रम की स्थिति निर्मित होने से उसे समझने में समय लगने के साथ मन की लिए उलझाव जैसे स्थिति निर्मित नहीं होती है। आइए इनका विवेचन हेतु सूक्ष्मता को समझे ओर इसकी जटिलता ओर सरलता के भेद को जाने। पहले हम आंग्लभाषा/अंग्रेजी ओर देवनागरी हिन्दी की तुलना कर अध्ययन करें तो एक से लेकर दस तक अर्थात दहाई के अंक तक की गिनती पर ध्यान दे तो ये दोनों भाषाओ की गिनती समान रूप में चलती है, जिसमें गिनती पढ़ने वालों के समक्ष केवल नामकरण मात्र का अन्तर दिखाई देता है। जब दहाई के साथ इकाइयाँ मिलती है, तब उनके नाम-करण में परिवर्तित होता दिखाई देता है मात्र 10 के बाद की दो गिनतिया 11 ओर 12 हिन्दी में नियमानुसार पायी जाती है। ग्यारह (एकादश) दस और एक के योग (10+1= 11) से बनता है, इसके नामकरण का वही नियम है जो कि आगे की गिनतियो का परिणाम होगा।

दृष्टि कोण

# प्रदेश में शराब की बिक्री और नशामुक्ति

**दुनिया** में मद्यपान अर्थात शराब पीने-पिलाने का प्रचलन सदियों पुराना है। शराब को कई अन्य नामों से भी जाना जाता है, जैसे मदिरा, मद्य, नशा, सुरा, हाला, आसव, वारुणी, मधु और इरा आदि। ऐसा अनुमान है कि विश्व में शराब को सबसे पहले 7 हजार साल पहले चीन के लोगों ने बनाया था, जहां उत्तरी पीली नदी के किनारे बाजरे को सड़ाकर शराब बनाई गई होगी। यह पहले की तुलना में बेहतरीन शराब साबित हुई। हालांकि हमारे शास्त्रों में देवताओं के लिए सोमरस नामक पेय पदार्थ का उल्लेख भी आता है। साधारणतः शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन लोग आनंद के लिए करते हैं। इनके सेवन से थोड़े समय के लिए आनंद की अनुभूति होती है, आत्मविश्वास बढ़ा हुआ महसूस होता है तथा शरीर ऊर्जा से लबरेज लगता है। शराब तनाव और चिंता को कम करते हुए उत्साह बढ़ाती है और थकावट को दूर करती है तो वहीं इसके सेवन से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभावों से भी सभी भली-भांति परिचित ही हैं। भारत में बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में शराब का सेवन प्रतिबंधित है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे एनएफएचएस-4, 2014-15 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 15 से 49 आयु वर्ग के 29.2 फीसदी पुरुष अल्कोहल/शराब का सेवन कर रहे थे। जहां तक भारत के राज्यों का सवाल है तो अरुणाचल प्रदेश की 59 प्रतिशत पुरुष आबादी शराब का सेवन कर रही थी तो दूसरे नंबर पर त्रिपुरा की 58 प्रतिशत, तेलंगाना की 54 फीसदी, छत्तीसगढ़ की 53, मणिपुर की 53 और हिमाचल प्रदेश की 40 फीसदी पुरुष जनसंख्या शराब पी रही थी। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के अनुसार, लक्षद्वीप में केवल 0.4 फीसदी पुरुष और 0.2 फीसदी महिलाएं शराब का सेवन कर रही थीं। यह भी कड़वी सच्चाई है कि शराब के सेवन से दुनिया भर में हर साल 30 लाख लोगों की मृत्यु होती है। हिमाचल की आर्थिकी का मजबूत स्तंभ माने जानी वाली शराब नीति के तहत इस बार हिमाचल प्रदेश में 18 मार्च से 2100 शराब ठेकों की नीलामी शुरू हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने नीलामी के लिए जिलावार शेड्यूल जारी कर दिया था और आगामी वित्त वर्ष के लिए शराब ठेकों की नीलामी से 2850 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। नीलामी प्रक्रिया के तहत एल टू, एल 14 और एल-20 बी का आवंटन किया जाना था। लेकिन ऐसा देखने में आया है कि कई जिलों में बेस प्राइस बहुत अधिक होने के चलते शराब कारोबारियों ने नीलामी प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया। अभी तक हिमाचल में 400 शराब ठेकों के लिए खरीददार नहीं मिले हैं। लिहाजा प्रदेश में सरकार अब उन शराब ठेकों को अकेले-अकेले बेचेगी, जिनके लिए अभी तक किसी ने टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया है। अब कोई भी व्यक्ति इसके लिए अपनी निविदा डाल सकता है और केवल 50 हजार की अर्नेस्ट मनी के साथ इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। आज भारतीय मादक शराब पेय उद्योग दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा राजस्व एकत्रित करने वाला उपक्रम है और भारत की कोई भी सरकार अपने आर्थिक हितों के लिए इससे समझौता करने के पक्ष में नहीं दिखती है। हालांकि हिमाचल सरकार ने लोगों की सेहत और स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो, इसके दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश आबकारी संशोधन विधेयक को सदन में ध्वनिमत से पारित भी करवाया है। इस कानून के प्रावधानों के तहत हिमाचल प्रदेश में अब अवैध, गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर संपत्ति जब्त होगी। पांच साल तक की कैद और पांच लाख रुपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक पारित होते ही हिमाचल अवैध, गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर एक्साइज एक्ट के तहत संपत्ति जब्त करने वाला अब देश का पहला राज्य बन गया है। अन्य राज्यों में पुलिस एक्ट के तहत यह कार्रवाई होती है, वहीं हिमाचल सरकार ने अब मामले को संज्ञेय अपराध भी बना दिया है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संज्ञेय अपराध की परिभाषा ऐसे अपराध के रूप में की गई है जिसमें गिरफ्तारी के लिए किसी वारंट की जरूरत नहीं होती है। इस प्रकार के मामलों को गैर जमानती भी बना दिया गया है। चूंकि हिमाचल सरकार पहले से ही आर्थिक संकट के दौर गुजर रही है, लिहाजा ऐसे कानूनों द्वारा प्रदेश में अवैध गैर कानूनी शराब की तस्करी और बेचने पर लगाम लगेगी, अपितु कानूनी रूप से शराब ठेकों की नीलामी से सरकार को पर्याप्त राजस्व की प्राप्ति भी होगी। एक लेखक एवं जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आम लोगों को मैं जरूर आगाह करना चाहूंगा कि शराब का अत्यधिक सेवन करने से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं।

कुछ अलग

# नई सदी में नए मुखौटे

**अपने** देश में जो काम होता है, पूरी निष्ठा के साथ होता है। इसीलिए तो इस देश को निष्ठावान देश कहा जाता है। आज से नहीं सदियों से कहा जाता है। यह मामूली बात है कि वक्त गुजरने के साथ-साथ यहां लोगों की निष्ठा के पैमाने बदल गए हैं। मुखौटे तशरीफ ले आए हैं। वे दिन गए, जब अध्ययन के दिनों में पूरी निष्ठा से पढ़ाई और अध्यापन के दिनों में पूरी निष्ठा के साथ अध्यापन होता था। इस देश के लोगों के प्रतिबद्ध संस्कारों की कसम पूरी दुनिया में खाई जाती रही। अब वक्त बदल गया। संस्कार तो वही हैं। निष्ठा भी वही है और प्रतिबद्धता भी वैसी ही है। लोगों की स्थिति को देखने, सपनों की उड़ान भरने के दृष्टिकोण बदल गए हैं। पहले तप-तपस्या और मेहनती लोगों की भूमि था यह देश। बरसों तप करते और तब लोग अपना अभीष्ट सिद्ध करने का साहस करते। अब तो प्यारे, दुनिया अजब हड़बड़ी में नजर आती है। आज भी यहां संस्कृति और संस्कार की बातें होती हैं, लेकिन ये बातें शार्टकट संस्कृति की हैं, हथेली पर सरसों जमाने के संस्कारों की हैं। अब यहां हर हवेली में चोर दरवाजे रखने आवश्यक हो गए हैं, और उम्र भर भरपूर मेहनत के साथ सीधी सपाट राह पर चलते हुए सफलता प्राप्त करने की इच्छा को बौड़म माना जाता है। कभी पढने लिखने को तप-तपस्या से जोड़ा जाता था, लेकिन अब तपस्या ऐसी हो जो महाग्रंथों को पढने के स्थान पर उनकी सरल गाइड बनाए और अध्यापक ऐसा जो आपको नकल के मोरपंख लगा कर उडना सिखाए। न भी उड़ सको तो क्या? सफलता की खबर आजकल सफल होने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। प्रचार खबरों में जियो बंधु! सच्ची नहीं तो अपने लिए झूठी खबरों का तूमार खड़ा कर लो। खलनायक से नायक बनने में देर ही कितनी लगती है? सिर्फ मीडिया को गोद में लेने की बात है। तभी तो आजकल इसे दुलार कर गोदी मीडिया कहा जाता है। इसे पटा लो, तुम्हारी सात समुद्र पार तक अपनी विजय पताका लहराते देर नहीं लगेगी। नई सदी की नई हवा बही है, 'पढ़ाई नहीं नकल में महारत हासिल करके ठेले पर हिमालय लाद कर ला सकते हो।' अध्यापक वह जो कक्षा में पढ़ाए तो न, केवल आपके लिए नंबरों का जुगाड़ करे। जुगाड़ क्यों, आजकल तो मौसम गारंटी देने का है। बस, अपनी धरती छोड़ पराई धरती पर जा बसने की इच्छा रखने वालों को परीक्षा में उचित बैंड दिलवा देने की गारंटी दे दो, फिर तुम्हारी पौ-बारह है। जिसे आपने वैध या अवैध रूप से पराये देश भिजवा दिया, वह तो आपकी चरणरज्ज को स्वर्ण रज्ज बना ही देगा। जिन्होंने 'अधिक गलत काम सही तरीके से' आपको विदेश भिजवाने का काम जमा लिया है, उन्होंने तो अपने देश में ही अमरीका, कनाडा बना लिया। देखते नहीं हो, रुपए का मूल्य डालर के मुकाबले रिकार्ड स्तर पर गिर गया है। लोग विनिमय दर के बदल जाने से बैठे बिठाए करोड़पति हो गए। उनके पास न हींग था न फिटकरी, लेकिन देखो रंग कितना चोखा आ गया। इसी को तो ठेले पर हिमालय लाद कर लाना कहते हैं। आजकल न जाने कितने चतुर सुजान अपने-अपने ठेले पर हिमालय लाद कर ला रहे हैं, और तुम उसी प्रकार पूरी निष्ठा के साथ रोजगार दफ्तरों के बाहर अपने प्रमाणपत्रों का पुलिंदा उठाए खड़े हो। काश! इस पुलिंदे की जगह तेरे पास नोटों का पुलिंदा होता तो तुझे किसी कतार में खड़े होने की जरूरत न पड़ती। अपना हांका देकर नौकरी लेता, और फिर नेता जी की जय का नारा बुलंद करके कह देता, देखो इनके आते ही नौकरियों का चाहवानों में चोरी-छिपे बिकना बंद हो गया। अब तो खुली बोली लगती है। जो मोल चुका सके, नौकरी बेगम उसी की हुई।

देश दुनीया से

# जीवत मरिए, भवजल तरिए

**हमारे** जीवन में कशमकश का एक ही कारण है, और वह कारण है हमारा अल्हड़ मन। हमारा मन एक तालाब की तरह है। इसमें उठने वाली तरंगें ही हमसे अपना मनचाहा करवा लेती हैं। मन में उठने वाली तरंगों का स्रोत हमारी बाह्य इंद्रियां हैं। हमने कुछ देखा, पढ़ा, सुना और मन में एक विचार बना, हमने उस पर ध्यान फोकस किया, जैसे ही हमने उस पर ध्यान फोकस किया वह मानो ऐसा हुआ जैसे किसी तालाब में किसी ने पत्थर फेंक दिया और उसके प्रतिक्रिया स्वरूप उस तालाब में कई-कई तरंगें उठने लगीं, और उन तरंगों का विस्तार होता चला गया। हमारे विचारों का भी यही हाल है। यदि हम किसी विचार पर ध्यान फोकस करते हैं तो वह तरंगों की तरह विस्तार पा लेता है। सिर्फ एक विचार मन में आया और जैसे ही हमने उस पर फोकस किया, उससे जुड़े कई और विचार, कई और कल्पनाएं उमड़-उमड़ कर आने लग गईं और विचारों का एक पूरा जाल बन गया। वह विचार एक इच्छा बन गया, एक चाह बन गया और अगर चाह पूरी हो गई, सपना साकार हो गया, तो हम खुश हो गए, पर कुछ ही दिनों में जब हम उसके आदी हो गए तो किसी अगली इच्छा, अगली चाह पर ध्यान फोकस हो गया, इच्छाओं का यह चक्र असीमित है, चलता ही रहता है, और हर एक इच्छा के बाद एक नई इच्छा का जन्म हो जाता है। हर नई इच्छा की पूर्ति के लिए हम कोशिशें करते हैं और जीवन भर एक अनंत चूहा दौड़ के चक्रव्यूह में फंसे रहते हैं। जब तक इच्छा पूरी नहीं होती, हम खुश नहीं होते, क्योंकि इच्छा का, चाह का मतलब ही यह है कि हम कुछ ऐसा चाहते हैं जो अभी हमारे पास नहीं है। इच्छा का मतलब ही यह है कि हम में कोई कमी है, और इस कमी को दूर किए बिना हम संतुष्ट नहीं रह सकते, खुश नहीं रह सकते। इसके विपरीत अगर कोई इच्छा पूरी नहीं हो पा रही तब तो असंतुष्टि का, बेचैनी का, दुख का हिसाब ही मुश्किल है। इच्छा या चाह ही वह कारण है जो हमें जीवन भर दुखी बनाए रखता है। हम यह भी जानते हैं कि जन्म हुआ है तो मृत्यु निश्चित है। जो भी जन्मा है, वह नष्ट होगा ही। कुछ और निश्चित हो न हो, मृत्यु तो निश्चित है ही। हमारे जान-पहचान में अगर किसी व्यक्ति का स्वर्गवास हो जाए और हम उनकी शव यात्रा में शामिल हों, शमशान तक जाएं तो वहां अक्सर हमें जीवन की निस्सारता का भान होता है, तब यह भाव मन में आता है कि जीवन क्षणभंगुर है और हम में अध्यात्म का जागरण होता है, लेकिन जैसे ही हम वापस घर आते हैं तो दुनियादारी के अपने कामों में मशगूल होकर वे सारे भाव भूल जाते हैं। फिर वही रुटीन, वही झूठ, वही फरेब, वही दिखावा, वही गुस्सा, वही जलन, वही शिकायतें, सब की सब हमारे जीवन में वैसे ही लौट आती हैं, जैसे पहले थीं। शमशान में पहुंच कर जो भाव आए थे, वे बहुत कमजोर थे और जल्दी ही हमने उन्हें भुला दिया। इच्छाओं का जाल और जीवन की निस्सारता को जानते-समझते हुए भी हम गाफिल बने रहते हैं और यह मान कर चलते हैं कि वह क्षण कभी आएगा ही नहीं, जब हम इस दुनिया में नहीं रहेंगे। हम उस क्षण को देखना ही नहीं चाहते। मृत्यु का केवल विचार ही एक ऐसा अनुभव है जो अत्यंत कष्टदायी है, दुखदायी है और हम इसका सामना करने को जरा भी तैयार नहीं हैं। मृत्यु एक अटल सत्य है, लेकिन इसके जरा से स्मरण और आहट मात्र से ही हम भयभीत हो जाते हैं, ऊहापोह की स्थिति में आ जाते हैं, विचलित हो जाते हैं, जबकि सिद्ध पुरुषों, योगियों और संतों ने कहा है कि जो मृत्यु को जान लेता है, उसके लिए मृत्यु नृत्य है, उत्सव है, आनंद है और काल उसका दास हो जाता है। ध्यान, धारणा और समाधि के प्रति सजग होकर योगीजन मृत्यु की अनुभूति कर लेते हैं। यही मुक्ति का मार्ग है। सहज समाधि की स्थिति को पाने के लिए जिन शुरुआती साधनों का सहारा लिया जाता है उनमें शामिल हैं श्वास पर ध्यान, मौन की साधना, सजग आत्मचिंतन, व्रत और सत्संग। सांसों पर ध्यान देकर, मौन की साधना करके, एकांतवास में आत्मचिंतन द्वारा, व्रत-उपवास व ज्ञानी जनों की संगत में रहकर निरंतर प्रयत्न करते हुए हम सहज समाधि की स्थिति में जाने का अभ्यास कर सकते हैं। सहज संन्यास मिशन के तत्वावधान में जब हम इन साधनों का उपयोग करते हुए आगे बढना सीखते हैं तो हमें बार-बार समझाया जाता है कि यह एक दिन या कुछ दिन का काम नहीं है। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जैसे हमें हर रोज पौष्टिक भोजन और व्यायाम की आवश्यकता होती है, वैसे ही मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी निरंतर प्रयत्न और अभ्यास आवश्यक हैं। धीरे-धीरे वह स्थिति आ जाती है जब मृत्यु हमें डराती नहीं, जब हम समाधि में जाकर शरीर से अलग होकर प्रकाशपुंज बन जाते हैं और अपनी इच्छा से शरीर में फिर वापस आ जाने के काबिल हो जाते हैं तो हम जीवन, मृत्यु, संसार और अध्यात्म का सार जान लेते हैं और फिर मृत्यु एक डरावना सच न होकर हमारे लिए बस एक आनंददायक घटना बनकर रह जाती है। तब मृत्यु एक अनुपम, अलौकिक और रोमांचकारी अनुभव बन जाती है। मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण अथवा कैवल्य कही जाने वाली यही वह स्थिति है जब हम जिंदा होते हुए भी मृत्यु के पार का सच जान लेते हैं और जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष पा लेते हैं। इस मामले में एक सामान्य व्यक्ति और किसी सिद्ध योगी के अनुभव के अंतर को समझना हो तो हम कह सकते हैं कि जब हम गहरी नींद में आराम कर रहे होते हैं तो उस स्थिति में भी हमारा मन और चित्त जागृत रहकर सजग रहते हैं तथा जीवात्मा शरीर से निकल कर मन के साथ भ्रमण करती है। सामान्य भाषा में तब हम स्वप्न की स्थिति में होते हैं, सपना देख रहे होते हैं, पर स्वप्न में जो कुछ होता है, हम उसे नियंत्रित नहीं कर सकते, बदलना चाहें तो भी बदल नहीं सकते। सपने में जो चल रहा है, हम सिर्फ उसके साक्षी हो सकते हैं और अधिकांश स्वप्न तो हमें याद भी नहीं रह पाते। इसके विपरीत समाधि की अवस्था में रहते हुए कोई योगी पूर्णतः जाग्रत होता है। समाधि का हर अनुभव उसे ज्ञात होता है, यह बात अलग है कि बहुत से दिव्य अनुभव ऐसे होते हैं जिन्हें शब्दों में बयान कर पाना संभव ही नहीं है। अपने विचारों के प्रति जागृत रहकर, अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करके हम यह जीवन में भी मृत्यु के पार के अनुभव का लक्ष्य पा सकते हैं। इसी स्थिति को गुरुओं ने 'जीवत मरिए, भवजल तरिए' की उपमा दी है। इसे ही पाना हमारा परम लक्ष्य है।

आप का नजरीया

# व्यापार बदलती सौगंध

**एक** व्यापार वो है जो हट्टी से शोरूम तक पहुंच गया। दूसरा व्यापार वो है जो पूरे बाजार को दोपहिया वाहन पर ले आया। तीसरा व्यापार वो है जो मानवीय व्यवहार के परिवर्तन और व्यवस्था के मायनों से लड़ रहा। व्यापार अब सीधे स्वरोजगार है और स्टार्ट अप के जरिए उपभोक्ता जरूरतों को सेवा की श्रेणी और श्रृंखला में पूरा कर रहा है। इसके विपरीत हिमाचल के पारंपरिक बाजार भविष्य की व्यापारिक क्षमता से लड़ रहे हैं। अब बाजार न तो एकाधिकार है और न ही सीमित प्रतिस्पर्धा का आंगन। यहां इस बार जिक्र इसलिए क्योंकि मेलों के प्रारूप में आ रहे परिवर्तन से बाजार की पारंपरिक सोच सीधे आमने सामने है। यहां जिक्र धर्मशाला नगर निगम के तहत दाड़ी मेले में करीब सवा करोड़ में बिके डोम का है, जिसे स्थानीय बाजार कबूल नहीं कर रहा। यह व्यापार की प्रतिस्पर्धा, नवाचार की उत्कंठा, उपभोक्ता के सामने बदलती प्रस्तुति व खरीददारी में मनोरंजन की खुराक है, जिसे पारंपरिक बाजार अपने एकाधिकार से रोकना चाह रहा है। एक दूसरा परिदृश्य इसी शहर के कोतवाली बाजार का है, जहां का व्यापार मंडल ट्रैफिक सिस्टम को सुधार कर आगमन में सुकून लाना चाहता है। बाजार के नौ एंट्री प्वाइंट को वन वे ट्रैफिक सिस्टम में बांट कर व्यापार मंडल उपभोक्ताओं को सुकून का वादा करता है। ऐसे में सरकार और प्रशासन को पारंपरिक बाजारों को नए परिदृश्य में प्रासंगिक बनाने की चुनौती है। अब उपभोक्ता ऐसे बाजार का रुख नहीं कर रहा, जहां हट्टी पर चढ़ा व्यापार एकमात्र उपाय है। कुछ वर्ष पहले हमीरपुर बाजार को नो ट्रैफिक जोन बना कर माल रोड में परिवर्तित करने की मांग हुई, लेकिन हट्टी अड़ गई, नतीजतन बाजार अब हर कदम पर ट्रैफिक अव्यवस्था है। व्यापारी वर्ग अब मुख्य बाजारों से दूर हट कर साथ लगते हाई-वे की ओर अपने प्रतिष्ठान ले जा रहे हैं। पार्किंग सुविधा से सुसज्जित बाजार अब बदलते व्यापार की खुशखबर हैं, तो आने वाले समय में फोरलेन परियोजनाएं खरीददारी के रोमांच को सप्ताहांत सैर सपाटे से जोड़ देंगी। हिमाचल में सेहत के प्रति जागरूकता और नए मेडिकल कालेजों की स्थापना ने मेडिकल सिटी की अवधारणा में एक नया बाजार खोल दिया है। बच्चे जलेबी-पकौड़े से पिज्जा की ओर गए, तो बाजार डिलिवरी मैन के जरिए घर तक पहुंच गया। आने वाले समय में टायरों पर बाजार उगे होंगे और व्यापार 24 घंटे घर द्वार आपूर्ति कर रहे होंगे। ग्रॉसरी की खरीद-फरोख्त में ब्लिंकिट, बिग बास्केट, जेप्टो, सुपर डेली व ग्रोफर्स के आगमन से बाजार बेखबर नहीं रह सकता। ऐसे में बाजार, व्यापार और व्यापार मंडलों को अपनी भूमिका तथा प्रदर्शन में बदलाव करना पड़ेगा। पुराने और परंपरागत बाजारों को बचाने के लिए इन्हें मॉल की शक्ल में बदलाव करना होगा, जबकि ग्राहक को निजी वाहन में आने के लिए एक निश्चित स्थान में पार्किंग सुविधा का इंतजाम करते हुए बाजारों में इलेक्ट्रिक कार्ट चलाने होंगे। अगर शहर बड़े, नगर निकाय क्षेत्र बड़ा और इनका प्रबंधन नगर निगम के स्तर तक पहुंच गया है, तो बाजारों को भी बदलना और आगे बढना होगा। पड़ोसी राज्यों में शॉपिंग के लिए जाते प्रदेशवासियों को रोकने के लिए नवाचार पैदा करना होगा। राज्य सरकार को शहरी योजनाओं के जरिए पारंपरिक बाजारों के उत्थान और नए बाजारों की स्थापना के लिए धन उपलब्ध कराना होगा।

## रक्सी गांव में ट्रांसफार्मर जला, सैकड़ो घरो में छाया अंधेरा




**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के धनगड़ा पंचायत के रक्सी गांव में लगा ट्रांसफार्मर पिछले एक पखवाड़े से खराब पड़ा हुआ है। जिससे सैकड़ो उपभोक्ताओं के घर बिजली बाधित है। मिश्रोल पीएसएस अंतगर्त धनगड़ा फीडर के रक्सी गांव में तालाब स्थित लगा दोनों ट्रांसफार्मर पंद्रह दिनों से खराब है। बताया गया कि विभाग द्वारा 25 kv का दो ट्रांसफार्मर लगाया गया है, एक ट्रांसफार्मर एक माह पूर्व ही खराब हो गया। जिसके उपरांत विभाग कर्मियों द्वारा दूसरे ट्रांसफार्मर से सभी उपभोक्ताओं को बिजली बहाल कर दी गई, परंतु बहुत दिन नही चल पाया और दूसरा ट्रांसफार्मर भी दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उपभोक्ता अत्यधिक होने के कारण बार बार ट्रांसफार्मर जल रहा है। विभाग से 100या 63 kv का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया है। उपभोक्ताओं ने विधायक, सांसद व पंचायत जनप्रतिनिधियों समेत विभाग अधिकारी को सूचना दिया है, लेकिन ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका है, जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## बेमौसम बारिश व आंधी तूफान ने बरपाया कहर



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार दोपहर के बाद हुई बेमौसम बारिश के साथ आंधी तूफान ने क्षेत्र में कहर बरपाया दिया, जिससे गेहूं के फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा क्षेत्र मे विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई है, जिससे लोगों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज आंधी तूफान के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। हालांकी बिजली मित्र शुक्रवार को पूरे दिन जगह-जगह पर गिरे हुए बिजली तार को दुरुस्त करने में लगे रहे, लेकिन देर शाम तक प्रखंड में बिजली बहाल नहीं हो सका।

## आयकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर द्वारा टंडवा में की गई छापेमारी, मचा हड़कंप

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वाणिज्य कर विभाग अन्वेषण ब्यूरो हजारीबाग द्वारा टंडवा कोयलांचल में छापेमारी से जालसाजी और फर्जीवाडा करने वाले अधिकारियों ने भी हड़कंप मचा हुआ है। हज़ारीबाग आयकर विभाग हज़ारीबाग टीम द्वारा शुक्रवार को टंडवा में संचालित एक दर्जन से अधिक व्यावासिक प्रतिष्ठानों में की गई ताबड़तोड़ एक साथ औचक छापेमारी से घंटों अफरातफरी मचा रहा। दो छोटे वाहनों से पहुंचे जांच टीम का नेतृत्व असिस्टेंट कमिश्नर बिनोद कुमार मिंज कर रहे थे। वहीं छापेमारी की भनक लगते हीं कई संचालक अपने-अपने प्रतिष्ठानों का शटर बंद कर मौके से फरार हो गये। जो चपेट में आये टीम ने वहां बारिकी से बिक्री व भंडारण पंजी समेत आय व्यय का लेखा-जोखा समेत अन्य चीजों की बारिकी से पड़ताल करते दिखाई दिये। कार्रवाई के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु पूछे जाने पर असिस्टेंट कमिश्नर श्री मिंज ने आधिकारिक तौर पर कुछ भी बताने से साफ इंकार करते हुवे उन्होंने बताया कि सिर्फ उनके कार्यालय से हीं जानकारी दी जा सकती है।


# प्रिंसपाल सुरेन्द्र दास को रिश्वत नहीं मिलने से दो बच्चियां शिक्षा से वंचित

➲ दोनों बच्चियों से ली गई प्रवेश परीक्षा, दोनों हुई उत्तीर्ण

रिश्वत नहीं मिलने के कारण, सीट खाली नहीं रहने का दिया गया हवाला

➲ प्रोजेक्ट गर्ल्स अपग्रेड प्लस टू स्कूल सिमरिया में रिश्वत लेकर की गई है एडमिशन

➲ प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चियां का भविष्य लटका, जिम्मेवार कौन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के बानासांडी स्थित मुख्य सड़क किनारे स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स अपग्रेडेड प्लस टू स्कूल के प्रिंसपल सुरेन्द्र दास द्वारा इन दिनों बच्चों के अभिभावक द्वारा एडमिशन कराने के नाम पर रिश्वत रूपी पांच हजार नहीं दिए जाने पर छात्रा असफ़ा नाज और होमिरा नाज पिता मो इकराम ग्राम बन्हे का भविष्य अंधकार में लटक गया है। जिसे लेकर दोनों छात्रा के पिता मो इकराम ने उपायुक्त और शिक्षा विभाग के उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से जांच कर उक्त प्रिंसपल सुरेन्द्र कुमार दास पर कानूनी कारवाई करने की मांग किया है। दोनों छात्रा असफ़ा नाज और होमिरा नाज के पिता मो इकराम ने बताया कि प्रोजेक्ट गर्ल्स अपग्रेडेड प्लस टू विद्यालय सिमरिया में दोनों बच्चियों की एडमिशन के लिए निकाले गए तिथि के अनुशार ऑनलाइन फॉर्म अपलाई किया था। जहां अपलाई के बाद दोनों का एडमिट कार्ड प्रवेश परीक्षा के लिए दिया गया। निर्धारित तिथि के अनुशार दोनों छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा का एग्जाम उक्त विद्यालय में लिखी और दोनों पास कर गई। इसी बीच प्रिंसपल सुरेन्द्र कुमार दास द्वारा दोनों छात्राओं को बोल कर खबर भेजवाया गया कि यदि एडमिशन लेना है तो अपने परिजन को पांच पांच हजार रुपए लेकर भेजो। मैं बच्चियों के बातों को अनसुना कर दिया चुकी मेरे पास दोनों बच्चों के एडमिशन के लिए दस हजार रुपए नहीं था। अंत में मैं दोनों बच्चियों को लेकर विद्यालय पहुंचा और प्रिंसपल सुरेन्द्र कुमार दास से मिला। प्रिंसपल सुरेन्द्र कुमार दास ने दोनों बच्चियों का एडमिशन लेने से साफ इंकार कर दिया। कहा कि अब हमारे पास कोई सीट खाली नहीं है। ऐसी परिस्थिति में दोनों का एडमिशन नहीं लिया जा सकता है। जिससे साफ जाहिर होता है कि प्रिंसपल सुरेन्द्र कुमार को रिश्वत रूपी रुपए नहीं देने के कारण दोनों बच्चियों के एडमिशन नहीं लिया जा रहा है। जिससे दोनों बच्चियों को रो रो कर बुरा हाल है। बच्चियों का कहना है कि हम लोग इंट्रेस का परीक्षा देकर पास किया है। यदि सीट नहीं था तो विद्यालय द्वारा परीक्षा क्यों लिया गया।यदि सीट नहीं था तो एडमिट कार्ड क्यों जारी किया गया। इस तरह विद्यालय में रिश्वत का गोरख धंधा जोरों पर है ।यह मामला पहला नहीं है ।इस तरह कई परिजनों ने रिश्वत लेने की शिकायत पत्रकारों और पदाधिकारियों से कर चुके है। इस तरह दोनों बच्चियों का शिक्षा और जीवन रिश्वत का भेंट चढ़ गया है।

## निलंबित वशिष्टनगर थाना प्रभारी बनाए गये हंटरगंज थानेदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अवर निरीक्षकों और थानेदारों को निलंबन से लेकर फेर बदल की चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक निलंबित थानेदार को हंटरगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। जिसके चर्चे क्षेत्र में जोरो पर है। पुलिस अधीक्षक द्वारा करीब तीन दिन पूर्व वशिष्टनगर के निलंबित थानेदार प्रभात कुमार को हंटरगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पिछले चार जनवरी को वशिष्टनगर के थानेदार प्रभात कुमार और एक एसआई अभय कुमार को कृत कर्त्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता, मनमानेपन, संदिग्ध आचरण एवं पुलिस की छवि को धूमिल करने के आरोप में दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था और इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए आदेश दिया गया था। अब रही बात सिमरिया थानेदार मानव मयंक की तो उन्हें निलंबित कर लाइन हाजिर किया गया। फिर हंटरगंज थानेदार बना दिया गया, वे करीब एक सप्ताह हंटरगंज थाने की थानेदारी की। फिर उनपर चंद्रग्रहण लग गया और उन्हें जिला बदर कर दिया गया। सूत्रों का कहना है कि इतने कम- कम समय में थानेदारी की जिम्मेवारी देकर पुनः हटा दिया जाना गले से नहीं उतर रहा है। एक तरह से मजाक बन कर रह गया है।

### कुरूम डाडी सलगी में संवेदक द्वारा सड़क निर्माण में महाघोटाला

## सड़क बने महज तीन माह बिता नहीं और सड़क टूट कर लगा बिखरने

### संवेदक राजेंद्र प्रसाद का मनमानी, डीएमएफटी मद से बने सड़क में किया गया महाघोटाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के जिर्वा खुर्द पंचायत के कुरूम डाडी में दिसंबर माह में संवेदक राजेंद्र प्रसाद द्वारा डीएमएफटी मद से पीसीसी का सड़क निर्माण कराया गया था। जिसमें महज तीन माह बिता नहीं और सड़क टूट कर बिखरने लगा है। आलम यह कि आवागमन में काफी परेशानी ग्रामीणों और राहगीरों को होने लगी है। आपको बता दें कि झारखण्ड सरकार द्वारा गांव ग्रामीणों के सुगमता पूर्वक आवागमन के लिए करोड़ों रुपए सड़क बनाने में खर्च कर रही है। किंतु संवेदकों द्वारा खाना पूर्ति कर रुपए की निकासी कर ली जा रही है। जिससे आने जाने के लिए बनी सड़क पर चलना दूभर हो गया। यह मामला एक नहीं है ऐसे कई पीसीसी सड़क है जो डीएम एफटी मद से बनाया तो जरूर गया है परंतु उक्त सड़क टूट टूट कर बिखरने जारी है। ऐसी परिस्थिति में ग्रामीण ठगे के ठगे रह जाते हैं और संवेदक मालोमाल हो रहे हैं।

## रेफरल अस्पताल के जेनरेटर में लगी आग, बाल बाल बचे मरीज और स्वास्थ कर्मी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के एक मात्र रेफरल अस्पताल में शुक्रवार को जेनरेटर में अचानक आग लग गई। जिससे हॉस्पिटल परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। अफरा तफरी के दौरान मरीज, चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी सभी अस्पताल से बाहर निकल कर किसी तरह अपनी अपनी जान बचाया। आग लगने से जेनरेटर ब्लास्ट हो गया जिससे पूरा अस्पताल में धुंआ धुआं हो गया। धुंआ और आग का शोला बढ़ने से लोग भाग भाग कर खिड़की दरवाजा खोल दिया। वही इलाज कराने अस्पताल में आए तीन युवकों में अनिल कुमार, राजकुमार और एक अस्पताल कर्मी रविंद्र कुमार ने जान जोखिम में डालकर जेनरेटर में लगी आग को एक अग्नि शमन यंत्र से किसी तरह आग पर काबू पाया। तीनो युवकों की बदौलत अस्पताल सुरक्षित रूप से बचा लिया गया। इसके बाद मरीज, चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी राहत की सांस ली। चिकित्सा प्रभारी वृजनंदन प्रसाद ने कहा कि दो दिन से बिजली नहीं रहने के कारण लगातार जेनरेटर चलता रहा। जिससे जेनरेटर में शॉर्ट सर्किट होने से बलास्ट कर आग लग गया। उन्होंने कहा कि जान जोखिम में डालकर आग बुझाने वाले युवकों को पुरस्कृत किया जाएगा। आपको बता दें कि हॉस्पिटल में रखे अग्नि शमन सेफ्टी यंत्र ढेर सारे लगे हुए था।किंतु सभी बेकार निकले मात्र एक सेफ्टी यंत्र के बदौलत आग पर काबू पाया गया। वैसे में क्या मात्र दिखावा के लिए अग्नि सेफ्टी यंत्र हॉस्पिटलों में रखी गई है। या आग पर उससे काबू पाने के लिए यह एक बड़ी सवाल है। आपको बता दें कि ठीकेदारों द्वारा अग्नि शमन यंत्र तो हॉस्पिटलों की आपूर्ति कर दी जाती परंतु औने पौने दामों में खरीद कर खाना पूर्ति कर दी जाती है। यह एक जांच का विषय है ।यदि सही समय पर एक अग्नि शमन यंत्र काम नहीं करता तो पूरे हॉस्पिटल आग के हवाले होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 6 लाभुकों के बीच बकरा एवं बकरी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजना 90 प्रतिशत व 75 प्रतिशत के तहत् बारियातु, पुकचु व राजगुरु ग्राम के 06 लाभुकों के बीच 4 बकरी तथा 1 बकरा का वितरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा पदाधिकारी शुशीला बागे ने पशुओ के रख-रखाव व होने वाले कई विमारियो के बारे मे जानकारी दी साथ हीं आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया। वहीं प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे।उन्होने पशुओ के रख-रखाव के संबंध मे आवश्यक सुझाव भी दिया। मौके पर बारियातू पंचायत समिति सोनी, देवी पशु कर्मी बिनोद बैठा व सभी लाभुक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया सभी विभागीय कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे शुक्रवार को प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान के सयुक्त अध्यक्षता मे प्रखण्ड क्षेत्र मे संचालित सभी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक की गई.बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने सभी विभागीय पदाधिकारिओं से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली.एवं योजनाओं को ससमय समुचित कार्यान्वयन हेतु कई आवश्यक निर्देश भी दिए. इस दौरान मनरेगा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने बातया की मनरेगा के तहत लगभग 157 एकड़ भूमि पर विरसा मुण्डा आम बगवानी लक्ष्य रखा गया है. वही प्रखण्ड क़ृषि पदाधिकारी समीर सुमन भेंगरा ने बातया प्रखण्ड अंतर्गत क़ृषि क्रेडिट कार्ड मे कुल 309 लक्ष्य के विरुद्ध 109 फार्म सृजित किया गया है. एवं क़ृषि ऋण माफ़ी योजना अंतर्गत कुल 247 के विरुद्ध 130 किसानो का अब तक ऋण माफ़ी किया गया है. अन्य किसानो को बीटीएम एवं कृषक मित्र के द्वारा सुचना दिया जा रहा है साथ ही किसान समृद्धि योजना अंतर्गत सोलर पम्प सेट योजना का 18 किसानो का आवेदन सृजित किया है. मृदा सावस्थय कार्ड योजना अंतर्गत कुल 331 किसानो को मिट्टी नमूना जिला को भेजि गयी हैं. इसके अलावा सभी कर्मियों ने अपने अपने विभागीय कार्य के बारे मे विस्तार से बताया. मौके पर प्रखंड उप प्रमुख निशा साहादेव सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और सभी विभाग के पदाधिकारी व अंचल सह प्रखण्ड कर्मी मौजूद थे।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर (संगीतकार) के रूप में सुनहरा रोजगार अवसर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर अंतर्गत संगीतकार हेतु रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु जिला नियोजन पदाधिकारी लातेहार संतोष कुमार के द्वारा लातेहार जिला के तमाम युवक/ युवतियों से अपील किया गया है कि 21 अप्रेल से 11 मई 2025 तक भारती वायुसेना में अग्नीवीर अन्तर्गत संगीतकार के लिये रोजगार हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं ढ्ढ भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निवीरवायु (संगीतकार) भर्ती रैली (नई दिल्ली और बेंगलुरू में) योग्य अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करती है। जिसकी जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियों सहित) के बीच हुआ हो। ज़्केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्हें अस्थायी प्रवेश पत्र जारी किया गया है।उन्हें भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

## स्कूल चलो अभियान में बच्चों का उत्साहः बच्चों ने शिक्षा के लिये लगाए नारे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पांडेयपुरा में स्कूल चलो अभियान के तहत शुक्रवार को एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा बच्चों के नामाकन के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही स्कूल छोड़ चुके बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ना था। विद्यालय से जुड़े बच्चों ने इस रैली में उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर लेकर गांव की गलियों में मार्च किया। उन्होंने अब ना करो अज्ञानता की भूल हर बच्चों को भेजो स्कूल, शिक्षा ऐसी सिढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है, कोई न छूटे इस बार शिक्षा है सबका अधिकार, सब पढ़ें, सब बढ़ें, जैसे नारे लगाए। इससे ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश गया। कार्यक्रम की सफलता में स्कूल के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों का कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल बच्चों में उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति गंभीरता भी लाते हैं।

## झारोटेफ ने आंदोलन के दूसरे चरण में मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) की लातेहार जिला इकाई के तत?वावधान में आंदोलन के दूसरे चरण के दौरान शुक्रवार को बालूमाथ एवं हेरहंज प्रखंड मे ध्यानाकर्षण रैली सह ज्ञापन समपर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित प्रखंड कार्यालय में राज्य के मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने बताया कि तीन प्रमुख मांगो के समर्थन में यह आंदोलन किया जा रहा है।इन मांगों में राज्य भर के प्राथमिक से लेकर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देना, कर्मचारियों का सेवानिवृति 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता लागू करना हैं। बालूमाथ प्रखंड मे कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार यादव व सचिव योगेन्द्र कुमार ने किया। मौके पर जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह एव विजय कुमार मौजूद थे।हेरहंज में नेतृत्व प्रखंड सचिव श्यामा सिहं व जिला प्रतिनिधि कुंदन प्रसाद ने किया। जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव एवं जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से सरकार को संदेश दिया जा रहा है कि अगर कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो राज्य भर के कर्मचारी राज्यव्यापी आंदोलन को विवश होंगे।मौके पर बालूमाथ प्रखंड मे अभय कुमार यादव, योगेंद्र प्रसाद, विजय प्रकाश गुप्ता, राकेश पाल, द्रुपद कुमार, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।


## बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पीवीयूएनएल) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारी अंचल में एक विशाल और सफल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बारी में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत बारी के मुखिया रविन उरांव, बनहरदी परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर, पीवीयूएनएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी तन्मय मिश्रा, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार, चिकित्सा अधिकारी-बनहरदी मनीष देवदत्त एक्का एवं आर एंड आर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस चिकित्सा शिविर से ग्राम बारी सहित हुचलू, एटे, तुरियाडीह एवं आस-पास के अन्य गांवों के सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया एवं रोगियों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही, मौके पर ही मुफ्त पैथोलॉजी जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई।स्थानीय ग्रामीणों ने इस प्रकार के जनकल्याणकारी प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी ऐसे आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह शिविर पीवीयूएनएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह केवल औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए भी समर्पित है।

## 14 को रक्तदान शिविर को सफल बनायें : अनुरोध बाग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन, लातेहार की एक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष अनुरोध कुमार बाग की अध्यक्षता में ब्लड बैंक, लातेहार में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को एसोसिएशन के सचिव विकासकांत पाठक के पिता स्व रमेश पाठक की पुण्यतिथि को रक्तदान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया। शिविर को सफल बनाने की अपील जिला वासी एवं विभिन्न रक्तदाता संस्थाओं से की गयी। इसके अलावा बैठक में जिले के प्रत्येक प्रखंड में एसोसिएशन की कमिटि का गठन करने एवं सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। श्री बाग ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। सचिव विकासकांत पाठक ने बताया कि सुरक्षित व सुलभ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए झारखंड सरकार के द्वारा स्वेच्छिक रक्तदाताओं के लिए फिर से डोनर कार्ड की व्यवस्था की गयी है. इस कार्ड की अवधि छह माह की होगी। इन छह माह में कार्डधारी डोनर अंदर बिना किसी रिसप्लेसमेंट के एक यूनिट रक्त प्राप्त कर सकते हैं। श्री पाठक ने 14 अप्रैल को रक्तदान के लिए आने वाले लोगो से एक पहचान पत्र और एक फोटो लाने की अपील की, ताकि उन्हें हाथों हाथ डोनर कार्ड दिया जा सके। कार्यकारिणी सदस्य आशीष टैगोर ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने का प्रस्ताव दिया।इस पर प्रखंड कमिटि का गठन होने के बाद डोर टू डोर सर्वे करने की बात कही गयी। बैठक में ब्लड बैंक, लातेहार के तकनीकि सहायक बिनय कुमार सिंह, जिला संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल, रजनीकांत पाठक, मिलन गर्ग, केदार प्रसाद, जीवन समेंत कई एसोसिएशन के कई लोग ऑनलाइन मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# प्रभात कुमार की हत्या से खीरगांव में आक्रोश

## परिजनों ने किया सड़क जाम, फांसी और मुआवजे की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने के बाद भारी हंगामा शुरू हो गया। युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। युवक के आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। तनावपूर्ण स्थिति को देखते को क्षेत्र में पुलिस जवानों की बड़ी संख्या तैनात कर दी गई। घटना बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के खीरगांव की है। मृतक की पहचान नमस्कार चौक निवासी प्रभात कुमार (25) के रूप में की गई। उसका शव खिरगाव के ही बाकर गली से बरामद हुआ है। परिजनों के अनुसार, प्रभात दूसरे राज्य में काम करता था और छुट्टी लेकर घर रामनवमी देखने आया हुआ था। शुक्रवार को ही उसे वापस लौटना था।इधर, घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया ।

**प्रभात कुमार अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था।**

उसकी मां, भाई और बहन उन पर आर्थिक रूप से निर्भर थे। परिजनों का कहना है कि प्रभात एक साधारण युवक था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। दोषियों को फांसी की सजा और मुआवजे की मांग ।

**प्रदर्शनकारियों ने दोषियों को फांसी की सजा, मृतक के छोटे भाई को नौकरी और परिवार को मुआवजे की मांग की है।**





हालात को देखते हुए मौके पर हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थिति तनावपूर्ण होने के कारण घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई है।लगभग 5 घंटे तक लोगों ने इस घटना के बाद NH-522 हजारीबाग सिमरिया मुख्य मार्ग को जाम रखा। हालांकि बाद में पुलिस एवं प्रशासनिक लोगों के बीच हुए परिजनों और स्थानीय लोगों की बातचीत के बाद जाम हटा लिया गया।

इधर, सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने इस संबंध मे कहा कि परिवार वालों को आश्वासन दिया गया है और उनकी कुछ मांगे थी। उसे वरीय अधिकारी तक पहुंचाने की बात कही गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 60 लाख की शराब जब्त, पोल्ट्री फार्म के पीछे चल रहा था अवैध कारोबार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत कंजिया गांव से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़े नकली शराब के ठिकाने पर छापेमारी की है। यह अवैध कारोबार गांव के एक पोल्ट्री फार्म के पीछे करकट से बने एक बड़े मकान में चल रहा था। कार्रवाई के दौरान लगभग 60 लाख रुपये मूल्य की नकली विदेशी शराब, भारी मात्रा में स्प्रिट, विभिन्न ब्रांडों के नकली रैपर, लेबल, ढक्कन तथा हजारों खाली बोतलें बरामद की गई हैं। जानकारी के अनुसार, यह अवैध शराब निर्माण का काम पिछले लगभग एक महीने से जोर-शोर से चल रहा था। मकान मालिक की पहचान रामदेव खरीका निवासी चंद्रिका प्रसाद के रूप में हुई है।



सूत्रों की मानें तो इस धंधे में दारू और झुमरा क्षेत्र के पुराने शराब कारोबारी भी शामिल हैं, जो पहले भी ऐसे मामलों में संलिप्त रह चुके हैं।

उत्पाद विभाग की यह कार्रवाई में शराब के साथ-साथ शराब बनाने और पैकिंग करने के तमाम उपकरण भी जब्त किए गए हैं। विभाग की टीम अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

यह कार्रवाई हजारीबाग जिला प्रशासन और उत्पाद विभाग की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे शराब माफियाओं के नेटवर्क को तगड़ा झटका लगा है।

# हाथी की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने परिजनों को बंधाया ढांढस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लकुरा में हाथियों के झुंड ने गुरुवार की रात 12:00 बजे कुरहे में सो रही बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला निवासी वृद्ध महिला 79 वर्षीय मसोमात रोहिणी देवी को कुचलकर मार डाला। हाथियों की संख्या 10 बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़कागांव मध्य पंचायत के पंसस रितेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ राम, विनोद राम, रामचंद्र राम व अन्य प्रबुद्ध लोग पहुंच कर स्थिति से अवगत हुए, और घटना की सूचना वन विभाग को दिया गया। वन विभाग आने के पश्चात घटना का जायजा लेते हुए वन विभाग ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस दौरान वन विभाग ने मृतक के परिजन को तत्काल अंतिम संस्कार के लिए 25000 सहायता राशि दी। बाकी 375000 प्रक्रिया होने के पश्चात दिया जाएगा।

पूर्व विधायक अंबा प्रसाद मृतक महिल के घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाई और हर संभव मदद का भरोसा दिलाई। बताते चलें कि रोहिणी पिछले 10 दिनों से प्रतिदिन महुआ चुनेने जा रही थी और शाम को



घर लौट आती थी। परंतु गुरुवार की शाम भारी बारिश होने के कारण मजबूरन रात को महुआ चुनने के स्थल पर कुरहा में ही रुकना पड़ा। अचानक 12:00 बजे रात को हाथियों के झुंड ने सो रही वृद्ध महिला पर हमला बोल दिया, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया और वन विभाग से अति शीघ्र शेष बचे मुआवज़ा राशि भुगतान करने की मांग की है। ज्ञात हो की बड़कागांव प्रखंड में अब तक 10 लोगों की मौत हाथी के चपेट में आने से हुई है। जिसमें सेहदा, नापोखुर्द, महुगाई कला, सिमरातरी, गाली गांव, चेपाकला जंगल, मिर्जापुर एक-एक लोगों की व अन्य दो लोगों की मौत अब तक हो चुकी है।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से जेठुआ फसलों का हुआ भारी नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमसांडी ।** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से जेठुआ फसलों का भारी नुक्सान हुआ है । किसान बड़ी मात्रा में तरबुज , टमाटर , स्ट्रोबेरी, कद्दू ,खीरा जैसे कई अन्य फसल लगाया है जो अत्यधिक बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हो गया है । किसान इस नुकसान से काफी चिंतित हैं । किसान कविन्दर यादव , महेन्द्र साव का कहना है कि महंगाई की इस मार में अपने जीविकोपार्जन के लिए कर्ज महाजन कर ऊंचे दामों पर बीज खरीदते हैं ताकि आय के श्रोत में इजाफा हो और घर परिवार का जीवन शैली को सुधारा जाय । लेकिन प्रकृति के इस मार से हम सभी किसानों का सपना चकनाचूर हो गया । बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से सैकड़ों एकड़ जमीन पर जेठुआ फसल पुर्ण रुप से बर्बाद हो गया है । किसानों ने सरकार से इस नुकसान का भरपाई करने के लिए क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की है । बताया जाता है कि कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड में मंगलवार के दोपहर से ही मौसम ने अचानक करवट ली। जिसके बाद तेज गड़गड़ाहट के साथ घने बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। मंगलवार



को लगभग एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई और फिर खेतों में पानी भर गया। जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुचा।बारिश के दौरान कई जगहों पर पेड़ और बिजली का खंभा भी गिर गया था । कटकमसांडी बस्ती स्थित प्रसिद्ध भगवती मंदिर परिसर में एक बड़ा नीम का पेड़ गिर गया था। जिससे मंदिर का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था । इसके बाद बुधवार को भी आंधी तुफान बारिश और ओलावृष्टि हुई । जिससे किसानों का सारा फसल नष्ट हो गया ।दो दिनों के लगातार बारिश होने से किसानों का सपना चकनाचूर हो गया ।बारिश के कारण कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। ग्रामीणों का कहना है कि मौसम का यह अचानक बदलाव खेतों और आम जनजीवन पर असर डाला है ।

# धूमधाम से मनाया गया सरहुल पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेरा के 45 कांटा के समीप प्राकृतिक पर्व सरहुल पूजा का पहली बार आयोजन किया गया। जिसे स्थानीय लोगो के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी , पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतो, समाजसेवी संतोष राय , चेत लाल मुंडा, राथो मुंडा, बिरजू मुंडा ,सरजू मुंडा ,गोपाल मुंडा, सोहन मुंडा ,योगेश्वर मुंडा, अभिमन्यु मुंडा, रवि मुंडा, राहुल राय, पंकज मुंडा, पवन मुंडा, वासुदेव मांझी, विनोद मांझी, गोपाल महतो, मीना देवी आरती देवी मालती देवी सरिता देवी प्रतिमा देवी विमला देवी भोला मुंडा एंव महिला पुरूष बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए।

## वज्रपात से हुआ चार लोगों की मौत, झामुमो नेता कुणाल यादव ने किया गहरा शोक व्यक्त



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चुरचू एवं पदमा प्रखण्ड में बीते गुरूवार को आकाशीय वज्रपात में चार लोगों की मृत्यु पर झामुमो नेता कुणाल यादव ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की साथ ही जिला प्रशासन से पीड़ित परिवारजनों के प्रति उचित मुआवजा की मांग की। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। इस संबंध मे उन्होंने कहा की आकाशीय वज्रपात में चार लोगों की मृत्यु बहुत ही दुःखद है। जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा यथाशीघ्र प्रदान करे। सरकारी योजनाओं में पीड़ित परिवार को विशेष छूट दिया जाए। उन्होंने समस्त जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहे। सतर्कता बरते और आसपास के लोगों को वज्रपात के प्रति जागरूकता फैलाएं।

## राम राज्य मेले में भक्तों की भारी भीड़,राममय हुआ चौथा



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत चौथा में लगने वाले रामराज्य का मेला अपने 73 वर्षो का इतिहास समेटे हुए है। इन बीते वर्षो में रामराज्य मेले की भव्यता और भी निखरती जा रही है। दूर दूरतक इस मेले की ख्याति बढ़ती जा रही है। रामराज्य मेले के प्रारंभ की की बड़ी रोचक घटना है। बताते है,कि विष्णुगढ़ प्रखण्ड का चौथा गांव आजादी के कुछ वर्षो बाद 1952 को महामारी एवं प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में था। उस वर्ष चौथा पंचायत के तत्कालीन मुखिया महादेव नाथ मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से खपरैल एवं बांस फुस से बने मंदिर का निर्माण कर स्थापना किया गया । तब से आज अनवरत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया गया है। 11 अप्रैल 2025 की संध्या 7:00 बजे से अधिवास पूजा शुरू होगी, 12 अप्रैल को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर श्रीराम परिवार के प्राण प्रतिष्ठा सह पूजन और संध्या 7:00 बजे महाआरती का आयोजन किया जाना है। प्रतिदिन रात्रि में 9:00 से भक्ति जागरण। 13 अप्रैल पूजा और हवन 14 अप्रैल के शाम 6:00 बजे नगरभ्रमण और प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। श्री श्री राम राज्य सेवा मंच न्यास मेला समिति 2025 के अध्यक्ष अर्जुन यादव को बनाया गया है तथा सहयोगी सदस्यों में उदय कुमार मिश्रा अनिल यादव, प्रदीप यादव, कामेश्वर यादव ,आशीष रविदास, बबन रविदास, पिंटू यादव,अशोक यादव ,किशोर यादव समेत चौथा के ग्रामीण मेले के सफल आयोजन को लेकर पूरी भक्ति भावना एवं तन्मयता से लगी है।

## आर्म्स एक्ट के 3 दोषी को सजा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले की तिलैया थाना कांड सं0- 14/2021, दि0- 20.01.2021, धारा सत्रवाद सं0- 42/2021 के अभियुक्त नितीश कुमार, उम्र 26 वर्ष, पे0- रविन्द्र महतो, सा0- जबरा पो0- कोर्रा, थाना- कोर्रा, जिला- हजारीबाग,श्रवण कुमार, उम्र- 26 वर्ष, पे0 बसंत वर्मा, सा0- हुटपा बनाहपा, था0- मुफ्फसील, जिला- हजारीबाग एवं मनीष कुमार,कुमार, पे0 युगल प्रसाद मेहता, सा0- अलौजा खुर्द, थाना- इचाक, जिला- हजारीबाग को न्यायालय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश- तृतीय, कोडरमा के न्यायालय द्वारा धारा-25 (1-B)aआर्म्स अधि0 के अन्तर्गत सजा सुनाई गई। यह मामला तिलैया थान अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के पास स्थित सागर होटल में गुप्त सूचना के अधार पर तिलैया थाना के द्वारा छापामारी किया गया था, जिसमें से तीन व्यक्ति को एक देशी कट्टा एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्वक अनुसंधान करते हुए आरोप पत्र समर्पित किया गया एंव ससमय सभी गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कराया गया।

# वज्रपात से मृतक परिवारजनों को ढांढस बंधाने अस्पताल पहुंचे सांसद, जल्द मुआवजा दिलाने का जताया भरोसा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के लिए गुरुवार का दिन बेहद दुखदाई साबित हुआ। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चार जनों का वज्रपात से हुआ आकस्मिक निधन की दुखद सूचना ने सबको झकझोर कर रखे दिया। चुरचू में 01 और पदमा के 03 जन का हुआ निधन मर्माहत करने वाला है । शुक्रवार की सुबह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, चिकित्सकों को जल्द पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करने का आग्रह किया और सभी मृतकों का ढांढस बंधाया साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाला मुआवजा जल्द दिलाने का प्रयास करूंगा। सांसद मनीष जायसवाल ने पोस्टमार्टम के पश्चात शवों को भेजने का इंतजाम किया और अपने प्रतिनिधि रंजन चौधरी को पूरी प्रक्रिया में अस्पताल में ही मुस्तैद रहने का दिशा- निर्देश दिया । सांसद मनीष जायसवाल ने मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट किया और ईश्वर से आपदा से प्रभावित परिवारों को इस विकट दुःख और असहनीय पीड़ा की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। जिला प्रशासन से मांग करता

# केरेडारी झारोटेफ प्रखंड ईकाई ने सीओ को ज्ञापन सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** झारोटेफ केरेडारी प्रखंड ईकाई के बैनर तले केरेडारी अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है. सौंपे ज्ञापन में झारोटेफ केरेडारी प्रखंड ईकाई ने कहा है कि प्रखंड कार्यालय में शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने राज्यकर्मियों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मियों के भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षक भत्ता का लाभ प्रदान करने की मांग की है. साथ हीं कहा है कि इस संबंध में झारोटेफ द्वारा कुल पांच चरणों में राज्यव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है. उपरोक्त आंदोलन के पहले चरण में हस्ताक्षर आंदोलन चलाया गया था. वहीं दूसरे चरण के तहत प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाने से संबंधित आंदोलन चलाया गया. ज्ञापन सौंपने वालों में झारोटेफ केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कुमार रवि प्रखंड सचिव प्रदीप कुमार अनिल कुमार राणा तापेश्वर नाथ वर्मा संजय कुमार नंदू रविदास राहुल प्रकाश अविनाश कुमार प्रमोद दास विपिन कुमार पूनम वर्मा समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं.

## 108 एंबुलेंस के कर्मी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, लोगों को हो रही परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा ।** आपातकालीन परिस्थितियों में आपकी एक कॉल पर सायरन बजाते हुए घटनास्थल तक पहुंच कर आपको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने वाली 108 एंबुलेंस की सेवा आपको अगले कुछ दिनों तक नहीं मिल सकेगी. जिससे सड़क दुर्घटना समेत सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रेफर होने वाले मरीज को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कोडरमा जिले में फिलहाल जीवीके ईएमआरआई एजेंसी के अधीन काम करने वाले 108 एंबुलेंस के 32 ड्राइवर एवं 32 मेडिकल टेक्नीशियन अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए, इस बाबत एंबुलेंस के चालक उत्तम कुमार ने बताया कि एंबुलेंस ड्राइवर एवं मेडिकल टेक्नीशियन को पिछले तीन महीने से एजेंसी के द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है. जिससे अल्प वेतन में काम करने वाले कर्मियों के सामने काफी कठिनाइयां उत्पन्न हो गई है।

# बरही चौक पर बेरमो विधायक अनुप सिंह का कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बेरमो के विधायक एवं झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक अनुप सिंह को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मानन वारसी के अगुवाई में कांग्रेसियों ने माला पहना कर बरही चौक पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ में बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू भी उनके साथ थे, उन्हें भी स्वागत की गई। बताया गया कि दोनों नेता कोडरमा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचेतक अनुप सिंह ने कहा कि झारखंड में ÷कांग्रेस आज हर क्षेत्र में मजबूती से खड़ी है। बरही में जिस तरह कार्यकर्ताओं में जोश और एकजुटता दिखाई दे रही है, वह इस बात का प्रमाण है। वहीं कहा कि अरुण साहू जैसे युवा, समर्पित और जमीनी नेता के साथ बरही का भविष्य सुरक्षित और



प्रगतिशील दिखता है। तत्पश्चात अरुण साहू ने कहा कि बरही चौक पर आप सबों से मिला, यह प्रेम और समर्थन ही मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। यह सिर्फ स्वागत नहीं बल्कि आम जनता की उम्मीदों और विश्वास का प्रतीक है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि बरही के विकास और न्याय के लिए मैं हमेशा संघर्ष करता रहूंगा। कांग्रेस ही बरही की असली ताकत और बदलाव की दिशा है। स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, डॉक्टर निजामुद्दीन मंडल अध्यक्ष विशुनधारी महतो, बबलू साहू, जितेंद्र गिरी, रवि सिंह, संतोष रजवार, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश रविदास, भोली पासवान, मंटू सिंह, रिजवान अंसारी, गौतम चंद्रवंशी, राजू मेहता,करण ओझा, महेश मेहता, जगन्नाथ पासवान, महेंद्र चंद्रवंशी, प्रकाश साव, सुनील राणा, सोनू रविदास, पिंटू साव, अजय रविदास, मिथलेश उपाध्याय, जितेंद्र केसरी, रवि सिंह, पिंटू चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ, युवा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की बैठक संपन्न, कोडरमा में संगठन को और भी ज्यादा मजबूत बनाना मेरी पहली प्राथमिकता : अनूप सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में सूर्या होटल में पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में बेरमो विधायक सह मुख्य सचेतक एवं कोडरमा संगठन प्रभारी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह भाग लेने के लिए पहुंचे। सबसे पहले कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बेरमो विधायक सह कार्यकारिणी बैठक के मुख्य अतिथि विधायक अनूप सिंह को फूल माला पहनाकर व गुलदस्ता, अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कोडरमा में संगठन मजबूत है लेकिन उसे और भी मजबूत करने की आवश्यकता है, पार्टी कार्यकर्ता अपने दायित्व को ईमानदारी से समझे और पार्टी के विचारधारा से लोगों को जोड़े। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही गरीब पिछड़े दलित अल्पसंख्यक एवं आम लोगों की पार्टी है। पार्टी में



सभी वर्गो का ध्यान रखा जाता है खासकर सरकार की कल्याणकारी योजना कैसे मिले इसके लिए भी पार्टी गंभीर है। केंद्र की भाजपा सरकार लगातार जाति धर्म को बांटने का काम कर रही है। झारखंड में इन्हें करारा जवाब मिला है जिसके चलते यह सत्ता से विगत 5 सालों से बाहर हैं। राज्य में हमारी सरकार ने महिलाओं को मईया सम्मान योजना से जोड़कर महिलाओं का सही मायने में सशक्तिकरण कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। केंद्र की भाजपा सरकार महिला विरोधी सरकार है, वह कभी नहीं चाहती है की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके इसलिए आज तक उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ भी अच्छा कार्य नहीं किया है। आने वाले दिन में केंद्र से भी उनकी विदाई तय है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोडरमा में पार्टी संगठन को और भी मजबूत करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा कि बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह बेरमो विधायक अनूप सिंह हम लोगों के बीच हैं ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सांसद द्वारा भेजे गए लहंगा डाडी मंडल बलसागरा में वितरण संपन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** बलसागरा के पंचायत सचिवालय में सांसद मनीष जयसवाल जी द्वारा भेजे गए लहंगा वितरण उन 18 गरीब परिवार के बच्चियों के बीच किया गया!होन्हे मोड़ा, बलसगरा, पटरंगी(हुआंग ) रबोध पंचायत के गरीब परिवार के लोगों ने सांसद महोदय से संपर्क कर लहंगा और अन्य सहयोग की मांग की थी, उनकी दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए सांसद महोदय ने कुल 18 लहंगा उन परिवार को देने की जिम्मेवारी हम सबों को सौंपी, उसी लहंगा वितरण को लेकर आज बालसागर पंचायत सचिवालय में उन सभी परिवारों को बुलाकर लहंगा वितरण किया गया!!इस लहंगा वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से खोला सिंह, पुरुषोत्तम पाण्डेय, बसंत प्रजापति, रीमा देवी, गुंजन साव, नारायण महतो, अवधेश प्रजापति, जय राम प्रजापति, रवि वर्मा उपस्थित हो उन सभी गरीब परिवार के बीच लहंगा वितरन किया गया, इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मांडू विधानसभा सह सांसद प्रतिनिधि श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा कि हम हजारीबाग लोकसभा के लोग ऐसे सेवा भाव रखने वाले सांसद को पाकर धन्य हो गए है, हमारे सांसद मनीष जयसवाल ही अपने निजी खर्च पर गरीब बच्चियों की शादी अभूतपूर्व भव्य शादी करवाते है जिसका दूसरा उदाहरण पूरे भारत में नहीं मिलता है, हमारे सांसद मनीष जयसवाल जी रामनवमी के अवसर पर पूरे लोकसभा के तमाम अखाड़ों में 20 लाठी और दो तलवार देने का काम करते है ताकि हर हिन्दू का स्वाभिमान जगे। इस तरह पूरे लोकसभा में 60000 लाठी और 3000 तलवार देने का काम किया है। अभी गरीब बच्चियों के शादी में लगभग 50000 परिवार को हर वर्ष लहंगा देने का कार्य कर रहे है!! अभी 24 जून से संसद तीर्थ यात्रा का आयोजन करने जा रहे है जिसमें पूरे लोकसभा क्षेत्र से सभी बुजुर्ग को अपने निजी खर्च पर विंध्याचल, अयोध्या, काशी विश्वनाथ का दर्शन करवाने जा रहे है जिसका रजिस्ट्रेशन होना शुरू हो गया है। ऐसे सेवा भाव रखने वाले मनीष जयसवाल जी पूरे भारत में अकेला संसद है इसका दूसरा उदाहरण नहीं है।

**अत :** आप सभी अपना आशीर्वाद बनाए रखिए चुकी मनीष जयसवाल जी ये कार्य चुनाव के दृष्टि से नहीं करते है, ये उनका सेवा भाव है क्योंकि अभी झारखंड में कोई चुनाव नहीं हैं!!

**अत:** हम सभी लोग ऐसे सासंद को पाकर धन्य हो गए गए है!!

इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित थे!!

## भुरकुंडा मे हजारीबाग सांसद के सौजन्य से बेटियों की शादी के लिए लहंगा वितरण किया गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भुरकुंडा पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार को हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल के सौजन्य से भुरकुंडा पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंद बेटियों की शादी के लिए लहंगा वितरण किया। बता दें कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र कि सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, भुरकुंडा सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा,भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में भुरकुंडा पंचायत के विभिन्न गांवों में यह वितरण किया गया। वहीं सभी सांसद प्रतिनिधियो ने कहा कि यह कार्य नियमित रूप से जारी रहेगा।हर एक जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाना सांसद मनीष जयसवाल की प्राथमिकता है। वहीं इस मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेल इफिको द्वारा मरार उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सीएसआर फंड के तहत 15 बेंच और डेस्क वितरण हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेले अर्थॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड मरार के सौजन्य से ष्टस्क्र फंड द्वारा 15 बेंच और डेस्क का वितरण उत्क्रमित उच्च विद्यालय मरार को किया गया सभा को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक प्रभारी विपिन बिहारी कांता ने कहा कि पिछले कई वर्षो से सेल रिफैक्टरीज यूनिट इफिको के सौजन्य से सीएसआर फंड के तहत सुदूर वर्ती गांव में कई महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी कार्य ष्टस्क्र फंड के तहत कर रही है इसी योजना के तहत स्कूल में बेंच और डेस्क की कमी को देखते हुए इफिको प्रबंधक ने सीएसआर फंड के तहत 15 बेंच और डेस्क उपलब्ध कराया है बता दे कि इस योजना के अंतर्गतनिशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन गांव गांव में जाकर किया जा रहा है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेश महतो ने किया तथा संचालन इंटक उपाध्यक्ष नंदकिशोर बेदिया ने किया प्रधानाध्यापक सुरेश महतो ने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चे बहुत ही सुदूर वर्ती इलाके से आते हैं जो निहित गरीब तबके के होते हैं स्कूल में इस तरह की सहायता मिलने से .बच्चों के पठन-पाठन में बहुत मदद मिलेगी इसके लिए इफिको प्रबंधक को आभार प्रकट किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक प्रभारी विपिन बिहारी कांता महाप्रबंधक अनुरक्षण प्रवीण कुमार गुप्ता ,उप महाप्रबंधक ॥क्र आनंद सिंहा ,प्रबंधक ॥क्र यश श्रीवास्तव , कनिय प्रबंधक राजीव कुमार , वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा , नंदकिशोर बेदिया , उमेश बेदिया ,संजय रजवार आदि स्कूल के शिक्षक लोग मौजूद थे !



## रामगढ़ विधानसभा में भाजपा के सक्रिय सदस्यता को सम्मेलन हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ विधानसभा में भाजपा के सक्रिय सदस्यता का सम्मेलन हुआ ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू कुशवाह ने किया एवम् महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने संचालन किया एवम् धन्यवाद ज्ञापन रंजन फौजी ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के विधायक रौशन लाल चौधरी , पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू,सांसद प्रतिनिधी राजीव जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, रंजीत सिंहा, दिनेश प्रसाद, रंजन फौजी, महेन्द्र प्रजापति रंजीत पाण्डे, सांसद प्रतिनिधी अनमोल सिंह, दिलीप सिंह, मनोज गिरी संजय साह,मीडिया सह प्रभारी भीम सेन चौहान, प्रवीण सोनू, धीरज साहू मणिशंकर ठाकर स्नेहलता चौधरी,रूपा देवी ,संतराज पासवान ,मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिसका सत्यापन जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के सत्यापन के बाद दिया गया। पार्टी में जल्द ही इस प्रकिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर वरिष्ठ नेताओं ने एक-एक कर अपने वक्त भी दिए सात ही भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल टाइगर की निर्मम तरीके से रांची में हत्या कर दी गई थी उसका मौन सभा किया गया



**प्रो संजय सिंह** ने कहा कि सक्रियता पार्टी के प्रति समर्पण का भाव को दर्शाता है।कार्यकर्ताओं के बल पर ही राज्य और केंद्र में सरकार बनाते हैं। कार्यकर्ताओं में हमेशा ऊर्जा का संचार करना

वरिष्ठ नेताओं का कार्य हैं। कार्यकर्ता, अच्छे नेता को चुन सदन में भेजते है।जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है।

**रंजीत सिंहा** ने कहा 2 सीट से आज भाजपा सरकार केन्द्र में मोदी जी की सरकार लगातार 3 बार से कार्यकर्ताओं के बदौलत है।

**कुंटू बाबू** ने कहा भाजपा कार्यकर्ता रीड की हड्डी के समान है । उसके बिना शरीर की कल्पना करना अधूरी है।

**रौशन लाल चौधरी** ने कहा पार्टी जो भी दायित्व दे उसे उसे जिम्मेदारी के साथ निभाए, पार्टी की नजर सभी कार्यकर्ताओं पर रहती हैं। छोटे कार्यकर्ता को बुथ अस्तर से राज्य अस्तर का नेता बनाने का कार्य पार्टी करती है।

## अरगड्डा में सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह का स्वागत किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा बिरसा चौक में सीसीएल के पूर्व सीएमडी तथा सेवा जागरूकता मंच के संस्थापक और अध्यक्ष गोपाल सिंह ने भगवान बिरसा को फूल माला देकर श्रद्धांजली अर्पित किया साथ में ऑल इंडिया एसटी और एससी काउंसिल के अध्यक्ष बृज किशोर पासवान थे, कथारा जाने के क्रम में अरगड़ा चौक में जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया, प्रशान्त बेलथरिया के अगुआई में स्वागत किया गया।पर्यावरण कर्मी प्रशांत बेलथरिया ने गोपाल सिंह साहब को गंगा पुस्तक भेंट किया। ग्रामीणों गरीबों और श्रमिकों का सर्वांगीण विकास करना ही, सेवा जागरूकता मंच का उद्देश्य इस मौके पर गोपाल सिंह ने बताया । इस मौके पर विश्वनाथ सिंह, लक्ष्मी महतो, कमरुद्दीन खान, शांता कुमार, बंशी बेदिया, रामानंद, रोहन महतो, बदरुद्दीन आदि उपस्थित थे

## उरीमारी चेकपोस्ट स्थित स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो-कान्हू कि 210 वी जयंती मनाई गई

**❍ सिद्धो कान्हू ने अंग्रेजों के अत्याचार से आदिवासीयो को आजाद करने में अपनी अहम भूमिका निभाइ-दशई मांझी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी चेकपोस्ट स्थित शुक्रवार को भारत के स्वतंत्रता सेनानी वीर सिद्धो कान्हू कि 210 वी जयंती मनाई गई। जिसका नेतृत्व विस्थापित नेता सह अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने किया। वहीं इस मौके पर उपस्थित दशई मांझी एवं ग्रामीणो ने सिद्धो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं विस्थापित नेता सह अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने कहा कि संथाल विद्रोह के प्रणेता वीर सिद्धो का जन्म 11 अप्रैल को हुआ था। सिद्धो सभी भाई बहनों में सबसे बड़े थे। सिद्धो कान्हू ने आदिवासी व गैर आदिवासीयों को अंग्रेजों के अत्याचार से आजाद करने में अपनी अहम भूमिका निभाए थे। ब्रिटिश हुकूमत कि जंजीरों को तार तार करने वाले इन वीर सपूतो के शहादत कि याद में जयंती मनाई जाती है। वहीं विस्थापित नेता दशई मांझी ने यह भी कहा कि वीर सिद्धो कान्हू कि अगुवाई में 30 जून 1855 में भोगनाडीह में अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति कि शुरुआत हुई थी। जिसमें हजारों आदिवासी शहिद हुए थे। इसी क्रांति में सिद्धो कान्हू सहित उनके भाई बहन भी शहिद हो गए। वहीं वीर सिद्धो कान्हू के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में दशई मांझी, कृष्णा सोरेन,तालों हांसदा,प्रदिप हांसदा, शिकारी टुडू, परमेश्वर सोरेन, मनोज सिंह,सोलेन हांसदा, बिनोद सोरेन, सत्यनारायण बेदिया, हेमलाल बेसरा, सुरेश प्रजापति,बरियत किस्कू,सोमरा पवारीया,नरेश पावरिया, सुरेन्द्र करमाली, सुशील सोरेन,दीपक मरांडी, जितेन्द्र यादव, प्रदीप किस्कू,अनिल मुर्मू,अजय साव, प्रदीप रजवार,विजय पावरीया, राजेश कुमार, कामाख्या सोरेन आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से दुल्हनों के लिए लहंगा उपलब्ध कराया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** मंडल अंतर्गत विभिन्न पंचायत में बेटियां को विवाह के शुभ अवसर पर हजारीबाग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद माननीय मनीष जायसवाल के शुभ विचार के तहत जिस प्रकार कुछ दिन पूर्व 101 जोड़ी की विवाह संपन कराया गया था। ठीक उसी सोच के तहत पूरे हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत किसी भी लड़की का विवाह के शुभ अवसर पर लहंगा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति,भाजपा पतरातू मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया कटिया पंचायत किशोर कुमार महतो भाजपा युवा मोर्चा पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर के माध्यम से सभी कन्याओं को विवाह से कुछ दिन पूर्व उनके घर में जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। मौके पर राजाराम प्रजापति ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा के लोकप्रिया सांसद माननीय मनीष जायसवाल का यह बहुत बड़ा योगदान है जो आज हम लोग गरीब बेटियों के बीच लहंगा का वितरण कर रहे हैं इससे जिस भी घर की बहनो के बिच उपहार स्वरूप लहंगा दिया जा रहा है यह उस परिवार के लिए मदद का रूप है क्योंकि बहुत ऐसे गरीब परिवार के माता-पिता अपना बेटी की विवाह में एक जयमाला का रसम होता है उसे पूरा करने के लिए चिंता में रहते हैं इसलिए यह सहयोग सराहनीय है।मौके पर मुख्य रूप से अश्वनी राय,पंकज कुमार सिंह, रमाकांत कुमार,मनोज ठाकुर,बसंत प्रसाद,रितेश ठाकुर,रवि कुमार महतो,रविंद्र महतो इत्यादि शामिल थे।

## गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड अंतर्गत ग्राम धुठूवा निवासी मेराज अंसारी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बेहतर इलाज नहीं कर पा रहे थे। इस संबंध में उन्होंने विधायक ममता देवी को आवेदन देकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने की अपील की थी।विधायक महोदया ने तुरंत इस विषय को गंभीरता से लेते हुए समुचित कार्रवाई की। आज रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने मेराज अंसारी को ?50,000/- का चेक सौंपा।

## वज्रपात से पालू डोकाटांड़ के एक ग्यारह वर्षीय बच्चे अभिलाष कुमार की मौत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** वज्रपात से ग्यारह वर्षीय पालू रोचाप के अभिलाष कुमार की मौत हो गई। बताया जाता है कि रोचाप डोकाटांड़ निवासी राघो महतो का ग्यारह वर्षीय पुत्र अभिलाष कुमार,डाडीडीह से ट्यूशन पढ़कर वापस घर लौट रहा था। अभिलाष कुमार मुख्य पथ को छोड़कर पगडंडी के रास्ते से होकर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान वह कोतो पंचायत के बिरहोर कॉलोनी के निकट व्रजपात के चपेट में आ गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। बताते चलें कि गुरुवार की देर शाम पतरातू और इसके आस-पास के क्षेत्रों में खूब आंधी, पानी और आसमानी बिजली भी कड़क रही थी। बच्चे के घर नहीं लौटने पर उसकी परिजनों ने बच्चे की खूब खोजबीन की। किंतु,वह उनको रात तक नहीं मिला। खोजने के दौरान शुक्रवार को अहले सुबह परिजनों को अभिलाष कुमार का शव बिरहोर कॉलोनी के पास मिला।घटना की सूचना मिलते ही पतरातु पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। साथ ही शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को रामगढ भेजा गया। इधर, शव मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। साथ ही पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

## हजारीबाग के सांसद ने किया रामगढ़ जिनालय का दर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हजारीबाग के सांसद श्री मनीष जायसवाल ने रामगढ़ जिनालय में पहुंचकर भगवान आदिनाथ, भगवान महावीर तथा भगवान पारसनाथ की मनमोहक प्रतिमाओं के दर्शन करके धर्म का लाभ लिया। सांसद के साथ में रामगढ़ जिला के भाजपा के कई पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी रामगढ़ जिनालय में पहुंचकर श्री जी की प्रतिमाओं के दर्शन किए, जिनालय की भव्यता एवं प्रतिमाओं की मनमोहकता देखकर सांसद मंत्र मुग्ध हुए। जिनालय के दर्शन? हो जाने के उपरांत रामगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल ने अंग वस्त्र उढ़ाकर तथा सचिव योगेश सेठी ने मुकुट माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही, कार्यकारणी के अन्य सदस्यों ने सांसद के साथ आए हुए अन्य भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया, बाद में सांसद ने समाज के अधिकारियों के साथ जिनालय की समस्याओं के संबंध में मंत्रणा की, समाज के सचिव योगेश सेठी ने संसद के समकक्ष रामगढ़ के किसी चौक का नाम भगवान महावीर के नाम पर रखने की तथा जिनालय के बाहर सांसद मद से सोलर लाइट लगवाने की मांग रखी। सांसद द्वारा सचिव को उनकी मांग का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। उपरोक्त अवसर पर अध्यक्ष सचिव के अलावा उपाध्यक्ष राजू पाटनी, ललित चूड़ीवाल, संजय सेठी, विकास रपरिया, अमित काला ,देवेंद्र गंगवाल एवं श्रवण सेठी आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित थे


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**RFP No. – 13/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Request for Proposal (RFP) for providing domain based official E-mail solution/ services with 100 GB storage in Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd. (JUSNL). |
| Earnest Money Deposit | Rs. 40,000.00 Online mode |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST Online mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 15.04.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 15.04.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 05.05.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 06.05.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhand tenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR 350108 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D**

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

## स्कूली बच्चे के अपहरण की कोशिश, भीड़ ने चोर की कर दी पिटाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में एक बच्चे के अपहरण की कोशिश की गई। एक युवक कार सहित बच्चों का अगवा करना चाहता था, लेकिन संयोग अच्छा था कि कार की पिछली सीट पर बच्चे की दादी बैठी हुई थी और उन्होंने हल्ला शुरू कर दिया। फिर तो भीड़ जुट गई और चोर की जम कर कुटाई कर दी। दरअसल बच्चा अपनी मां के साथ कार से स्कूल से घर जा रहा था। साथ में बच्चे की दादी और चाचा भी थे। पुलिस लाइन में गैस चूल्हा बनाने के लिए देने बच्चे की मां उतरी। पीछे पीछे उसके चाचा भी चले गए। इस बीच युवक कार के पास पंहुचा। चूंकि कार का गेट अनलॉक था, इसलिए उसे कार में प्रवेश करने में आसानी हुई। वह कार की ड्राइविंग सीट पर बैठ गया था और कार स्टार्ट करने की कोशिश करने लगा। इसी बीच गाड़ी में बैठी दादी ने हल्ला शुरू कर दी। यह तो जांच से ही पता चल सकता है, लेकिन हम लोग सचेत नहीं होते तो बड़ी घटना हो सकती थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अपने हिरासत में ले लिया और मामले के छान बीन में जुट गई है। आरोपी के पास से एक आधार कार्ड मिला जिसमे उसका नाम रोहित कुमार साव लिखा हुआ है।

## मानगो में श्री श्री 108 रूद्र महायज्ञ व शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ एवं शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा मानगो, तांतरी पंचायत व श्री श्री राम चरित्र मानस हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर चलकारी दुमदुमी में यज्ञ समितियों के द्वारा शोभा यात्रा सह जल यात्रा निकाला गया। मानगो यज्ञ समिति के द्वारा शोभा यात्रा मनगो, कूड़ामु, तांतरी, सोनारटोला, मानटाड, जीटी रोड, गोमो रोड, सुभाष चौक, भवानी चौक होते हुए जगस्थान तक पहुंचे। वहीं चलकरी यज्ञ समिति के शोभायात्रा जीटी रोड, वाटर बोर्ड, भंवरदाहा तोपचांची झील से जल उठाया गया। यह भव्य अनुष्ठान कई दिनों तक चलेगी। इस कार्यक्रम को सफल करने में समाज सेवी चुरामन महतो सतनाम सिंह, नरेश महतो, राहुल सोरेन, जितेन महतो, पतीलाल महतो, महावीर महतो, अनिल महतो, कुलदीप महतो थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी आजसू नेता सदानंद महतो, रामचंद्र ठाकुर, प्रमोद महतो, कुलदीप प्रमाणिक आदि सैकड़ो महिला व पुरुष मौजूद थे।



## लापरवाहियों को लेकर महाप्रबंधक से करेंगे शिकायत : पिंटु


**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हाजीपुर के जेड.आर.यू.सी.सी. सदस्य पिंटु कुमार सिंह ने गोमो स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गड़बड़ियां मिली। उन्होंने इसकी शिकायत महाप्रबंधक से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोमो स्टेशन के बाहर दक्षिण साइड के सर्कुलेटिंग एरिया में धडल्ले से बंगला ईट का इस्तेमाल किया जा रहा है। हल्की वर्षा होने पर प्लेटफार्म संख्या एक तथा दो तालाब का रूप धारण कर ले रहा है। जिससे यात्रियों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफार्म संख्या एक तथा दो का लेवल ऊंचा करने का काम पिछले एक वर्ष से चल रहा है। कार्य की रफ्तार काफी धीमी होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफार्म पर लगी टाइल्स कार्य पूर्ण होने के पहले ही उखड़ने लगा है। टाइल्स के ऊपर ढलाई किया जा रहा है जिससे ढलाई की मजबूती पर अपने आप सवाल खड़ा हो रहा है। प्लेटफार्म संख्या एक तथा दो पर जगह-जगह गिट्टी बालू रखा होने के कारण प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को इधर से उधर आने-जाने में परेशानी हो रही है। प्लेटफार्म पर गति शक्ति योजना के तहत कार्य किया जा रहा है जबकि गड़बड़ी के संबंध में अधिकारी से संपर्क स्थापित करना चाहा तो अधिकारी फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। यात्रियों को चढ़ने तथा उतरने में काफी परेशानी हो रही है।



## सरायढेला, नूतनडीह, विकास नगर में पानी की समस्या

**नगर आयुक्त को पत्र के माध्यम से समस्या के समाधान किया गया मांग**

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायढेला, नूतनडीह, विकास नगर आदि जगहों में इन दिनों पानी की समस्या से लोग त्राहिमाम कर रहे है। इस सम्बन्ध में विकास नगर के अशोक कुमार प्रसाद (वकील) ने एक पत्र नगर आयुक्त को देकर पानी की समस्या से अवगत कराते हुए अपने दिए गए आवेदन में कहा है कि सरायढेला, जल मीनार से विगत तीन दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही है एवं अगले दिनों भी जलापूर्ति नहीं ही पाने की संभावना बताई जा रही है। यहां पूरे क्षेत्र सरायढेला, नूतनडीह, विकास नगर आदि जगहों में जलापूर्ति का अभाव है। विभाग को मालूम होना चाहिए एवं इसकी वैकल्पिक व्यवस्था हेतु समाधान खोजने के उपरांत ही जलापूर्ति बाधित करना चाहिए था। उपरोक्त वर्णित मौजों में डीप बोरिंग की जांच होनी चाहिए थी एवं अर्थदंड की व्यवस्था सहित चिन्हित करना चाहिए था। उपरोक्त वर्णित क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए थी। प्रत्येक वर्ष ग्रीष्म-काल में इन समस्याओं से निपटने का उचित प्रबंध होना चाहिए। मैथन डेम से जलापूर्ति पाईप को तोड़ कर जल-चोरी पर से रोक लगाना एवं निरीक्षण कार्य को सुचारु करना आवश्यक है। उपरोक्त तथ्यों की जांच कर उचित कारवाई करने की मांग किया है।



## सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में गैर आपातकालीन सेवाओं की शिफ्टिंग में लाएं तेजी : उपायुक्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम अभिम) की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चरण बद्ध तरीके से गैर आपातकालीन सेवाओं की शिफ्टिंग में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही वहां कार्डियोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति, रैंप निर्माण, मॉड्यूलर ओटी, लिफ्ट, मुख्य प्रवेश द्वार का चौड़ीकरण, बाउंड्री वॉल में फेंसिंग इत्यादि को दुरुस्त करने तथा कैथ लैब में चिकित्सीय सेवाएं शुरू करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने निरसा में निर्मित 100 बेड के मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी की व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर मरीजों का इलाज शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पीएम अभिम के तहत निर्मित हेल्थ सब सेंटरों की जांच कर, एक सप्ताह में हैंडोवर करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने 15 वें वित्त के तहत स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं, सीएम हॉस्पिटल मेंटेनेंस योजना सहित अन्य की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉ एसके चौरसिया, अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार गिंडोरिया, डॉ राजकुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जेबीवीएनएल के कार्यपालक विद्युत अभियंता शिवेंद्र कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# वक़्फ़ संशोधन बिल का सबिले हुसैन ट्रस्ट ने किया विरोध

**मौलाना क़ादरी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सुप्रीम कोर्ट को लिखा पत्र**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** संसद से पारित होने के बाद वक़्फ़ संशोधन बिल को राष्ट्रपति ने अपनी मंज़ूरी दे दी है, जिसके बाद यह विधेयक अब कानून का रूप ले चुका है। इस फैसले पर ऑल इंडिया सबिले हुसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष, मौलाना हाफ़िज़ आरिफ़ रज़ा क़ादरी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट को एक लिखित पत्र भेजा है।मौलाना क़ादरी ने अपने बयान में कहा, यह कानून मुसलमानों की धार्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं के अस्तित्व पर सीधा हमला है। वक़्फ़ की ज़मीनें हमारे पूर्वजों की दी हुई अमानत हैं, जिन्हें सरकार अपने नियंत्रण में लेना चाहती है।आगे मौलाना क़ादरी ने आरोप लगाया कि सरकार इस संशोधन के ज़रिए मुसलमानों को कमज़ोर करना चाहती है और उनके इबादतगाहों, मदरसों, मस्जिदों, दरगाहों और अन्य वक़्फ़ संपत्तियों को असुरक्षित बना रही है। उनके अनुसार, यह कानून मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ़ है, जिस पर चुप रहना मुमकिन नहीं।मौलाना क़ादरी ने इस बिल के खिलाफ़ देशव्यापी एकजुट विरोध की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और अपील की कि सभी धार्मिक और सामाजिक संगठन इस कानून को अदालत में चुनौती दें। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से भी आग्रह किया है कि वह इस कानून का संज्ञान ले और अल्पसंख्यकों के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे।

## पंजाब नेशनल बैंक ने लगाया कॉइन डिस्ट्रीब्यूशन एंड नोट एक्सचेंज मेला

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को पंजाब नैशनल बैंक, बोकारो मंडल अंतर्गत झरिया शाखा ने सब्जी मंडी में झरिया करेंसी चेस्ट, धनबाद के सहयोग से कॉइन डिसटीब्यूशन एंड नोट एक्सचेंज मेला आयोजन किया गया। मेले में करेंसी चेस्ट मैनेजर पंकज कुमार ने बताया मेले का मुख्य उद्देश्य विनियम की सुविधा को बेहतर बनाना और अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। पंजाब नेशनल बैंक, झरिया ब्रांच के मैनेजर हसन रजा ने कहा की मेले के माध्यम से लोगों को मुद्रा विनीमय की सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया गया। इस मेले में लगभग 30 ग्राहकों ने 9.00 लाख रुपये के रुपये 5,10 एवं 20 के सिक्कों का विनियम किया।





**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से दिनांक– 07.04.2025 से 17.04.2025 तक एक विशेष राष्ट्रव्यापी पंजीकरण अभियान शुरू कर रहा है, जिसमें सभी गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकें से ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना है। यह अभियान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के तहत व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिक यथा :–राइड – शेयरिंग, फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और फ्रीलांस सेवाएं शामिल है।
- प्रमुख प्रावधानो में शामिल है :–
  - ई–श्रम पोर्टल पर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक का पंजीकरण
  - आधिकारिक पहचान पत्र जारी करना
  - (AB-PMJAY) के तहत 31000 से अधिक सूचीब) अस्पतालों में प्रति परिवार 5 लाख रूपये का वार्शिक स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।
- उक्त श्रमिकों का पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिनांक– 07.04.2025 से 17.04.2025 तक चलाया जाएगा।
- सभी प्लेटफॉर्म आधारित गिग श्रमिकों को इस विशेष अभियान में भाग लेने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।
- सभी संबंधित गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिक नजदीक के प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से अपना स्वयं भी https://register.eshrm.gov.in लिंक के माध्यम से ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते है।

श्रम अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 350200 Simdega (25-26)_D



**कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमा करने पर हजारीबाग नगर निगम के करदाताओ को कर (वर्तमान वित्तिय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है जो निम्न प्रकार है:–

- सभी करदाताओं को 5% की छूट।

**इसके अतिरिक्त :–**

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 5% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
- आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5% की छूट।
- दिव्यांग होने पर 5% की छूट।
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।
- **Online** (https://udhd.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 5% की छूट।

**नोट** :– 30 जून के उपरांत बकाये टैक्स पर प्रतिमाह 1%की दर से ब्याज देय होगा।

- समय पर अपने होल्डिंग टैक्स का भुगतान करे और प्रतिमाह 1% की दर से लगने वाले ब्याज से बचे।

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 350163 Urban Development and Housing (25-26)_D



**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**Regd. Off:** 3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010
E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in

**Letter No.414** **Date-11.04.2025**

**SHORT TERM INVITING TENDER**
Ref. No. – JIADA Ranchi Region /01/2025-26

JIADA invites separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Cleaning of both side flank and Road Side Drain & Disposal of garbage (One Time) in Tupudana industrial Area , JIADA. Interested eligible bidders are requested to submit their proposal through latest by 3.00 PM on 28.04.2025

The details of Tender Document can also be seen (read only purpose) from departmental website http://Jiada.co.in.

Sd/-
Executive Engineer
JIADA, Ranchi.

PR 350105 RIADA (JIADA) (25-26)_D



**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 98/जि0प0 दिनांक 05.04.2025 एवं PR No.349802 तिथि 05.04.2025 के द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2025–26 में निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | पूर्व में प्रकाशित | | | वर्तमान में संशोधित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) |
| 1 | 06 | योजना गोहाल पंचायत भवन का चाहरदीवारी निर्माण कार्य | 1281100.00 | 26000.00 | 2500.00 | 999100.00 | 20000.00 | 1250.00 |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.350109 Panchayati Raj(25-26):D


## सांप रेस्क्यू सुरक्षा उपकरणों को उपहार स्वरूप सौपा

**कतरास :** सुरक्षात्मक पहलू को देखते हुए संस्था बीइंग काइंड एंड हैप्पी के सचिव वो वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एक्सपर्ट राणा प्रताप सिंह को रेस्क्यू उपकरण का उपहार दिया गया। जिसमें दो स्नेक टोंग, दो स्नेक स्टीक, दो ग्लोब्स शामिल है। सांप और जंगली जीवों को बचाने हेतु संस्था निरंतर तत्पर रहते हैं। मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सबिता देवी, चिन्मय कुमार आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

72वीं औपबंधिक सूची
जिला–खुंटी (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बदरी साहु एवं जावेद पाशा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–05/25 2. आवेदक–गोपाल महतो , पिता–बहुरन महतो<br>3. ग्राम–जियारपा , पोस्ट–फुदी , थाना–खूँटी , प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–06/25 2. आवेदक–डेबरा लोहरा , पिता–बंधना लोहरा<br>3. ग्राम–कालामाटी , पोस्ट–फुदी , थाना–खूँटी , प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में लागा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–07/25 2. आवेदक–प्यारी टुटी , पति–स्व0 दाऊद टुटी<br>3. ग्राम–भण्डरा, पोस्ट–भण्डरा , थाना–खूँटी , प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला , आयु–87 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–08/25 2. आवेदक–माकी धान , पिता–मोनी मटिना धान<br>3. ग्राम–रोलागुटू , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–गला में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–09/25 2. आवेदक–लोहगी धान , पति–जोसेफ धान<br>3. ग्राम–रोलागुटू , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–फुलमनी धान , पति–राम मुण्डा<br>3. ग्राम–रोलागुटू , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–सोमारी उराँव , पति–गन्दुरा उराँव<br>3. ग्राम–बामरजा , पोस्ट–तिलमी , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. आवेदक–जोसेफ धान , पिता–मोनोमर्टिन धान<br>3. ग्राम–रोलागुटू , सकेटोली, पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. आवेदक–शंकर महतो , पिता–देवचंद महतो<br>3. ग्राम–बमरजा, पोस्ट–बमरजा , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. आवेदक–लोकरे बखला , पिता–स्व0 चन्दा बखला<br>3. ग्राम–इट्ठे टोली, पोस्ट–बिनगांव , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–15/25 2. आवेदक–बलराम कुमार माँझी , पिता–स्व0 दुखु माँझी<br>3. ग्राम–हाँसा , पोस्ट–मुरहू , थाना–मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–26/25<br>2. आवेदक–अनिल गोप (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 महावीर गोप (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–रोलागुटू , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–25 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–27/25 2. आवेदक–कैलाश मुण्डा , पिता–स्व0 रामजीवन मुण्डा<br>3. ग्राम–बान्दु , पोस्ट–बान्दु , थाना–अड़की , प्रखण्ड अड़की<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–28/25 2. आवेदक–अजिताम कुमार स्वांसी , पिता–स्व0 गुरूचरण स्वांसी<br>3. ग्राम–अड़की , पोस्ट–अड़की , थाना–अड़की , प्रखण्ड–अड़की<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–29/25 2. आवेदक–बासमती देवी , पति–श्री सुदर्शन भोगता<br>3. ग्राम–बिरहु पतराटोली , पोस्ट–बिरहु , थाना–खूँटी , प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–30/25 2. आवेदक–सुकरा प्रधान , पिता–स्व0 हरिहर प्रधान<br>3. ग्राम–खूँटी टोली , पोस्ट–खूँटी , थाना–खूँटी , प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–31/25 2. आवेदक–एतवारी मुण्डाईन , पति–सोहराई मुण्डा<br>3. ग्राम–इट्ठे सेमर टोली ,पोस्ट–बिनगांव , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–32/25 2. आवेदक–हिनु हेरेंज , पिता–डिम्बो हेरेंज<br>3. ग्राम–सेमर टोली ,पोस्ट–बिनगांव , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–33/25 2. आवेदक–सोहराई मुण्डा , पिता–स्व0 महतो मुण्डा<br>3. ग्राम–इट्ठे सेमर टोली ,पोस्ट–बिनगांव , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–34/25 2. आवेदक–श्री गुमला मुण्डा , पिता–स्व0 चरकु मुण्डा<br>3. ग्राम–इट्ठे सेमर टोली ,पोस्ट–बिनगांव , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–35/25 2. आवेदक–आश्रिता संगा , पति–मनबहाल संगा<br>3. ग्राम–हारूहप्पा ,पोस्ट–जलटण्डा , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–36/25 2. आवेदक–मनबहाल संगा , पिता–स्व0 दनिएल संगा<br>3. ग्राम–हारूहप्पा ,पोस्ट–जलटण्डा , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना घुटना में जले का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–37/25 2. आवेदक–चेड़गा उरांव , पिता–लोझो उरांव<br>3. ग्राम–गंडके ,पोस्ट–कोने , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–38/25 2. आवेदक–प्रेम प्रकाश हेरेंज , पिता–स्व0 बुधवा हेरेंज<br>3. ग्राम–इट्ठे टोली ,पोस्ट–बिनगांव , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–39/25 2. आवेदक–झोलो उराईन , पति–चेड़गा उरांव<br>3. ग्राम–गंडके ,पोस्ट–कोने , थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथा पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–40/25 2. आवेदक–नीली कुजूर , पति –अन्तोनी लकड़ा<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. आवेदक–पीरी ईरगु , पति –विश्वनाथ ईरगु<br>3. ग्राम–तपेसरा , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. आवेदक–सनिका संगा , पिता–स्व0 मानता संगा<br>3. ग्राम–जलटण्डा , पोस्ट– जलटण्डा , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. आवेदक–टिकाई उराँव , पिता–मंदु उराँव<br>3. ग्राम–रायशिमला , पोस्ट–बारकुली , थाना–तोरपा , प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. आवेदक–इग्नेस लकड़ा , पिता–स्व0 राय उराँव<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के घुटने में कटै का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–45/25 2. आवेदक–गांगी तिग्गा , पति –भीका तिग्गा<br>3. ग्राम–अनिडीह , पोस्ट–डुन्डीगडा , थाना–खूँटी , प्रखण्ड– खूँटी<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–46/25 2. आवेदक–अन्तोनी लकड़ा , पिता–स्व0 मिखाएल लकड़ा<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. आवेदक–पतरस लकड़ा , पिता–स्व0 मगन लकड़ा<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. आवेदक–सन्नि मुण्डा , पिता–ढेलकु मुण्डा<br>3. ग्राम–रायशिमला , पोस्ट–बारकुली , थाना–तोरपा , प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. आवेदक–शांति भेंगरा , पति –इम्मनुएल धान<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग– महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां चेहरे में निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–50/25 2. आवेदक–बैजनाथ होरो , पिता–स्व0 छुनकू होरो<br>3. ग्राम–कदल अम्बाटोली , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–सिमोन लकड़ा , पिता–स्व0 राय लकड़ा<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के जांघ में चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–52/25 2. आवेदक–ननकी लकड़ा , पति –स्व0 गन्दुवा लकड़ा<br>3. ग्राम–इठे टोली , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग– महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–53/25 2. आवेदक–जावनी तिर्की , पति – हेंगरे तिर्की<br>3. ग्राम–इठे टोली , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग– महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–54/25 2. आवेदक–दुर्गी हेरेंज , पति – फिलमोन कुमार हेरेंज<br>3. ग्राम–इठे टोली , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग– महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–55/25 2. आवेदक–जोन कच्छप , पिता–स्व0 मार्टिन कच्छप<br>3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–56/25 2. आवेदक–कुमुदिनी बखला , पति – महादेव बखला<br>3. ग्राम–इठे टोली , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग– महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–57/25 2. आवेदक–रामा संगा , पिता–चमरा संगा<br>3. ग्राम–अरगोड़ी , पोस्ट–डुन्डीगड़ा , थाना–खूँटी , प्रखण्ड– खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–58/25 2. आवेदक–जमुना तिर्की , पति – स्व0 गोसाई तिर्की<br>3. ग्राम–इठे टोली , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग– महिला , आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–59/25 2. आवेदक–जुनास टोप्पो , पिता–स्व0 जोहन टोप्पो<br>3. ग्राम–कालामाटी तिरिल टोली , पोस्ट–फुदी , थाना–खूँटी , प्रखण्ड– खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–60/25 2. आवेदक–भीम टोप्पो , पिता–मधेया टोप्पो<br>3. ग्राम–कालामाटी तिरिल टोली , पोस्ट–फुदी , थाना–खूँटी , प्रखण्ड– खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–61/25 2. आवेदक–एनेम तोपनो , पिता–स्व0 जोसेफ तोपनो<br>3. ग्राम–कर्रा किता टोली , पोस्ट–मरचा , थाना– रनियाँ , प्रखण्ड– खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–62/25 2. आवेदक–प्रभुसहाय डोडराय , पिता–स्व0 मिखाईल डोडाराय<br>3. ग्राम–जुरमी लिमडा , पोस्ट–बिन्दा बाजार , थाना–मुरहू , प्रखण्ड– मुरहू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–63/25 2. आवेदक–रूपुस कन्डुलना , पिता–स्व0 दाउद कन्डुलना<br>3. ग्राम–चाँपी , पोस्ट–धुनसुली , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–64/25 2. आवेदक–सनकु प्रधान , पिता–स्व0 बंधा प्रधान<br>3. ग्राम–चाँपी , पोस्ट–धुनसुली , थाना–कर्रा , प्रखण्ड– कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य PR 350119 (Home) 25-26 (D) (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हाईटेंशन बिजली तार के संपर्क में आने से टेलर सहित पॉकलेंन जल कर हुआ राख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** बदला रोड में हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से मालवाहक टेलर एवं पॉकलेंन जल कर हुआ राख चालक एवं पॉकलेंन मशीन के ऑपरेटर बाल बाल बचा। घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित बदला रोड में मालवाहक टेलर जे एच 02 ए एफ 4864 से पॉकलेंन बदला की ओर ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में वन विभाग के चारदीवारी के समीप हाईटेंशन बिजली तार सड़क पार हुआ था। जिसके संपर्क में आने से बड़ा दुर्घटना हुआ। इस घटना में टेलर के ड्राइवर ने कूदकर जान बचाया। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट होने के कारण वाहन में आग लगी। जानकारी के अनुसार बगड़ू से तेतर टोली मालवाहक ट्रक में पॉकलेंन मशीन को ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बक्सीडीपा से बदला जाने के पथ पर 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार में पॉकलेंन मशीन टच हो गया और करेंट होने के कारण शॉर्ट सर्किट से दोनों गाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे गाड़ियों में फैल गई और बीच सड़क पर धू धू कर मालवाहक ट्रक और मशीन जलने लगी। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचना दिया गया। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियों के द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया वही दोनों गाड़ियां पूरी तरह से जल चुकी है। जले हुए पॉकलेंन मशीन और मालवाहक ट्रक हजारीबाग के कांग्रेसी नेता अरून साहू का बताया जा रहा है। घटना से बिजली विभाग के लच्चर व्यस्था पर भी लोगो ने सवाल खड़ा किया है और इसे बिजली विभाग की लापरवाही बताया गया है। फिलहाल दमकल विभाग के टीम के द्वारा पूर्ण रूप से आग पर काबू पा लिया गया है। जबकि सेन्हा पुलिस इस घटना के बाद दोनो गाड़ी मालिक से संपर्क करने में जुट गई है।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भीमराव जयंती की सफल आयोजन को लेकर की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** कल्याण विभाग लोहरदगा के तत्वाधान में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा जाति अल्पसंख्यकों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक के लिए आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस दिन मोटरसाइकिल रैली आयोजित की जाएगी साथ ही समाहरणालय मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिले में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा इसके साथ-साथ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, निदेशक आई टी डी ए सुषमा नीलम सोरेंग,अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक श्रद्धा केरकेट्टा, एल आर डी सी सुजाता कुजूर सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समाज सेवी उपस्थित थे।

## मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है : पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा ने शुक्रवार को लोहरदगा प्रखंड के अरकोसा पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के भाजपा नेता पवन तिग्गा कि अगवाई में साफ सफाई अभियान सुइयां डीपा बाजार परिषद में साफ सफाई अभियान किया गया। यह अभियान 7 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जिला, प्रखंड, गांव में जाकर सफाई अभियान करना सुनिश्चित किया गया है। और आज देश के प्रधानमंत्री के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में चलाई गई। उसी के निमित्त आज जिले के विभिन्न गांव में प्रखंड में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सदस्य गण सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, शीतल भगत, कन्नू उरांव, दीपक कुमार साहू उपस्थित हुए।

## 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के साथ रामोत्सव का होगा समापन

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद द्वारा 30 मार्च से जिले भर में चल रहे रामोत्सव कार्यक्रम का समापन 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कृष्णा शर्मा ने बताया कि इस बार जिले के 400 से अधिक स्थानों पर रामोत्सव का आयोजन किया गया है।हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग दल के द्वारा इसे बलोपासना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कबड्डी प्रतियोगिता और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जो स्थान किसी कारणवश अब तक रामोत्सव छूट गए है। वहां इस दिन आयोजन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि रामोत्सव का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना का प्रसार, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और युवाओं में संगठनात्मक भाव को प्रबल करना है। समापन समारोह को यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे हनुमान जन्मोत्सव को भव्य तरीके से मनाएं और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

## भारतीय वायुसेना अग्नि वीर वायु म्युजिशियन की भर्ती 21 अप्रैल से

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु म्युजिशियन की भर्ती आवेदन 21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक भर्ती रैली दिल्ली और बेंगलुरु में 10-18 जून Airforce Agniveer Bharti 2025 = 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास करने वाले यूथ के लिए भारतीय वायुसेना में भर्ती होने का बहुत अच्छा मौका है. वायुसेना ने अविवाहित युवाओं से अग्निवीरवायु (म्युजिशियन) भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं. इसके लिए महिला और पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं।नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 10 जून से 18 जून तक दिल्ली और बेंगलुरु में होने वाली भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक किया जा सकेगा। आवेदन फॉर्म वायुसेना की वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर भरना होगा।

**अग्निवारवायु (म्युजिशियन) भर्ती के लिए योग्यता**

एजुकेशन क्वॉलिफिकेशन- उम्मीदवारों को 10वीं पास होना चाहिए. साथ में टेम्पो, पिच में सटीकता के साथ म्युजिक में प्रोफिसिएंसी और कम से कम पूरा एक गाना गाने की क्षमता. इसके अलावा एक प्रीपेटरी ट्यून परफॉर्म करने और स्टॉफ नोशन, तबलावादन/टोनिक सोल्फा/हिंदुस्तानी/कर्नाटक संगीत में से कोई एक परफॉर्म करने की भी क्षमता होनी चाहिए. डिटेल जानकारी के लिए भर्ती नोटिफिकेशन देखें। उम्र सीमा और वैवाहिक स्थिति- उम्मीदवारों को अविवाहित होना चाहिए और जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ होना चाहिए।

## राष्ट्र की सुरक्षा, न्याय और आतंकवाद के विरुद्ध हमारी अटूट प्रतिबदधता की ऐतिहासिक जीत बताया : ओम प्रकाश सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिश करता तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाये जाने और एनआईए द्वारा की गई गिरफ्तारी को आतंक के खिलाफ एक कड़ा प्रहार बताते हुए इसे राष्ट्र की सुरक्षा, न्याय और आतंकवाद के विरुद्ध हमारी अटूट प्रतिबदधता की ऐतिहासिक जीत बताया है, उन्होंने कहा है कि तहव्वुर राणा जैसे आतंकी की भारत वापसी और एनआईए द्वारा की जा रही कार्रवाई यह संदेश देती है कि भारत अब आतंकियों के पनपने नहीं देगा, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में छुपे हों। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक कूटनीतिक सफलता का परिणाम है। भाजपा नेता ने कहा है की 26/11 के हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया था, निर्दोष नागरिकों की शहादत और बहादुर सुरक्षा बलों की कुर्बानी को हम कभी नहीं भूल सकते, अब तहव्वुर राणा की गिरफ्तारी ने यह सुनिश्चित कर दिया कि इन बलिदानियों को न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की रणनीतिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि जब से नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से आतंकवादियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार सफल और निर्णायक राष्ट्र के रूप में उभरा है, चाहे वह सर्जिकल स्ट्राइक हो एयर स्ट्राइक हो या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को बेनकाब करना। हर कदम आतंक के खिलाफ निर्णायक साबित हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय जांच एजेंसी की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

# भंवर पहाड़गढ़ कोलेबिरा में अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंवर पहाड़गढ़ कोलेबिरा में अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आज पहला दिन कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।कलश यात्रा भंवर पहाड़ से गढ़ से बूढ़ा महादेव कोलेबिरा डेम तक निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने विधि विधान से मंत्रोचार के साथ कलश में जल संकल्प लिया। इस अवसर पर चिंतामणि कुमार, अमरनाथ सिंह, रणधीर कुमार साहू, अशोक इंदौर, बंशीधर सिंह, तपेश्वर सिंह, गोपाल सिंह, दिलेश्वर सिंह सहित स्वर्गीय रण बहादुर सिंह के सभी कुटुंब उपस्थित थे। कलश यात्रा के बाद सभी महिलाएं भर पहाड़ गढ़ अखंड हरी कीर्तन के स्थल पर पहुंचीं और अपने-अपने कलश को स्थापित किया। इस अवसर पर बूढ़ा महादेव के पुजारी मदन दास ने विशेष पूजा-अर्चना की। यह तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम भक्तों के लिए एक विशेष अवसर है, जिसमें वे भगवान की भक्ति में लीन हो सकते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन भंवर पहाड़गढ़ कोलेबिरा के निवासियों द्वारा किया गया है, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है।

## विश्वास का अभाव वक्फ संशोधन बिल से मुस्लिम समुदाय प्रगतिशील होंगे : टीपू खान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भाजपा के जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष टीपू खान ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कई मुस्लिम समुदाय के लोग, खासकर गरीब और पसमांदा वर्ग, इस विधेयक के कुछ प्रावधानों हैं। वक्फ बोर्डों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और संपत्तियों के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा। उदाहरण के लिए, वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। विधेयक में महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों को सुरक्षित करने और वक्फ बोर्डों में कम से कम दो महिलाओं को शामिल करने का प्रावधान है। इसे मुस्लिम महिलाओं, विशेषकर विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सकारात्मक है। वक्फ रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, ऑडिट की अनिवार्यता और संपत्ति विवादों के लिए कानूनी सहायता केंद्रों की स्थापना जैसे कदमों को समुदाय के लोग प्रगतिशील होंगे। विपक्षी दलों ने इसे मुस्लिम विरोधी और संविधान के अल्पसंख्यक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला बताया है यह उनका प्रोपगंडा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 अप्रैल 2025 को इस विधेयक को मंजूरी दे दी, और यह अब एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 (WMEED) के रूप में लागू है। इसके अलावा टीपू खान ने कहा कि हकीकत में यह है कि जो पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा बिल संशोधन किया गया वो वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को रोकेगा और कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाएगा। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज को विकास कार्यों में आगे बढ़ाया जा सकता है।

# भारतीय जनता पार्टी इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनायेगी : सचिन कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। 12 अप्रैल को भाजपा नगर मंडल द्वारा तिवारी दूरा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुक्रवार को अंतिम चरण में पूरी कर ली गई है आयोजन को लेकर शहर में भक्तिमय माहौल बन चुका है और मंदिर परिसर में विशेष रूप से सजावट और स्वच्छता का कार्य किया गया। महाआरती की तैयारी में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। जिसमे गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अर्चि गोयल, भूमि गोयल और प्रीति गोयल द्वारा मंदिर परिसर में महाआरती का पूर्वाभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान पूरे परिसर में भक्ति की अनुभूति देखने को मिली, जहां महिलाओं ने समर्पण भाव से तैयारी कर यह दर्शाया कि इस आयोजन में नारी शक्ति की प्रमुख भूमिका होगी। गुंजन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाआरती के दौरान हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, सुंदरकांड का संगीतमय पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालु एकत्र होकर भक्ति में लीन होंगे और साथ ही समाज में नारी शक्ति की उपस्थिति का प्रभावशाली संदेश भी प्रसारित होगा।पूर्वाभ्यास के पश्चात भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई की गई। इस दौरान स्वयं अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने झाड़ू उठाकर परिसर को स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण बनाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि यह सामाजिक समरसता, एकता और संस्कारों का प्रतीक है। इस आयोजन में महिलाओं की अग्रणी भूमिका इसे और भी खास बना रही है। कार्यक्रम की तैयारियों में नगर मंडल के कई प्रमुख सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। जिसमे सचिन कुमार साहू, सत्यम कुमार, रवि सिंह, अशोक और विजय चंद्रशेखर अग्रवाल सहित कई अन्य कार्यकर्ता लगातार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं ताकि आयोजन को यादगार और प्रेरणादायक बनाया जा सके।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठन ने नगर उंटारी में किया विरोध प्रदर्शन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरडीहा मे वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। सड़क पर उतर कर लोगों ने बिल के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान सदर मुस्ताक अहमद शेख ने बताया की कल गढ़वा में क़र्बलाह के मैदान से समाहरणालय तक विशाल रैली निकाली जाएगी। वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से उपायुक्त के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार धार्मिक मामलों में दखलंदाजी कर रही है। हमलोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह संपति हड़पने की साजिश है। केंद्र सरकार को इस बिल को वापस लेना होगा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था वक्फ बोर्ड की संपत्ति मुसलमानों की है। केंद्र सरकार संवैधानिक अधिकार के खत्म करना चाहती हैं।जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि वक्फ संशोधन बिल को वापस नहीं लिया गया तो सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर सेक्रेटरी ताहीर हुसैन, हैसियत अंसारी, राकिब अनवर, साजिद अंसारी, डॉ रिज़वान अहमद, अमीर हसन, मसऊवर अंसारी, मकसूद, तोहिद अंसारी, प्रवेज आलम, म कबूल अहमद, अजीज अंसारी, अफ़रोज़ अंसारी, असलम, नौसाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

# बे मौसम बारिश और तेज हवा से जन जीवन अस्त व्यस्त

### आये दिन हो रहा बे मौसम बरसात से फसलों को नुकसान हो रहा है



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** बे मौसम बारिश और तेज हवा से प्रखंड क्षेत्र में आफत मची हुई है। गुरुवार को दोपहर में बे मौसम पानी हवा से तैयार फसल नष्ट हुआ। वही पिछले महीने हुए ओलावृष्टि से प्रखंड क्षेत्र में खपरैल एवं एस्बेस्टस वाले सभी मकानों का छत बर्बाद हो चुका है। ऐसी स्थिति में आये दिन बे मौसम बारिश होने से इन घरों में काफी परेशानी बढ़ गई है। पहले ही घर का खपड़ा एवं एस्बेस्टस पूरी तरह से टूट चुका है। बे मौसम बारिश होने के बाद लोगों के घरों के अंदर में बरसात जैसा पानी गिरते रहता है। लोगों को अनाज, कपड़ा और मवेशी सहित अपने आप को बचाना और अन्य चीजों को सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। बे मौसम बारिश का पानी से बचाव के लिये कुछ लोग अपने अपने घरों में प्लास्टिक या तिरपाल ढककर रहे हैं परंतु तेज हवा के कारण वह भी उड़ रहा है और फट जा रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों को रहने में काफी दिकत हो रही है। वही बे मौसम बारिश में तैयार रवि फसल भी काफी नुकसान हो रहा है। ओलावृष्टि से बचा हुआ गेहूं, अरहर, तिलहन सहित अन्य फसलों की कटाई में लगे हैं। आये दिन बे मौसम बारिश होने किसानों का तैयार फसल और नष्ट हो रहा है। वही ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसल की भरपाई के लिये किसान सरकार से मुवावजा के लिये आस लगाये हुए हैं। वही बे मौसम बारिश होने से नदी, तलाब, कुँवा और अन्य जल स्रोतों में पानी का स्तर बढ़ हुआ है। जिससे किसानों को कुछ दिन फसलों की सिंचाई करने के लिये चिंता नही होगी। ओलवृष्टि से प्रभावित से ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय रहते सरकार से मुआवजा मिल जाता तो नुकसान खेती के बदले फिर से खेती कार्य करने में मदत होता। और बरसात आने से पूर्व घरों की मरम्मत हो जाता जिसे रहने में परेशानी नही होती। नहीं तो बरसात में रहने और जरूरत का समान रखने तथा मवेशी को रखने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

## भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अखिल भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का हुआ विलय

# भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का विस्तार, अरविंद अध्यक्ष, राधेश्याम सचिव नियुक्त

- पुराना संघ निष्क्रिय और कर्मचारी विरोधी था : सुश्री समष्ठी एक्का
- ग्रामीण डाक कर्मचारियों को पेंशन और सरकारी सुविधा मिले : रामेश्वर गोप
- डाक कर्मियों की सेवको के उत्थान और विकास के लिए संघ तत्पर : कालेश्वर सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ की बैठक स्थानीय होटल नॉवेल्टी में रखी गई। जिसमें ग्रामीण डाकसेवकों से जुड़ी समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। डाक सेवको की समस्याओं के समाधान को लेकर पहल करने की बात कही गई। मौके पर 100 ग्रामीण डाक सेवको ने भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का विस्तार किया गया। जिसमें गुमला डिवीजन के लिए अरविंद उरांव को अध्यक्ष, राधेश्याम प्रजापति को सचिव, अर्जुन यादव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर सर्किल अध्यक्ष कालेश्वर सिंह ने कहा कि डाक सेवको के उत्थान और विकास के लिए डाक कर्मचारी संघ तत्पर है। कहा कि डाक सेवको की हर समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर रामेश्वर गोप सर्कल सचिव ने कहा की ग्रामीण डाक सेवा ब्रिटिश काल से संचालित किया जा रहा है वर्तमान में भारत सरकार द्वारा दिए गए आदेश निर्देश के अनुसार कार्य सम्पादित किया जाता है, पूर्व में डाक सेवा जनहित सेवा माना जाता था लेकिन अब बिसनेस सेवा माना जाता है और बिसनेस के नाम पर ग्रामीण डाक कर्मियों को प्रताड़ित करने का विभाग कार्य कर रही है जिसका डट कर मुकाबला किया जायेगा और शोषण के खिलाफ उग्र आंदोलन भी करना पड़ेगा तो किया जायेगा। उन्होंने कहा की ग्रामीण डाक कर्मियों को न पेंशन मिलती है और न कोई मेडिकल लाभ सरकार द्वारा दिया जाता है और न विभागीय स्थायिकरण किया जाता है, वेतन विसंगती है साथ ही मान सम्मान भी नहीं दिया जाता है हमेशा प्रताड़ित किया जाता है कभी सुकन्या खाता खोलने की बाध्यता तो कभी अन्य स्किम की बाध्यता के कारण वेतन बंद करने की धमकी दिया जाता है अन्य कर्मचारियों की तरह आंदोलन भी नहीं कर सकते है, इसी कारण से ग्रामीण डाक कर्मियों ने भारतीय मजदूर संघ में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर घाघरा प्रभाग की सुश्री समष्ठी एक्का, भावना सूत्रधार, शिल्पी कुमारी ने कहा की दिसंबर में यूनियन के आह्वान पर आंदोलन में शामिल होने पर निलंबित कर दिया गया था बहुत परेशानी हुआ था लेकिन संघ कोई करवाई या सहायता नहीं किया इसलिए आज हमलोग सभी दूसरे संघ में शामिल हो रहे है ताकि हम सबका न्याय और वेतनविसंगती के साथ पेंशन और अन्य सरकारी सुविधा प्राप्त हो सके। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद मेहता, सर्किल अध्यक्ष रांची कालेश्वर सिंह, सचिव रामेश्वर गोप, शाखा सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह, गुमला लोहरदगा डिवीजन के संयोजक सचिव राधेश्याम प्रजापति, एमएम मिश्र, संतोष कुमार, अरविंद उरांव, कहरु उरांव, जीवन भगत, समष्टि एक्का, शिल्पा कुमारी, प्रवीण लकड़ा, रामविलास साहू, भावना सूत्रकार, बलबीर कुजूर, सुरजनाथ भगत, जीवन भगत, सूर्यनाथ भगत, राजेश कुमार, अशोक भगत, अर्जुन यादव, सुरेन प्रजापति, रामकृष्ण प्रसाद, संजय सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शनिवार, 12 अप्रैल 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### सीएजी ऑडिट रिपोर्टों पर दिल्ली विधानसभा में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली** : दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा में भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रमों पर समिति के अध्यक्ष गजेंद्र ड्राल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) और दिल्ली की महालेखाकार रोली शुक्ला मालगे मौजूद रहीं। विधानसभा अध्यक्ष ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई और रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने 30 अप्रैल तक बाकी सभी कैग रिपोर्टों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने शासन में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में उपस्थित समितियों और विभागीय अधिकारियों ने ऑडिट सिफारिशों के प्रभावी अनुपालन के लिए संस्थागत समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान महालेखा परीक्षक (ऑडिट), दिल्ली द्वारा नवीनतम ऑडिट रिपोर्टों की प्रमुख टिप्पणियों एवं निष्कर्षों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके बाद ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम (एपीएमएस) के क्रियान्वयन की स्थिति और दिल्ली विधानसभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्रस्तुत रिपोर्टों से संबंधित ‹एक्शन टेकन नोट्स› पर व्यापक चर्चा हुई।

### दुबई में गैंगस्टरों को शरण देने वाला मास्टरमाइंड इलियास खान जयपुर में गिरफ्तार

**जयपुर** : राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के दुबई स्थित नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए उनके मास्टरमाइंड सहयोगी इलियास खान को जयपुर में गिरफ्तार किया है। इलियास लंबे समय से दुबई में रहकर इन गैंगस्टरों को पनाह देने, हवाला के माध्यम से धन पहुंचाने और उनके लिए सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था करने में सक्रिय था। एंटी गैंग टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में डीआईजी योगेश यादव और एएसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने रामगढ़ सेठान, फतेहपुर सीकर में छापेमारी कर इलियास को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस और डीएसटी टीम का भी सहयोग रहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि इलियास खान निवासी वार्ड नंबर 36, थाना रामगढ़, सीकर 2014 से दुबई में रह रहा था। वह दुबई पुलिस में स्टोर कीपर के रूप में कार्यरत था और अपने पहचान पत्र का दुरुपयोग कर गैंग के सदस्यों को शरण देता था। दुबई में भी फर्जी आईडी के उपयोग के मामले में वह गिरफ्तार हो चुका है और जेल की सजा काट चुका है। उसने रोहित गोदारा, वीरेन्द्र चारण और महेन्द्र सारण जैसे गैंगस्टरों को दुबई में ठिकाने उपलब्ध करवाए थे। हवाला के माध्यम से गैंग के लिए धन प्रेषण करता था और गैंग के सदस्यों को इमिग्रेशन संबंधी सूचनाएं प्रदान करता था।

# दूसरे परीक्षण में लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम गौरव ने लक्ष्य पर साधा सटीक निशाना

**एक हजार किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम**



एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव अपने दूसरे परीक्षण में भी खरा उतरा है। ओडिशा के तट पर परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को बिल्कुल सटीकता से मारकर अपनी उपयोगिता साबित की। उड़ान की निगरानी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना को बधाई दी।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम का पहला परीक्षण पिछले साल 14 अगस्त को किया था। डीआरडीओ ने लड़ाकू विमान एसयू-30 एमकेआई से 8-10 अप्रैल के दौरान लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव के सफल परीक्षण किए हैं। उड़ान परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को सटीक निशाना बनाया। परीक्षण प्रक्षेपण के दौरान संपूर्ण उड़ान डेटा को समुद्र तट के किनारे एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए कैप्चर किया गया। उड़ान की निगरानी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने की। विकास सह उत्पादन साझेदार अडाणी डिफेंस और भारत फोर्ज ने भी उड़ान परीक्षण के दौरान भाग लिया। एलआरजीबी गौरव हवा से प्रक्षेपित 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जो लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। प्रक्षेपित होने के बाद ग्लाइड बम आईएनएस और जीपीएस डेटा के संयोजन के साथ अत्यधिक सटीक हाइब्रिड नेविगेशन योजना का उपयोग करके लक्ष्य की ओर बढ़ता है। गौरव को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम गौरव के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना को बधाई दी। उन्होंने इसे सशस्त्र बलों की क्षमता को और मजबूत करने के लिए स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के देश के प्रयास में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि गौरव के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी।

### संसदीय कार्य मंत्री ने दिखाई सादगी : जमीन पर बैठकर की आमजन की सुनवाई

**जोधपुर** : संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को सादगी दिखाते अन्य जनप्रतिनिधियों को अनूठा उदाहरण पेश किया। उन्होंने सर्किट हाउस में जमीन पर बैठकर आमजन की सुनवाई की। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को एयर कंडीशनर चैंबर की बजाय भीषण गर्मी में गार्डन में बैठकर जनसुनवाई की। जमीन पर बैठने की सूचना मिलते ही सर्किट हाउस प्रबंधक शरद बंसल जोगाराम पटेल के पास पहुंचे और कुर्सी की व्यवस्था करने के साथ कुर्सी पर बैठने का आग्रह किया लेकिन मंत्री जोगाराम पटेल ने जनता के साथ जमीन पर बैठकर ही उनकी फरियादें सुनी।

## आदिवासी समुदाय के धूमकुरिया भवन निर्माण की ग्राम सभा स्थगित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाटन (पलामू)** : पाटन के उताकी पंचायत में आदिवासी कला संस्कृत केंद्र व धूमकुरिया भवन निर्माण हेतु ग्राम सभा आयोजित किया गया था। इस भवन निर्माण के लिए एक ही पंचायत में दो जगह पर ज्ञापा क दिनांक के ग्राम बैठक की सूची जारी की गई थी। इसी के आलोक में 11 अप्रैल को पंचायत भवन सभागार में लाभुक समिति का गठन किया जाना था। इस बैठक में मुखिया के अनुपस्थिति के कारण धूम कुड़िया भवन के लाभुक समिति का गठन नहीं हो पाया। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा के निर्देशानुसार बैठक मे अनुपस्थित रहने पर मुखिया प्रतिमा देवी को शो काज किया गया। इस बैठक के संबंध में मुखिया प्रतिमा देवी ने कहा कि एक ही दिन पंचायत भवन में बैठक, और बगबर टोला में बैठक आयोजित किया गया था। जो कि डेढ़ सौ की संख्या में लोग बैठक मे मौजूद रहे। इस संबंध में पंचायती राज पदाधिकारी अहमद हुसैन ने बताया कि धूम कुड़िया भवन निर्माण के लिए एक निर्धारित तिथि जारी की जाएगी।



## राणा को वापस लाने पर केंद्र को बधाई लेकिन काले धन का क्या हुआ : फारूक



एजेंसी

**श्रीनगर** : नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई हमलों के आरोपित तहव्वुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण पर केंद्र सरकार को बधाई दी, लेकिन साथ ही काला धन वापस लाने के वादे को लेकर भाजपा पर कटाक्ष किया। राणा के अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मैं उन्हें बधाई देता हूं कि वह कम से कम किसी को तो वापस लाए। वह काला धन वापस लाने वाले थे और सभी को 15 लाख रुपये देने वाले थे, उसका क्या हुआ। सऊदी अरब के फतवा बोर्ड द्वारा पिछले साल जारी किए गए एक फतवे (इस्लामी फरमान) का जिक्र करते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि किसी को भी इस्लाम के दुश्मनों का समर्थन नहीं करना चाहिए। तोरा, बाइबल और कुरान से एक ही किताब बनाने की कोशिश की जा रही थी, मस्जिद, चर्च और यहूदियों के आराधनालय बनाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन फतवे में साफ लिखा है कि इस्लाम अंतिम धर्म है, कुरान अंतिम किताब है और पैगंबर मोहम्मद अंतिम संदेशवाहक हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस्लाम के उन दुश्मनों का समर्थन नहीं करना चाहिए, जो नरक की ओर जा रहे हैं और जो उनके साथ जाएंगे वह भी नरक में जाएंगे।एक दिन में पहले वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ पीडीपी के विरोध के बारे में एक सवाल पर एनसी प्रमुख ने कहा कि यह अच्छी बात है। उन्हें विरोध करने दें। यह एक स्वतंत्र देश है। वक्फ संशोधन अधिनियम पर पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी इसे लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट जा रही है।

## सदर अस्पताल रांची में एम्बुलेंस ड्राइवर हाफिज मोहम्मद सद्दाम के साथ मारपीट की घटना मौब लिंचिंग से कम नहीं : वारिस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची** : राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि मंगलवार की रात सदर अस्पताल रांची में एम्बुलेंस ड्राइवर हाफिज मोहम्मद सद्दाम के साथ सदर अस्पताल के स्टॉफ ने जो मार पीट किया, उसकी कड़ी शब्दों में मैं निंदा करता हूं, और इसको मॉब लाचिंग से कम नहीं मानता हूं।ज्ञात हो कि हाफिज मोहम्मद सद्दाम गत 8 वर्षों से रांची अंजुमन इस्लामिया हस्पताल में एम्बुलेंस चलाने में अपनी सेवा देता आ रहा है।जिस मरीज़ को रिफर किया जाता है उसको सदर अस्पताल रिम्स, या और भी कोई प्राइवेट अस्पताल पहुंचाते है, उसी क्रम कल रात लगभग 11:30 एक लगभग 12 साल की बच्ची को अंजुमन हस्पताल रांची से सदर रिफर किया गया था। वो बच्ची अपने से चल कर नहीं जा सकती थी इसलिए ड्राइवर हाफिज मोहम्मद सद्दाम वील चेयर मांगने की गर्ज से सदर हस्पताल के अंदर गया और वील चेयर वहां के स्टॉफ से मांगने लगा कि वील चेयर दीजिए बच्ची चल नहीं पा रही है, इसी में सदर अस्पताल के स्टॉफ ने वील चेयर देने से इनकार किया तो ड्राइवर हाफिज मोहम्मद सद्दाम ने वील चेयर लेने के लिए जोर करने पर सदर अस्पताल के स्टॉफ से तू तू मैं हुआ इतने में स्टॉफ लोगों ने हाफिज मोहम्मद सद्दाम को मारने लगे बात तब बड़ी जब पांच छह स्टाफ हाफज़ि मोहम्मद सद्दाम पर घेर कर हमला कर दिए, उनकी काफ़ी पिटाई की गई और दाढ़ी भी नोच गया। दूसरी तरफ से दो औरतें आ रही थी जब एक दाढ़ी टोपी वाले को मार खाते देख भीड़ में घुस कर हाफज़ि मोहम्मद सद्दाम को सदर अस्पताल के स्टॉफ के चंगुल से आजाद कराया, जैसा कि एम्बुलेंस ड्राइवर हाफिज मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि सदर अस्पताल के स्टॉफ मुझे मारते मारते कमरे में ले जा रहे थे ये तो अच्छा हुआ कि दो औरतें पहुंची और मुझे बचाई, हो सकता था वो स्टॉफ लोग मेरी हत्या कर सकते थे।कल रात सदर अस्पताल रांची में घटना घटी है उसका वीडियो है, और सदर अस्पताल के सीसीटीवी में घटना कैद है, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री इरफान अंसारी से कल मुलाकात कर दोषियों पर कड़ी करवाई की मांग करूंगा। ये भी मांग करूंगा कि अस्पतालों में स्टॉफ होने चाहिए न कि गुंडे, अक्सर ऐसा सुनने और देखने को मिलता है कि सदर अस्पताल रांची और रिम्स में पेशेंट और उसके एटेंडेंट के साथ मार पीट होती रहती है, ये तरीका ठीक नहीं है इस में व्यापक सुधार लाने की जरूरत है। क्योंकि सरकार और सरकारी प्रतिष्ठान जनता के पैसे से चलता है इस बात का खयाल होना चाहिए।

### पत्नी थाने पहुंची तो पति ने खुद को लगाई आग, पुलिस ने आग बुझाकर अस्पताल भेजा

**भोपाल** : भोपाल के गौतम नगर थाने के बाहर शुक्रवार को एक युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल पानी डाला और कंबल से युवक की आग को बुझा दिया। इलाज के लिए युवक को अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि युवक की पत्नी थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी। एफआईआर के डर से युवक ने खुद को आग लगा ली। गौतम नगर थाना टीआई महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सूरज ग्यासी (30) मूल रूप से टीकमगढ़ का रहने वाला था। वह टीला जमालपुरा में स्थित हरिजन बस्ती में पत्नी के मायके में रह रहा है। दो दिन पहले पत्नी ने आपसी विवाद के बाद पति के खिलाफ टीला जमालपुरा में एफआईआर दर्ज करा दी थी। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे पति-पत्नी के बीच फिर से विवाद हुआ, जिसके बाद पत्नी शिकायत लेकर गौतम नगर थाने पहुंच गई।


## पत्नी की शिकायत पर जलती चिता से निकाला गया पति का शव, पुलिस जांच में जुटी



एजेंसी

**कानपुर** : जिले के सिद्धनाथ घाट में शुक्रवार मौजूद लोगों के बीच उस वक्त हड़कम्प मच गया। जब घाट पहुंची पुलिस ने जलती चिता पर पानी डलवाकर आग को बुझवाया। इसके बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद पत्नी ने हत्या की आशंका जताकर पुलिस को सूचना दी थी। चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां में रहने वाले सोहन लाल द्विवेदी (32) अपनी पत्नी नीलम और तीन बेटियों के साथ रहते थे। पेशे से वह एक बिजली मिस्त्री थे। घर में उनका छोटा भाई मोहन उर्फ ज्ञानी भी साथ में रहता है। नीलम ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह अपने तीनों बच्चों के साथ अपने मायके बिहार गई थी। बुधवार को देवर ज्ञानू से सूचना मिली कि उसके पति की मौत हो गई है। मौत का कारण पूछने पर उसने कहा कि बस जल्दी आ जाओ। पति की मौत की खबर सुनते ही नीलम अपने भाई प्रदीप के साथ गुरुवार देर रात सनिगवां स्थित घर पहुंची। नीलम बोली कि मेरे पति की मौत नहीं बल्कि हत्या हुई है। क्योंकि उनके सिर से खून बह रहा है लेकिन उसका आरोप है कि घर वालों ने उसकी एक न सुनी बल्कि शुक्रवार को सुबह होते ही शव को जाजमऊ स्थित सिद्धनाथ घाट लेकर पहुंचकर दाह संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। दूसरी तरफ नेहा अपने भाई के साथ थाने पहुंचकर घटना की सारी जानकारी पुलिस को दी। आनन–फानन में पुलिस सिद्धनाथ घाट पहुंची, लेकिन तब तक मृतक सोहन का छोटा भाई ज्ञानू ने चिता पर आग लगा दी थी। पुलिस ने जल रही चिता पर पानी डलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भाई ज्ञानू द्विवेदी का कहना है कि गुरुवार की रात भइया अपना काम निपटाकर घर वापस आए। खाना खाया और अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह जब काफी देर तक नहीं उठे तो उन्हें जगाने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं उठे तब जाकर हमने इसकी जानकारी भाभी के साथ-साथ अन्य रिश्तेदारों को दी।

## पलवल- हनीट्रैप केस में महिला वकील व एएसआई समेत चार गिरफ्तार



एजेंसी

**पलवल** : सदर थाना पुलिस ने हनीट्रैप मामले में एक महिला वकील और एएसआई सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक डॉक्टर से छेड़छाड़ का झूठा केस दर्ज करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। मामला बामनीखेड़ा-दीघोट मार्ग स्थित एक नर्सिंग होम के डॉ. बिजेंद्र सिंह की शिकायत पर सामने आया। एएसपी आयुष यादव ने शुक्रवार को बताया कि डॉक्टर को एक महिला का फोन आया। महिला ने खुद को एडवोकेट पूनम राव बताया। उसने डॉक्टर पर नर्सिंग होम में काम करने वाली लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। महिला वकील ने डॉक्टर को ओमैक्स सिटी बुलाया। वहां उसने डॉक्टर को अपनी गाड़ी में बिठाकर 10 लाख रुपए की मांग की। धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर छेड़छाड़ का केस दर्ज करवा देंगे और सोशल मीडिया पर बदनाम कर देंगे। बातचीत में रकम सात लाख रुपए तय हुई। डॉक्टर ने इस मामले की शिकायत सदर थाना प्रभारी एएसपी आयुष यादव से की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को 6.5 लाख रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से हस्ताक्षर किए गए नोट भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डॉक्टर ने सदर थाना पुलिस इंचार्ज आईपीएस आयुष यादव को इस बारे में पूरी जानकारी दी। जिसके बाद इस बात को एसपी चंद्र मोहन के संज्ञान में लाया गया तो एसपी ने गठित की। टीम ने छह लाख रुपए के नोट हस्ताक्षर करने के बाद नंबर नोट कर लिए। उसके बाद पुलिस ने डॉक्टर और उनकी पत्नी को रुपए देने के लिए एडवोकेट पूनम के घर भेज दिया। डॉक्टर ने छह लाख रुपए दिए तो एक लाख रुपए की और मांग की। डॉक्टर ने 60 हजार रुपए फोन-पे से दे दिए और 40 हजार रुपए बाद में देने की बात कही।

### चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे कमलनाथ

**छिंदवाड़ा** : पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शुक्रवार को चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूँ कि अमेरिका और जापान जैसे देश भी ईवीएम का इस्तेमाल नहीं करते। ईवीएम पर किसी को विश्वास नहीं है। ईवीएम मेनुप्लेट की जा सकती है। कमलनाथ ने कहा कि अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश ईवीएम का उपयोग नहीं करते, क्योंकि उन्हें इसमें छेड़छाड़ की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि जब इतने विकसित देश ईवीएम का इस्तेमाल नहीं करते, तो हमें भी सोचना होगा कि क्या हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है।वहीं कांग्रेस के अधिवेशन पर कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने अपने अहमदाबाद अधिवेशन में संगठन को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की।

## चित्रकोट जलप्रपात अब पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा

एजेंसी



**जगदलपुर** : बस्तर के लिए इंद्रावती नदी सिर्फ एक नदी नहीं है, इसे हम प्राणदायिनी कहते हैं।इसी तरह चित्रकोट जलप्रपात जिसे हम गर्व से 'भारत का मिनी नियाग्रा' कहते हैं अब पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। वर्ष 2019 में भी चित्रकोट पूरी तरह सूख चुका था और आज फिर वही भयावह मंजर हमारे सामने है। चित्रकोट जलप्रपात से इंद्रावती नदी की हालत का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। प्रणदायिनी इंद्रावती एनीकटों के सहारे बस्तर के लोगों की बमुश्किल मात्र प्यास बुझाने का काम कर रही है। जिस दिन चित्रकोट जलप्रपात वर्ष 2019 की तरह सूख जायेगी उस दिन बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती के पूरी तरह सूख जाने का एलान करना बाकी होगा। दो महीने से बस्तर के किसान धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इंद्रावती में पानी लाने की गुहार लगा रहे हैं। जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक, हर विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक किसानों ने ज्ञापन सौंपा, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन खामोश है, सरकार मौन है और बस्तर इंद्रावती में पानी देखने के लिए तड़प रहा है। अगर अब भी सरकार नहीं जागी तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। इंद्रावती बचेगी तो बस्तर बचेगा, इंद्रावती बचेगी तो छत्तीसगढ़ बचेगा। मध्यप्रदेश शासन काल में ओडिशा के साथ समझौता हुआ था कि इंद्रावती का 45 प्रतिशत पानी बस्तर को मिलेगा, मगर अफसोस वह समझौता आज भी फाइलों में धूल फांक रहा है। कांग्रेस-भाजपा की सरकार में इंद्रावती का 45 प्रतिशत पानी बस्तर को मिले इसके लिए बकायदा इंद्रावती प्राधिकरण का गठन कर दिया गया, बावजूद इसके नतीजा वही ढाक के तीन पात। न कोई योजना, न कोई काम, इंद्रावती आज भी प्यासी है। बस्तर आज भी पानी के लिए तरस रहा है। इंद्रावती प्राधिकरण अब चित्रकोट जलप्रपात के पूरी तरह सूख जाने के बाद बस्तर की इंद्रावती के सूख जाने का एलान करेंगी। छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी इंद्रावती का नाम बड़े गर्व से लिया जाता है, लेकिन सच तो यह है कि आज इंद्रावती में पानी नहीं बचा है। किसान भी मायूस है, पर्यटक निराश लौट रहे हैं, चित्रकोट में रोजगार करने वाले दर-दर भटक रहे हैं। चित्रकोट में पानी नहीं है तो बस्तर में पर्यटक भी नहीं आ रहे।